




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 100

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

रविवार | 21 जनवरी, 2024


## जर्मनी से श्रद्धालु पहुंचे अयोध्या, बोले, यह ऐतिहासिक क्षण, प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर अभेद्य सुरक्षा

# 500 साल का इंतजार खत्म, आ रहे हैं श्रीराम

**1** शुक्रवार शाम 7 बजे से अस्थायी मंदिर में रामलला के दर्शन बंद हुए, श्रद्धालु 23 जनवरी से नए मंदिर में दर्शन कर सकेंगे

**2** आज वास्तु शांति के बाद रामलला सिंहासन पर विराजेंगे, सुबह उनका शर्कराधिवास, फलाधिवास और शाम को पुष्पाधिवास होगा

**3** राम मंदिर और प्रतिमा पर राजनेताओं के उठाए सवालों पर रामभद्राचार्य बोले, विनाशकाले विपरीत बुद्धि

**4** सीएम योगी की लोगों से अपील, पैदल कतई न आएं अयोध्या, श्रीराम के लिए पहुंच रहे उपहार

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर का 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह है। इसे लेकर पूरे देश में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। देश-विदेश के कोने-कोने में मेहमानों को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होने के लिए न्योता भेजा रहा है। अयोध्या में 16 जनवरी से शुरू हुए प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शनिवार 20 जनवरी को पांचवां दिन है। 19 जनवरी (चौथे दिन) को रामलला की प्रतिमा की पूरी तस्वीर सामने आई। इसमें पहली बार रामलला का पूरा चेहरा दिखा। प्रतिमा को लेकर शनिवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा से पहले नई प्रतिमा में भगवान की आंखों से कपड़ा नहीं हटा सकते। प्रतिमा में आंखों पर कपड़ा नहीं दिख रहा है तो यह गलत है। इसकी जांच होनी चाहिए। वहीं, राम मंदिर और नई प्रतिमा को लेकर राजनेताओं के उठाए सवालों पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा, विनाशकाले विपरीत बुद्धि। उन्हें कुछ नहीं पता।



## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए पेठा, इत्र, लड्डू, चूड़ी जैसे उपहार आने शुरू

अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों के बीच, भगवान राम के चित्र वाली चूड़ियों से लेकर 56 प्रकार के 'पेठा' तक और लोहा-तांबा से बने 500 किलोग्राम (किग्रा) वजन के नगाड़ा सहित देशभर से उपहारों की वहां बाढ़ सी आ गई है। अयोध्या में 22 जनवरी के समारोह के लिए उपहारों की सूची में कन्नौज से विशेष इत्र, अमरावती से कुमकुम के 500 किग्रा पत्ते, दिल्ली में एक राम मंदिर में एकत्रित अनाज, भोपाल से फूल और मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से, कागज पर 4.31 करोड़ बार 'भगवान राम' लिखे कागज भी शामिल हैं। राम मंदिर प्रबंधन समिति को 108 फुट लंबी अगरबत्ती, 2,100 किग्रा का घंटा, 1,100 किग्रा का एक विशाल लैम्प, 10 फुट ऊंचा एक ताला और चाभी तथा आठ देशों के समय को एक साथ दर्शाने वाली एक घड़ी



सहित अन्य वस्तुएं भी प्राप्त हुई हैं। नेपाल के जनकपुर से 3,000 से अधिक उपहार भी पहुंच चुके हैं। इनमें चांदी के जूते, आभूषण और कपड़े शामिल हैं जो जनकपुर धाम रामजानकी मंदिर से करीब 30 वाहनों के काफिले में लाये गए।



### ओडिशा में विशाल दीया बन रहा

ओडिशा के भद्रक में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को देखते हुए एक विशाल दीया तैयार किया जा रहा है। राम मंदिर और रामलला की नई प्रतिमा को लेकर उठाए जा रहे राजनेताओं के सवालों पर चित्रकूट के जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा, विनाशकाले विपरीत बुद्धि। न्यूज एजेंसी की रिपोर्टर ने पूछा कि प्रतिमा को लेकर कहा जा रहा है ये बाल्यकाल की मूर्ति हैं। कौशल्या की गोद में ऐसी मूर्ति होनी चाहिए, इस पर रामभद्राचार्य ने कहा- उन्हें कुछ नहीं पता।

### प्राण प्रतिष्ठा में ये महंत मौजूद रहेंगे

अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत रविंद्रपुरी दास जी महाराज, महंत महेश्वर दास, उदासीन आश्रम अयोध्या के महंत डॉ. भरत दास महाराज, महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश, महंत त्रिभुवन दास, स्वामी पुष्करानंद, महंत जुनेंद्र मुनि, कोठारी राघवेंद्र, महंत महेश्वर दास आदि उदासीन संप्रदाय के महंत उदासीन ऋषि आश्रम रानोपाली अयोध्या पहुंच चुके हैं। ये सभी 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे।

### प्राण प्रतिष्ठा के पहले रामलला का श्रृंगार

यह फोटो मूर्ति निर्माण कार्यशाला की बताई जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के दौरान कर्म कुटी पूजा की गई थी। कहा जा रहा है कि उस समय प्रतिमा का श्रृंगार किया गया था। एक और बात बताई जा रही है कि गर्भगृह में लाने से पहले रामलला की प्रतिमा को सजाकर देखा गया था। हो सकता है ये तस्वीर उस समय की है। हालांकि अभी तक ट्रस्ट के किसी पदाधिकारी ने इस तस्वीर के बारे में कुछ नहीं बताया है।



### सीएम की अपील, पैदल कतई न आएं

सीएम योगी ने कहा कि पांच सदी के बाद यह अवसर आया है, इसलिए हर किसी के मन में उमंग और उत्साह है। हर श्रद्धालु दर्शन करना चाहता है। जो भावनाएं आपके मन में हैं, वहीं हमारे मन में भी हैं। मेरी अपील है कि बेहतर तालमेल और समन्वय से दर्शन हो पाएगा। अयोध्या में किसी को भी परेशानी नहीं होगी। भीषण शीतलहरी चल रही है। पैदल न आएं। हम जनपदों और राज्यों को व्यवस्था दे रहे हैं। तीर्थ क्षेत्र न्यास से चर्चा कर कार्ययोजना बनाएंगे। सीएम ने अनुरोध किया कि हम सभी का दायित्व है कि अव्यवस्था की स्थिति न बने। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 20 जनवरी को तमिलनाडु के श्री रंगनाथस्वामी मंदिर गए थे। यहां मंदिर की तरफ से पीएम मोदी को अयोध्या ले जाने के लिए उपहार दिए गए।

### 21 व 22 को अयोध्या नहीं जाएगी वंदेभारत

बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज-जफराबाद रेल खंड पर दोहरीकरण कार्य के चलते रेलवे प्रशासन ने 21 व 22 जनवरी को वंदेभारत एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों का रूट बदल दिया है। वंदेभारत एक्सप्रेस दो दिन अयोध्या नहीं जाएगी, इसे गोंडा-बाराबंकी के रास्ते चलाया जाएगा। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के मुताबिक, गोरखपुर जंक्शन से 21 एवं 22 जनवरी को चलने वाली 22549 और 22550 गोरखपुर जं.-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोरखपुर जंक्शन-गोंडा-बाराबंकी के रास्ते चलाई जाएगी। इसके अलावा प्रयागराज संगम से 20 एवं 22 जनवरी को चलने वाली 14231 प्रयागराज संगम-बस्ती एक्सप्रेस मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। प्रयागराज संगम से 19, 20, 21 एवं 22 जनवरी को चलने वाली 14233 प्रयागराज संगम-मनकापुर एक्सप्रेस सुल्तानपुर स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी।

### आलोक कुमार ने सौंपे प्राप्त उपहार

विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार ने कश्मीर, तमिलनाडु और अफगानिस्तान से प्राप्त उपहार श्रीराम मंदिर के यजमान अनिल मिश्रा को सौंपे। इस दौरान उन्होंने कहा, कश्मीर से मुस्लिम भाई-बहन मुझसे मिलने आए और राम मंदिर निर्माण पर खुशी जताई और कहा कि भले ही हम अलग-अलग धर्मों को मानते हैं, लेकिन हमारे पूर्वज एक ही हैं। उन्होंने जैविक रूप से उत्पादित 2 किलो शुद्ध केसर सौंपा। तमिलनाडु के रेशम निर्माताओं ने श्री राम मंदिर का चित्रण करने वाली रेशम की चादर भेजी है...अफगानिस्तान से कुभा (काबुल) नदी का जल श्री राम के अभिषेक के लिए भेजा गया है।

### जर्मनी से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे

22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले जर्मनी से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। इस्कॉन के राष्ट्रीय प्रचारक, युधिष्ठिर गोविंद दास ने कहा, यह एक ऐतिहासिक क्षण है। दुनिया भर के हिंदू भक्त 500 वर्षों से इसका इंतजार कर रहे थे। अयोध्या का पूरी तरह से पुनर्निर्माण किया गया है। इस्कॉन भी 22 जनवरी को दुनिया भर में अपने मंदिरों में एक कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।

### अयोध्या में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अयोध्या जोन के आईजी प्रवीण कुमार ने कहा, हम पूरी तैयारी कर रहे हैं, रिहर्सल भी की जा रही है। हम सभी एजेंसियों के साथ समन्वय कर रहे हैं। ड्रोन के जरिए भी निगरानी की जा रही है। मेहमानों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। हमने सभी लोगों से 23 जनवरी के बाद दर्शन के लिए आने की अपील की है।

### मुझे वही महसूस हो रहा है जो वशिष्ठ जी को महसूस हुआ था

जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा, मुझे वही महसूस हो रहा है जो वशिष्ठ जी को महसूस हुआ था जब राम जी 14 साल के वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे। जगद्गुरु राम लला के मुखमंडल के बारे में बोलते समय एक भक्ति गीत भी गाते हैं और इसका शब्दों में वर्णन करते हैं। अयोध्या राम मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा समारोह को लेकर चल रहे राजनीतिक विवाद पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा, विनाश काले विपरीत बुद्धि, उन्हें कोई ज्ञान नहीं है।

## 22 जनवरी को 10 लाख दीपों से जगमगाएगी अयोध्या



* राम की नगरी सरयू नदी के तटों की मिट्टी से बने दीपों से रोशन होगी

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

महज दो दिन और, 22 जनवरी को श्रीरामलला के दिव्य-भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरा हो जाएगा तो शाम को पूरी रामनगरी 10 लाख दीपों से जगमगाएगी। डबल इंजन की सरकार के आह्वान पर मकानों, दुकानों, प्रतिष्ठानों व पौराणिक स्थलों पर राम ज्योति प्रज्ज्वलित की जाएगी। राम की नगरी सरयू नदी के तटों की मिट्टी से बने दीपों से रोशन होगी। कभी वनवास से वापस आने पर दीप जलाकर अयोध्या में दीपावली मनाई गई थी तो अब प्राण-प्रतिष्ठा पूर्ण होने के उपरांत राम ज्योति जलाकर दीपावली मनाई जाएगी। सात वर्षों से दीपोत्सव का भव्यतम आयोजन करा रही योगी सरकार 22 जनवरी को फिर से दीपों से अयोध्या सजाएगी, जिसका दिव्यतम दीदार दुनिया करेगी।

### 100 मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर जलाए जाएंगे दीप

योगी सरकार ने 2017 में सत्ता संभालने के बाद ही दीपोत्सव का आयोजन कराया था। 2017 में 1.71 लाख दीपों से अयोध्या सजाने वाली योगी सरकार ने 2023 दीपोत्सव में 22.23 लाख दीप सजाकर नया रिकॉर्ड बनाया था। वहीं श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के मुख्य उत्सव के उपरांत भी योगी सरकार की तरफ से पूरी अयोध्या को दीपों से सजाया जाएगा। योगी सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से इसकी भव्य तैयारी की जा रही है। रामलला, राम की पैड़ी, कनक भवन, हनुमानगढ़ी, गुप्तारघाट, सरयू तट, लता मंगेशकर चौक, मणिराम दास छावनी समेत 100 मंदिरों, प्रमुख चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर दीप जलाए जाएंगे।

**रिपोर्ट** अयोध्या में राम मंदिर को लेकर जैश ए मोहम्मद ने दी चेतावनी, हाई अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसी

## जय श्री राम के जयघोष के बीच आतंकी संगठनों की गीदड़ भभकी

जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा

* कहा इसकी हालात अल अक्सा मस्जिद जैसे ही होगी
* इस धमकी के मद्देनजर अयोध्या को हाई अलर्ट पर रखा गया
* सुरक्षा व्यवस्था को और चाक चौबंद किया

**लखनऊ।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के चलते देश भर में श्री राम के जय घोष हो रहे हैं। इससे बौखलाए आतंकी संगठनों में सुगबुगाहट बढ़ गई है। इन संगठनों ने अब गीदड़ भभकी देना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद ने अयोध्या के राम मंदिर को लेकर धमकी दी है। कहा है इसकी हालात अल अक्सा मस्जिद जैसे ही होगी। धमकी के मद्देनजर अयोध्या को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सुरक्षा व्यवस्था को और चाक चौबंद कर दिया गया है। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद ने शुक्रवार रात उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर को लेकर धमकी दी है। जैश ने एक बयान में कहा कि मंदिर का उद्घाटन 'निर्दोष मुसलमानों की हत्या' के बाद किया जा रहा है। इस धमकी के मद्देनजर अयोध्या को हाई अलर्ट पर रखा गया है। वहीं शीर्ष खुफिया सूत्रों ने कहा है कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और सभी जरूरी सावधानियां बरती जा रही हैं। शीर्ष सूत्रों के अनुसार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह से पहले देश की सुरक्षा पहले से ही हाई अलर्ट पर है। सूत्रों ने आतंकी समूह के बयान को निरर्थक बताया है। शीर्ष सूत्रों ने कहा, 'जैश का बयान बेमानी है और वे पाकिस्तान आईएसआई की प्रॉक्सी हैं'।



### अल अक्सा मस्जिद में गैर-मुसलमानों को जाने की अनुमति, प्रार्थना की नहीं

जैश ने अयोध्या के राम मंदिर को लेकर धमकी देते हुए यहां तक कह दिया कि इसकी हालात अल अक्सा मस्जिद जैसे ही होगी। अल अक्सा मस्जिद इस्लाम का तीसरा सबसे पवित्र स्थल है और इसका प्रबंधन जॉर्डन द्वारा किया जाता है। गैर-मुसलमानों को इस स्थल पर जाने की अनुमति है, लेकिन वहां प्रार्थना करने की नहीं।


**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


## प्राण प्रतिष्ठा : सील हुई रामनगरी, बिना पास नहीं मिलेगा प्रवेश

* प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर रामनगरी का सुरक्षा घेरा सख्त किया गया है
* शनिवार की रात से ही जिले समेत अयोध्या धाम की सीमाएं सील कर दी गई हैं

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर रामनगरी सील हो चुकी है। सभी प्रवेश मार्गों पर सुरक्षा घेरा सख्त कर दिया गया है। यहां से बिना पास के किसी को भी प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। सुरक्षा एजेंसियों ने प्रधानमंत्री समेत अन्य अतिथियों के गुजरने वाले मार्ग पर बने मकानों का सत्यापन किया है। इनके छतों पर भी कार्यक्रम के दौरान सशस्त्र जवान मुस्तैद रहेंगे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर रामनगरी का सुरक्षा घेरा सख्त किया गया है। शनिवार की रात से ही जिले समेत अयोध्या धाम की सीमाएं सील कर दी गई हैं। अयोध्या धाम को जाने वाले मार्गों उदया चौराहा, साकेत पेट्रोल पंप, रानोपाली, टेढ़ी बाजार, मोहबरा, बूथ नंबर चार, बालूघाट, नयाघाट, रेलवे स्टेशन आदि पर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त रहेगी। यहां सिविल पुलिस के अलावा अर्ध सैनिक बलों के जवान भी तैनात किए गए हैं। किसी को भी यहां से वाहन लेकर अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। कार्यक्रम स्थल पर सिर्फ अतिथि, व्यवस्था से जुड़े लोग व सुरक्षाकर्मी ही रहेंगे। उदया चौराहा से लेकर लता मंगेश्कर चौक तक दोनों पटरियों पर बैरिकेडिंग की गई है। दुकानों को बंद करने के निर्देश तो नहीं हैं, लेकिन दुकानों के सामने भी बैरिकेडिंग की गई है, जिससे आवागमन बाधित रहेगा। गलियों से प्रवेश करने के मार्ग भी बंद कर दिए गए हैं। प्रत्येक 100 मीटर की दूरी पर सशस्त्र जवान तैनात किए गए हैं। साकेत महाविद्यालय से लेकर सरयू तट तक सड़क के दोनों तरफ बने मकानों में रहने वालों का सत्यापन किया गया है। ड्रोन कैमरों व अन्य तकनीक से इन मकानों में ठहरने वालों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।



### एसपीजी ने कब्जे में ली कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा

प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व एसपीजी का एक और दल अयोध्या पहुंच गया है। अधिकारियों के साथ बैठक करके उन्होंने कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था अपने कब्जे में ले ली है। पांच स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में शामिल सभी सुरक्षा एजेंसियों के जवानों की ब्रीफिंग करके दिशा-निर्देश दिए गए हैं। वीआईपी के ठहरने वाले स्थानों व होटलों पर भी सुरक्षा घेरा सख्त किया गया है। यहां भी किसी के आने-जाने व ठहरने को लेकर एजेंसियां सतर्क हैं।

### डायवर्जन प्लान जारी

"रविवार से रामनगरी में प्रवेश वर्जित होगा। आवश्यक सेवाएं संचालित रहेंगी। सुरक्षा के मजबूत इंतजाम किए गए हैं। अयोध्या के लोग मेजबान हैं, इसलिए व्यवस्था में सहयोग करें। शहर में प्रवेश के लिए डायवर्जन प्लान जारी किया जाएगा।

-शैलेंद्र गौतम, सीओ, अयोध्या

## राम मंदिर के नाम पर बढ़ी साइबर ठगी

### ऑनलाइन प्रसाद-वीआईपी पास का दिया जा रहा झांसा

* पुलिस ने लोगों को इसके प्रति सचेत रहने की अपील की है

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

श्रीराम मंदिर अब साइबर ठगों के लिए भी वरदान साबित हो रहा है। ऑनलाइन प्रसाद, प्राण प्रतिष्ठा व मंदिर परिसर में वीआईपी पास दिलाने समेत अन्य कई झांसे देकर भोले-भाले लोगों को ठगने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए व्हाट्सअप पर लिंक भेजा जा रहा है। पुलिस ने लोगों को इसके प्रति सचेत रहने की अपील की है। एसएसपी राजकरन नय्यर ने बताया कि लोगों की आस्था का फायदा उठाकर जालसाज साइबर ठगी कर रहे हैं। वह श्रीराम मंदिर के नाम पर चंदा लेने के लिए एक फर्जी क्यूआर कोड बनाकर लोगों को व्हाट्सअप पर भेज रहे हैं। उन्होंने राम मंदिर अयोध्या के नाम पर फर्जी वेबसाइट भी बनाई है। मंदिर के लिए वीआईपी पास व प्रवेश के लिए वाहन पास दिलाने का प्रलोभन भी दिया जा रहा है। मुफ्त प्रसाद ऑनलाइन प्राप्त करने का झांसा देकर भी ठगी का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह सभी संदेश व्हाट्सअप समेत अन्य सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा है। इस पर लिंक करते ही लोगों के बैंक खातों से ठगी हो सकती है। अभी तक जिले में ऐसा कोई मामला तो सामने नहीं आया है। लेकिन लोगों को इसे लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर बिना सत्यापन के संदेश का जवाब न दें। न ही किसी को बिना सत्यापन के चंदा दें।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी शिकायतें

**जन एक्सप्रेस। बांदा**



जलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील पैलानी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनशिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ किया जाए, जन शिकायतें अधिक दिनों तक लम्बित नही रहने पाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील पैलानी में कुल 73 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मौके पर 06 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष प्रकरणों को सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को इस निर्देश के साथ दिये गये कि सम्बन्धित आवेदन पत्रों का समयबद्धता से गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराया जाए। समाधान दिवस में राजस्व 39, पुलिस 09, विकास 16, 03 चकबंदी एवं 03 आपूर्ति विभाग तथा अन्य विभाग में संबंधित तीन शिकायतें प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील पैलानी में जन समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने अतरहट निवासी जय देवी ने शिकायत की उसके मकान पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है, इस पर उन्होंने तहसीलदार एवं पुलिस की टीम को भेजकर मौके पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। विकासखंड जसपुरा के ग्राम सिकोला के एक फरियादी द्वारा ग्राम में जल भराव समस्या का निस्तारण करने के संबंध में खंड विकास अधिकारी को जल निकासी की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए। ग्राम पडेरी के फरियादी राम सफ्ल द्वारा लघु सिंचाई विभाग के चेक डैम के निर्माण में फसल का नुकसान होने पर छतपूर्ति किए जाने के संबंध में अधिशासी अभियंता को फसल की छतपूर्ति 3 दिन में निस्तारण करने के निर्देश दिए। अधिशाषी अभियंता को सड़क की मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने गांव पैलानी में पानी की टंकी की पाइपलाइन खराब होने से पानी की आपूर्ति की समस्या का निस्तारण करने के लिए जल निगम के, अधिशासी अभियंता को दिए। जिलाधिकारी ने खपटीहाकला के पशु आश्रय स्थल में तरवाड़ी लगाए जाने तथा पुराने दंगल के मैदान में पेयजल व्यवस्था कराए जाने के संबंध में भी निर्देशित किया। उन्होंने आवास संबंधी प्रार्थना पत्रों पर खंड विकास अधिकारी को पात्रता की जांच कर आवास दिलाए जाने हेतु कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए।

# गैंगस्टर आरोपी को मिली 2 वर्ष की सजा

**जन एक्सप्रेस। बांदा**



थाना तिंदवारी पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट अभियोग के संबन्ध में आरोपी अंसार उर्फ कल्लू पुत्र मुस्तफा निवासी हरदौली थाना बबेरू के विरुद्ध मु0अ0सं0 142/2018धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किए जाने के फलस्वरूप शनिवार को न्यायालय एडीजे वी गैंगस्टर कोर्ट द्वारा आरोपी अंसार उर्फ कल्लू निवासी हरदौली थाना बबेरू को 2वर्ष 3 माह के कठोर कारावास एवं 6 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। तिंदवारी थाना में मुकदमा अपराध संख्या 142/18 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट का दर्ज कर विवेचक निरीक्षक दिनेश सिंह द्वारा संपादित की गई थी। जिस पर न्यायालय प्रभावी पैरवी पैरोंकर रमेश चंद्र कोर्ट मोहर्रिर शांति व विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह के द्वारा कड़ी मेहनत करने के बाद आरोपियों को सजा दिलाया। यह फैसला अपर न्यायालय पंचम विशेष न्यायाधीश गुणेंद् प्रकाश ने यह फैसला सुनाया है इसका एक संगठित गिरोह हैं जिसका गैंग लीडर रज्जब उर्फ हुकमा हैं इसके गैंग में 3 सदस्य हैं जिसमे अंसार उर्फ कल्लू भी हैं। इस गैंग का मुख्य पेशा चोरी, लूट, राहजनी, व छल कपट करके धन कमाना हैं। इस गैंग का आसपास के इलाके में बहुत दहशत हैं जिसकी वजह से कोई इनके विरुद्ध मुकदमा लिखाने और गवाही देने की हिम्मत नहीं करता हैं यह गैंग बहुत ही शातिर गैंग हैं जो गैंग बनाकर अपराध करते हैं।

# भाजपा ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का किया स्वागत

**जन एक्सप्रेस। बांदा**



जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित जिला बैठक में नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों का स्वागत, सम्मान करते हुए संगठन द्वारा जारी विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा कर आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया।

शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित जिला पदाधिकारियों की आवश्यक कामकाजी बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने सर्वप्रथम सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने 22 जनवरी को राम जन्मभूमि अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह अंतर्गत लाइव टेलीकास्ट तथा भंडारा, मठ-मंदिरों में स्वच्छता अभियान, नव मतदाता सम्मेलन, प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना, राम लला दर्शन, अयोध्या कार्य सेवा, दीवार लेखन, मन की बात, बूथ सशक्तीकरण, पीएम स्वनिधि योजना, लाभार्थी संपर्क अभियान, ग्राम संपर्क/ वार्ड संपर्क अभियान की समीक्षा करते हुए सभी मंडल अध्यक्षों से उक्त कार्यक्रमों को पूरे मनोयोग से संपन्न करने का आवाहन किया। उन्होंने प्रत्येक बूथ में सशक्त और मजबूत टीम खड़ी करते हुए प्रत्येक बूथ में कमल खिलाकर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प दिलाया। जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित द्वारा संचालित बैठक को जिला महामंत्री कल्लू सिंह राजपूत तथा विवेकानंद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष प्रेम नारायण द्विवेदी तथा डा0 धर्मेंद्र त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष जागृति वर्मा, जिला मंत्री दिनेश यादव तथा राजर्षी शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष संतु गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी, संतोष नंदन गौतम, दिलीप तिवारी, राजू सिंह फौजी, सोशल मीडिया जिला संयोजक निखिल सक्सेना, जिला आईटी संयोजक दीपक राजपूत, मंडल अध्यक्षों में रामबाबू त्रिपाठी, अमित निगम, रणजीत सिंह, श्याम बाबू पाल, अनूप तिवारी, ओमप्रकाश पांडे, ज्ञान प्रताप सिंह, सौरव शिवहरे, दीपक सिंह, राजेश गुप्ता, राकेश गुप्ता दद्दू, अनूप सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## रानीपुर टाइगर रिजर्व में जंगलराज कायम

# गहरी नींद में मस्त वन अमला

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

सरकार ने रानीपुर वन्यजीव विहार को टाइगर रिजर्व का दर्जा तो दे दिया, लेकिन टाइगर रिजर्व की सुरक्षा को लेकर कोई भी बेहतर इंतजाम नहीं किए गए हैं। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते यहां न वन या वन्यजीव दोनों भी सुरक्षित नहीं है। जंगल मे शिकार और अवैध कटान की इतनी घटनाएं सामने आने के बाद भी डिप्टी डायरेक्टर द्वारा लापरवाहियों पर कार्यवाही न करना जंगलराज का पुख्ता सबूत है। वन अपराधियों पर भी किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं होने से उनके हौसले बुलंद हैं। रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र के मारकुंडी वनपरिक्षेत्र भाग-दो में शिकारियों का भारी आतंक है। छेरिहा, मारकुंडी, खदरा सोसायटी, दररीमाफी आदि क्षेत्र मे करंट प्रवाहित तार लगाकर जंगली जानवरों का धड़ल्ले से शिकार हो रहा है। जगह-जगह लगाए जा रहे करंट से रात मे खेतों की रखवाली करने वाले डरे हुए किसान चिंता जाहिर की है। कृषक रामलाल,सुखदेव का कहना है कि रात्रि मे खेतों की रखवाली करना खतरों से खेलना है। शिकारियों द्वारा बेरोक-टोक करंट लगाया जा रहा है। करंट से लगातार हो रही शिकार की घटनाओं के बाद भी वनविभाग के जिम्मेदार गहरी नींद मे मस्त हैं। आखिर जागेंगे कब? मारकुंडी रेंज के दररीमाफी, छेरिहा, जमुनिहाई, टिकरिया, रुख्मा आदि जंगलों में जमकर हरे पेड़ों की कटान की जा रही है, इससे वन विभाग के रात्रि गश्त के दावे पर सवाल उठ रहे हैं।

जंगल मे खड़े पेड़ों के ठूंठ अवैध कटान की दे रहे गवाही



### जंगल में नहीं हो रही पर्याप्त निगरानी

जंगल मैदान बन गए हैं। मारकुंडी गांव के गौरी शंकर ने बताया कि वन कर्मचारियों की मिली भगत से जंगल के हरे-भरे पेड़ कटवाए जा रहे हैं। इससे हमारे क्षेत्र का घना जंगल अब मैदान नजर आ रहा है। इसकी शिकायत कई बार हम लोगों ने वन विभाग के बड़े अधिकारियों से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे क्षेत्र के लकड़ी चोरों के हौंसले बुलंद है। दीपक ने बताया कि दिन में लकड़ी चोर हरे भरे पेड़ काट कर जंगल में पटक देते हैं। रात के समय ट्रैक्टरों से ले जाते हैं। वन विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं होने से तस्करों के हौसले बुलंद हैं। वन विभाग का रात्रिगश्त का दावा पूरी तरह से झूंठा साबित हो रही है।

### रेंजर रुकने को नहीं तैयार, जंगल में चल रहा अत्याचार

रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय वनाधिकारी मारकुंडी मो. नदीम मारकुंडी रेंज आवास में रहने के बजाय जिले में अपना आवास बना रखे हैं। न जाने क्यों रेंजर से मुख्यालय नहीं छोड़ा जा रहा है। उधर शिकारी और तस्कर जंगल और जंगली जानवरों पर खुलेआम अत्याचार कर रहे हैं। रेंजर के रेंज आवास में न रहने से अधीनस्थ कर्मचारी भी मनमानी कर रहे हैं। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर रेंजर के ऊपर किसकी छत्रछाया है, जो इतनी बड़ी लापरवाही कर मनमानी कर रहे हैं।

### अंधाधुंध कटाई से सिमट रहा जंगल

क्षेत्र का जंगल लगातार कम होता जा रहा है और पेड़ों के स्थान पर खेत आकार ले रहे हैं। जंगल कटने से वन्य जीवों का भी नुकसान हो रहा है। जंगल कटने के कारण उन्हें जंगल छोड़कर भागना पड़ रहा है। गौरतलब है कि इस समय जंगल में अंधाधुंध कटाई की जा रही है लेकिन वन विभाग लकड़ी चोरों द्वारा छोड़ी गई लकड़ी जब्त कर अपनी पीठ थपथपा रहा है। ट्रैक्टरों से लकड़ियों का परिवहन किया जा रहा है। मारकुंडी वन परिक्षेत्र के दररीमाफी जंगल मे विगत दिनों पकड़ा गया लकड़ी से लोड ट्रैक्टर जंगलों में हो रही कटान का पुख्ता सबूत है। इसके साथ जंगलों मे खड़े पेड़ों के ठूंठ अवैध कटान की गवाही दे रहे हैं। इसमें वन विभाग द्वारा लीपापोती कर कार्यवाही के नामपर खानापूर्ति कर ट्रैक्टर को छोड़ दिया जाता है। जिस वन भूमि पर कभी घना जंगल हुआ करता था अब वहां खाली मैदान पडे नजर आ रहे हैं। मारकुंडी वन परिक्षेत्र में हो रही अंधाधुंध कटाई के कारण जंगल के वन्य जीवों की संख्या घटती जा रही है। जंगलों में बचे-खुचे वन्यजीवों का चोरी छिपे शिकार हो रहा है।

## दोषी को मिली दो वर्ष की सजा और अर्थदण्ड

**जन एक्सप्रेस। बांदा**

21 साल पहले एक महिला के साथ बाल अपचारी ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। जिस पर 21 साल बाद किशोर न्याय बोर्ड ने बाल अपचारी को घटना का दोषी माना और उसे 2 वर्ष कठोर कारावास व 10 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है। जिले के कालिंजर थाना क्षेत्र के एक गांव में ग्राम रिंगोली थाना कालिंजर निवासी किशोर ने 10 अप्रैल 2002 को एक महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।

इस सिलसिले में आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर पुलिस ने घटना वाले दिन ही बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया था और 12 मई 2002 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। लेकिन किशोर किशोर न्याय बोर्ड में यह मामला लंबे समय तक लंबित रहा। अभियोजन विभाग से समन्वय स्थापित करके पुलिस ने साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी की। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के फलस्वरुप किशोर न्याय बोर्ड ने आरोपी बाल अपचारी को इस मामले में दोषी पाया।

## विशेष लोक अदालत में कराएं अधिक से अधिक वादों का निस्तारण: जिला जज

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार 22 से 24 जनवरी को एनआई एक्ट के अन्तर्गत लम्बित मामलों के निस्तारण के लिए एवं 29 से 31 जनवरी विद्युत अधिनियम के अन्तर्गत लम्बित वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अध्यक्षता में शनिवार को विशेष लोक अदालतों में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए समीक्षा बैठक हुई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज फर्रूख इनाम सिद्दीकी ने बताया कि जनपद न्यायाधीश द्वारा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण पर विशेष बल दिया गया।

इस मौके पर अपर जिला जज रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, दीपनारायण तिवारी, विशेष न्यायाधीश एससी, एसटी विनीत नारायण पाण्डेय, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट नीरज श्रीवास्तव, त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज संजय कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्तधर दुबे, सिविल जज (सी.डि.) विदुषी मेहा, सिविल जज (जू.डि.) सैफाली यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शिनी, एस आनन्द आदि मौजूद रहे।

## अवैध शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चैकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह तथा आरक्षी आशीष कुमार सिंह द्वारा जवाहरलाल उर्फ छोटू निवासी चैगलिया सीतापुर को 28 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने थानों का निरीक्षण कर दिए साफ-सफाई के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने थाना पहाड़ी और राजापुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में रजिस्टरों का अवलोकन कर अद्यावधिक करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही थाना परिसर में भ्रमण कर, महिला हेल्प डेस्क, विवेचना कक्ष, आरक्षी बैरिक, भोजनालय एवं आवासीय परिसर का निरीक्षण कर सम्बन्धित को साफ-सफाई के लिए निर्देशित किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में निर्माणाधीन आवासीय बिल्डिंग का निरीक्षण कर निर्माणदायी संस्था के ठेकेदार को निर्माण कार्य शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक पहाडी श्यामप्रताप पटेल, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

## बदौसा व दादा इलेवन कर्वी पहुंचे क्वार्टर फाइनल में

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



सदर ब्लॉक के पुरवा तरौहां में शनिवार को मां कालिका देवी क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच परसौंजा और बदौसा टीम व दूसरा मैच सूरज कुंड और दादा इलेवन कर्वी के बीच हुआ। सूरज कुंड स्पोर्टिंग क्लब को हराकर दादा इलेवन कर्वी ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दादा इलेवन कर्वी के फिरोज खान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मैच बदौसा व परसौंजा के बीच हुआ। मैच का शुभारम्भ पीडी यादव ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये बदौसा की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 135 रन बनाये। बदौसा के राजबहादुर ने 56 और बादल ने 23 रन बनाये। परसौंजा के शिवेंद्र ने 4 व रोहित ने 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी परसौंजा की टीम 81 रन बनाकर आल आउट हो गयी और मुकाबला 54 रन से हार गई। बदौसा के 56 रन और 1 विकेट लेने वाले खिलाड़ी राजबहादुर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सुभाष चंद्र मिश्र, मेराज सिद्दीकी, पीडी यादव ने दिया। मैच में अंपायर रोहित यादव और अनिल यादव कॉमेंटेटर इब्रान खान, मनीष, पुनीत त्रिवेदी, रमेश मिश्र, स्कोरर रामकुमार और मनीष कुमार रहे।

इस मौके पर अस्मित, आदित्य कुमार, शिवम निषाद, विश्वनाथ मिश्रा, ओमशंकर, अजय यादव, गौरव मिश्रा, शरीफ खान, गोपाल मिश्रा, ललित त्रिपाठी, हिमांशु त्रिवेदी, अंकुर त्रिवेदी, कल्लू वर्मा आदि मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी पवन मिश्रा ने बताया कि कल का मैच दादा 11 कर्वी (कछार पुरवा) और अहमदगंज के बीच खेला जाएगा।

## डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याएं सुन दिए शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह की उपस्थिति में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन राजापुर तहसील सभागार में हुआ।

जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्या के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है, उस समस्या के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए ताकि वह समस्या ग्रस्त व्यक्ति अपने समस्या के निस्तारण से संतुष्ट हो सके। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से क2 हा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की आज संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं प्राप्त हुई हैं, उनका मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारी तथा थाना प्रभारियों से कहा कि जो भूमि सम्बन्धी मामले हैं, उसमे राजस्व, चकबंदी तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है कि जमीन सम्बन्धी मामलों को तत्काल निस्तारण कराएं। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं से सम्बन्धित मामलों का तत्काल निस्तारण कराए।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने तहसील परिसर के प्रवेश द्वार का फीता काटकर लोकार्पण किये

# दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ प्रतिभाग करने वालों को मिली है सफलता: प्राचार्य

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्वी में चल रहे दो दिवसीय 28वें वार्षिक क्रीडा समारोह के समापन सत्र का शुभारम्भ प्रो योगेश चन्द्र दुबे पूर्व कुलपति जगदुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वरविद्यालय ने किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चैधरी ने कहा कि दो दिन तक चलने वाली इस खेल प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। साथ ही अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कुछ छात्र विजयी हुए तो कुछ छात्र-छात्राएँ सफलता को प्राप्त नहीं कर सके। उन्होंने बताया कि खेल प्रतियोगिताओं में विजय का उतना महत्व नहीं है जितना कि प्रतिभागिता का है। यदि खिलाड़ी सच्चे मन एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करता है तो उसे सफलता अवश्य मिलती है। प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग में माधुरी यादव एमए प्रथम वर्ष तथा छात्र वर्ग में रविकान्त बीएससी प्रथम वर्ष क्रीडा विजेता रहे। इस अवसर पर विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की भी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रीड़ा सचिव डॉ राकेश कुमार शर्मा ने वार्षिक खेल आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ वंशगोपाल ने किया।

इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार पाल, डॉ राम नरेश यादव, डॉ सीमा कुमारी, डॉ मुकेश कुमार, डॉ अतुल कुमार कुशवाहा, डॉ धर्मेन्द्र सिंह, डॉ हेमन्त कुमार बघेल, डॉ नीरज गुप्ता, डॉ आशुतोष कुमार शुक्ला, गौरव पाण्डेय, डॉ रचित जायसवाल, डॉ गजेन्द्र सिंह, डॉ सिद्धान्त चतुर्वेदी, बलवन्त सिंह राजौदिया आदि मौजूद रहे।

## किशुनपुर नगर पंचायत पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**जन एक्सप्रेस। फतेहपुर**

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का कुशल आयोजन किशुनपुर नगर पंचायत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला मीडिया प्रभारी व विजयीपुर मंडल समन्वयक द्वारा सम्बोधन में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2047 तक राष्ट्र को विकसित बनाने का लिया गया है। गरीब को फ्री राशन, पात्र को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी को प्रदान कर संतृप्त किया जा रहा है। वहीं किसानों को बीज खाद के साथ ही किसान सम्मान निधि के रूप में 6 हजार रुपए वार्षिक दिया जा रहा है। मंडल अध्यक्ष रोहित सिंह ने कहा कि आज गांव गरीब किसान महिला युवाओं को उनका हक बिना भेद भाव दिया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सोनकर द्वारा आदर्श नगर पंचायत किशनपुर में सरकार की संचालित प्रमुख योजनाओं पर बिन्दुवार प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री संकल्प यात्रा वैन द्वारा उपस्थित लोगों को नरेंद्र मोदी के सम्बोधन को दिखाया गया।

## संगठन ने तैयार किया नेकी की दीवार, बिना प्रयोग वाले कपड़े दीवार में टांगे

**जन एक्सप्रेस। फतेहपुर**



युवा विकास समिति ने लोगों से अपील किया कि गरीबों की मदद के लिए नेकी की दीवार पर लोग पुराने गर्म वस्त्र रखें। युवा विकास समिति का कहना कि ज्यादातर जरूरतमंद लोग ऐसे भी होते हैं जिन्हें गर्म वस्त्र दिए जाते है तो वे ठंड से कांपते रहते है लेकिन वस्त्र लेने के लिए तैयार नहीं होते। ऐसे में नेकी की दीवार उनकी मदद करेगी। गरीब लोगों को इससे सहायता मिलेगी।

कड़ाके की ठंड को देखते हुए इन युवाओं ने घरों में उपयोग में न आने वाले कपड़ो को लाकर नेकी की दीवार में रख दिया। जहां तमाम गरीब परिवारों को कपड़ा मिल जाने से खुशी जाहिर किया। ज्ञानेंद्र मिश्रा की माने तो समाज मे इस तरह की पहल सबको करनी चाहिए जिससे लोगों को इस कड़ाके की ठंड से बचाया जा सके। वह कपड़ो को फेंके नही बल्कि किसी जरूरतमंद तक पहुंचाए। यह नेकी की दीवार शहर के शादीपुर नाका और डीएम बंगले के पास बनाई गई और अब यह पहल मलवां कस्बे में संचालित किया गया है। यहां लोग अपने घरों के बिना प्रयोग वाले कपड़ों को लाकर रख दें ताकि जरूरतमंद इन कपड़ो को पहन ठंड से बच सके। इस मौके पर संगठन प्रमुख संजय दत्त द्विवेदी, मुकेश, अंकित अग्निहोत्री, विकास मिश्रा उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री ने तांबेश्वर मंदिर में सफाई करके दिया साफ-सफाई का संदेश

**जन एक्सप्रेस। फतेहपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन पर 14 से 21 जनवरी तक चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में जनपद के प्रभारी मंत्री सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग रेशम उद्योग हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान, भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम ने हर गांव अयोध्या, हर मंदिर अयोध्या के तहत् सिद्धपीठ श्री तांबेश्वर मन्दिर परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के तहत गांव के मन्दिरों पर साफ-सफाई की जा रही है और स्वच्छता का सन्देश दिया जा रहा है कि पूरा भारत स्वच्छ हो। प्रभारी मंत्री ने उपस्थित नागरिकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि 22 जनवरी को भगवान श्रीराम अपने पावन धाम में विराजमान होंगे। यह पूरे देशवासियों के लिए गौरव का क्षण है। इस मौके पर भाजपा नेता संजय पांडेय, अनुभव शुक्ला, स्वरूप राज सिंह जूली, अपर्णा सिंह गौतम, कुलदीप भदौरिया, विक्रम सिंह भी मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

अधिकतम (डिग्री/से.) : 11.0 (-9.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री/से.) : 7.0 (-0.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 92 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 85 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.3 किमी/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मिमी) : 0.0
- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# आज अमिताभ बच्चन और साउथ के सुपर स्टार पवन कल्याण का प्लेन कानपुर में उतरेगा

✻ अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में होंगे शामिल

जन एक्सप्रेस | विनीत सिन्हा



**कानपुर नगर।** अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है, 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम निर्धारित है, इस अवसर पर देश की नहीं अपितु पूरे विश्व की निगाहें हैं, ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने के लिए हर कोई आतुर दिखाई दे रहा है,प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा देशभर से लाखों विशेष एवं विशिष्ट अतिथि अयोध्या आ रहे हैं। सुपरस्टार अमिताभ बच्चन और साउथ के फिल्म स्टार पवन कल्याण के चार्टर्ड विमान 21 जनवरी को चकेरी एयरपोर्ट में उतरेंगे, इन दोनों के साथ ही 10 से 11 अति विशिष्ट लोगों के चार्टर्ड प्लेन की पार्किंग चकेरी स्थित एयरपोर्ट पर कराई जाएगी।

विमान अति विशिष्ट लोगों को अयोध्या में उतारने के बाद 21 जनवरी को सुबह से शाम तक यहां पहुंच जाएंगे। दूसरे दिन 22 को तय समय के मुताबिक यहां से उड़कर अयोध्या पहुंचेंगे और अति विशिष्ट लोगों को लेकर गंतव्य शहर के लिए उड़ान भरेंगे। अयोध्या में सीमित विमानों के पार्किंग की व्यवस्था है, जिसमें से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, एक विदेशी मेहमान समेत चार को आरक्षित किया गया है। बाकी पर अति विशिष्ट लोगों को लाने वाले प्लेन उतरेंगे और विभिन्न शहरों में पार्क होंगे। कानपुर एयरपोर्ट डायरेक्टर संजय कुमार के मुताबिक 21 और 22 जनवरी को 10 से 11 विमानों की पार्किंग की व्यवस्था चकेरी एयरपोर्ट पर की जा रही है। अयोध्या में विमानों के पार्किंग की सीमित व्यवस्था होने के कारण प्रधानमंत्री और विदेशी मेहमान समेत चार के लिए आरक्षित किया गया है।

# खनन माफिया ने 1 किलोमीटर तक खोद डाली रजबहे की सरकारी भूमि

✻ सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने दिया चौबेपुर पुलिस को प्रार्थना पत्र

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



चौबेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खनन माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि बीते रात को खनन माफिया ने 1 किलोमीटर तक रजबहें की सरकारी जमीन खोदकर मिट्टी बेच डाली। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को जैसे ही इसकी जानकारी हुई शनिवार की सुबह वह चौबेपुर थाने पहुंचे और खनन माफियाओं के खिलाफ चौबेपुर थाने में प्रार्थना पत्र दिया है।

आपको बताते चलें कि बीते काफी दिनों से लगातार चौबेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। कभी किसी किसान की जमीन खनन माफिया रातों-रात अवैध तरीके से खोज कर भेज डाल रहे हैं। तो कभी सरकारी भूमि की मिट्टी ही खोदकर बेच दे रहे हैं। हद तो तब हो गई जब बीती रात चौबेपुर थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव में लगभग 1 किलोमीटर तक की रजबहें की जमीन ही खोज कर खनन माफियाओं ने बेच दी। सुबह जब सिंचाई भाग के अधिकारियों को इस बात की जानकारी हुई तो सिंचाई विभाग के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल चौबेपुर थाने पहुंचा खनन माफिया के खिलाफ चौबेपुर थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। वही चौबेपुर थाना प्रभारी संजय कुमार पांडे ने भी क्षेत्रीय दरोगा को छानबीन कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## पूरे जनवरी माह जनता को करना पड़ेगा शीतलहर का सामना

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस एन सुनील पाण्डेय ने शनिवार को बताया कि मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक हवाओं की दिशाएं बदलने से न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी हुई जिससे गलन में कुछ कमी आई। लेकिन यह सिर्फ 24 घंटे तक ही सीमित रहा और एक बार फिर हवाओं की दिशाएं उत्तर पश्चिम हो गई। ऐसे में शीतलहर का सामना पूरे जनवरी माह तक लोगों को करना पड़ेगा। आगामी पांच दिन तो जबरदस्त कोहरा के साथ सिहरन भरी सर्दी पड़ने वाली है और पाला पड़ने की भी पूरी संभावना है।

# एलटी थ्री में क्लीनिको पैथोलॉजिकल कॉन्फ्रेंस (सीपीसी) का आयोजन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के एलटी 3 में शनिवार को क्लीनिको पैथोलॉजिकल कांफ्रेंस (सीपीसी) का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्ष डॉ.नीना गुप्ता एवं सचिव डॉ. लुबना ख़ान ने बताया कि सीपीसी में प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को दुर्लभ एवं जटिल रोगों पर गोष्ठी की जाती है। उन्होंने बताया कि हैलट के बाल रोग चिकित्सालय में आज प्रो.रूपा डालमिया सिंह की यूनिट में भर्ती 8 वर्षीय लडकी जो पिछले दो सालों से छाती में दर्द, दिल की धड़कन का बार-बार जोर से धड़कना, सिर में दर्द व अचानक पसीना निकले की शिकायत से परेशान थी फिर व्याख्यान किया गया। उन्होंने बताया कि पूरी जांच करने पर बच्ची को हाइपरटेंशन की बीमारी से ग्रसित पाया गया। जबकि यह बच्चों में कम पाया जाता है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज के इंडोक्रिनोलॉजिस्ट डॉ.शिवेंद्र वर्मा की राय के बाद फुल बॉडी सीटी स्कैन व कुछ हॉर्मोन्स की जांच करने पर मज्जातन्तु के दोनों तरफ सिम्पथेटिक चेन का बड़ा ट्यूमर (पेरागंगलिओमा )पाया गया। इस ट्यूमर से कुछ ऐसे हॉर्मोन्स निकलते रहते हैं जिसकी वजह से ब्लड प्रेशर दवाइयों के चलते भी ठीक नही हो पाता और इसी वजह से इसे ऑपरेशन द्वारा निकाला जाता है। यह आपरेशन बहुत ही गम्भीर होता है व मरीज की जान को खतरा होता है। मगर इलाज के उपरांत आज वो बच्ची पूरी तरह से स्वस्थ है। इस गंभीर बीमारी के इलाज में मेडिकल कॉलेज के अन्य विभाग जैसे कि रेडियोलोजी डॉ. बिट्ठल शुक्ला, पैथोलॉजी डॉ.योगेन्द्र नारायण वर्मा, निश्चेतना विभाग डॉ.नेहा मिश्रा, बाल्य शल्य चिकित्सक डॉ.श्रद्धा वर्मा भी पूरी तरह से मौजूद रहे।

प्राचार्य डॉ.संजय काला व उपप्रधानाचार्य डॉ ऋचा गिरी ने संबंधित सभी विभागों को इस जटिल केस के इलाज के लिए बधाई दी। प्राचार्य डॉ काला ने बताया कि मुख्यमंत्री रोगी कल्याण कोष से इस बालिका को आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई है जिससे यह अब पूर्ण रूप से स्वास्थ है।

# सफाई अभियान चला कल घर-घर दीप उत्सव मनाने का किया आग्रह

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर चलाए जा रहे देशव्यापी स्वच्छता अभियान को लेकर देवस्थानों एवं तीर्थ की साफ-सफाई की जा रही है। जिसके अंतर्गत शनिवार को श्री रामलीला महोत्सव आयोजन समिति जरौली और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विनायक नगर के पदाधिकारीयों, भाजपा जिला महामंत्री प्रबोध मिश्रा, सभी स्थानीय पदाधिकारी, पार्षद संतोष साहू, पार्षद अभय शुक्ला वार्ड 82 सहित कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा संकट मोचन शिव धाम मंदिर मंदिर जरौली, बाबा विश्वनाथ मंदिर नाला रोड, शारदा माता मंदिर हाई टेंशन लाइन नरपत नगर, महादेव मंदिर बर्रा साउथ, संकट मोचन मंदिर गुंजन विहार, बाबा पातालेश्वर मंदिर लक्ष्मण पार्क गुंजन विहार, संतोष बाबा मंदिर, ब्रम्ह देव मंदिर, आदि प्रमुख मंदिरों में सफाई कर आगामी 22 जनवरी को घर-घर दीप उत्सव मनाने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संघ के नगर कार्यवाह सुधाकर तिवारी, बृजकिशोर तिवारी, सुमित सोनी विनय मिश्रा, देवेश सचान, राहुल पाल, वीर सिंह, जितेन सिंह चंदेल, मनोज भदौरिया सहित सैकड़ो राम भक्त मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### आज निकलेगी राम रथ यात्रा

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** अयोध्या में 22 जनवरी को हो रही रामलला जी की प्राण प्रतिष्ठा से ठीक 1 दिन पहले आज़ प.श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति शास्त्री नगर एवं नव ज्योति मानस मण्डल सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था की ओर से शास्त्री नगर छोटा सेंट्रल पार्क से एक भव्य राम रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसको लेकर विजय नगर स्थित एक होटल में आयोजकों ने प्रेस वार्ता की आयोजक राघवेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस रथ यात्रा के माध्यम से जन-जन को जागरूक किया जाएगा, यह यात्रा छोटा सेंट्रल पार्क से शुरू होकर सरोजनी नगर, शास्त्री नगर, सिंधी कॉलोनी, विजय नगर आदि क्षेत्रों में भ्रमण करेगा, जहां भगवान के नौ रथों पर सजीव झांकियों के साथ सुसज्जित होंगे,श्री राम भगवान के गीतों के बीच 30-30 मीटर के भगवा ध्वज बैंड बाजे होंगे और सैकड़ो की संख्या में राम भक्त इस यात्रा में हिस्सा लेंगे। राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति के नगर संयोजक रामकृष्ण त्रिपाठी, सह संयोजक अरूण मिश्रा, हरप्रीत सिंह काके प्रबंधन ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल, यात्रा प्रबन्ध करेगे।



### सांसद ने सुंदरकांड का पाठ कराकर किया प्रसाद वितरण

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** बीते दिन शनिवार को अकबरपुर लोकसभा सांसद देवेंद्र सिंह भोले द्वारा पनकी मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ कराकर प्रसाद वितरण कराया गया। संगीत के साथ प्रारंभ हुए सुंदरकांड को लोगों ने भाव विभोर होकर सुना। सुंदरकांड का पाठ कर रहे लोगों ने सुंदरकांड के बाद भजन गाकर लोगों को झूमने के साथ जय श्री राम का नारा लगाने पर मजबूर कर दिया। रामायण पाठ के बाद सांसद पुत्र विकास सिंह भोले ने बुजुर्ग निषादों के पैर धोकर शाल भेंटकर उनका सम्मान किया। उपस्थित लोगों के बीच सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कहा भारतीय संस्कृति और संस्कारों का पौधा परिवार में हमेशा हरा भरा रहे इसके लिए हर घर में रामायण होनी चाहिए तथा उसका पाठ भी होना चाहिए। बच्चों का जीवन सदैव सदगामी रहे इसके लिए माता- पिता उन्हें प्रभु श्री राम के जीवन से जुड़ी कहानियां भी सुनाएं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिनेश बाजपेई, दिनेश राय, विकास सिंह भोले, अशोक सिंह दद्द, मंडल अध्यक्ष जनक सिंह, राजेश जोशी, चंचल भदोरिया, गौरव द्विवेदी, निर्मल तिवारी, राजेश सेंगर, हेमंत प्रताप सिंह मौजूद रहे।



### किटी क्लब की महिलाओं ने रामायण के पात्रों का निभाया किरदार

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** जैसे-जैसे राम लाल प्रतिष्ठा का समय नजदीक आता जा रहा है वैसे-वैसे लोगों का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। जहां सफाई को लेकर मंदिरों के सामने झाड़ू लगाई जा रही है वहीं महिलाएं मंदिरों में ही भजन गाकर माहौल को राम मय बना रही है। किट्टी क्लब की महिलाओं द्वारा अनिझा रेस्टोरेंट में रामायण के पात्रों राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, हनुमान का रूप धारण कर जय श्री राम के नारों के साथ राम के भजन गाकर रेस्टोरेंट में आए हुए लोगों को झूमकर जय श्री राम बोलने पर मजबूर कर दिया। क्लब के सदस्यों ने कहा अब महिलाएं राम की कहानियाँ सुनकर वही कहानियाँ अपने बच्चों को सुना कर उन्हें भारतीय संस्कृति और संस्कारों से परिचित कर रही है। कार्यक्रम में मंजू जैन, शशि भारद्वाज, सरला सिंह, नीरजा अग्निहोत्री, सुमन सेंगर, मंजूलता चंद्र, रश्मि, अनीता टंडन, लक्ष्मी कपूर साथ रहीं।



### कुलपति ने शोध की परिस्थितियों एवं प्रासंगिकता के विषय में दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में? शनिवार को पीएचडी सत्र 2023- 24 के शोधार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमे कुलपति द्वारा वर्तमान समय में शोध की परिस्थितियों एवं प्रासंगिकता के विषय मे जानकारी दी गई। विश्विद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष प्रो. आशीष श्रीवास्तव द्वारा केंद्रीय पुस्तकालय की सुविधाओं, शोधार्थियों के लिए जर्नल एवं पुस्तकालय के मोबाइल ऐप की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार अवस्थी, निदेशक सीडीसी, कुलसचिव अनिल कुमार यादव, उपकुलसचिव अंजली मौर्या, सहायक अधिष्ठाता डॉ.धनंजय डे, डॉ. दीपेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

# सनातन यात्रा में ग्रेट खली को देखने के लिए उमड़ी जनता

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रावतपुर स्थित रामलला मंदिर से सनातन यात्रा निकाली गई, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए वर्ल्ड चैंपियन रेसलर द ग्रेट खली ने कहा कि बदकिस्मत है समझो उनकी मति मारी गई है जिन्होंने निमंत्रण मिलने के बाद भी अयोध्या जाने से इनकार कर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आवाहन पर आज पूरा देश एक साथ खड़ा है उनके कहने पर लोग घरों में प्राण प्रतिष्ठा के दिन दीए जलाए मैं भी अपने घर में दिए जलाऊंगा और अपने परिजनों के साथ दीपावली मनाऊंगा वहीं रामलला मंदिर में खली ने राम लाल के दर्शन किए। रामलाल कमेटी और श्री राम सेवा मिशन द्वारा आयोजित राम लला से सनातन यात्रा निकाली गई सैकड़ो की संख्या में लोग सनातन यात्रा में शामिल हुए, इस दौरान खली को देखने के लिए भी लोगों को हम हुआ पड़ा रामलाल में दर्शन करने के बाद ग्रेट खली यात्रा में शामिल हुए। सनातन यात्रा के दौरान 10000 पुस्तक भागवत गीता की भी वितरित की गई इसको लेने के लिए लोगों की भीड़ लग गई खली को देखने के लिए कई बार भीड़ बेकाबू हुई हालांकि पुलिस ने भीड़ को संभाल लिया। कार्यक्रम संयोजक राहुल चंदेल रमेश अवस्थी ने बताया कि यह बड़े ही सौभाग्य की बात है कि देश में रामलला का अभी तक यह इकलौता मंदिर है जहां रामलला के रूप में विराजमान है रामलला मंदिर में आयोजन को लेकर यह पहली बार था कि जनवरी महीने में इतना भव्य आयोजन किया वर्ष में रामलला मंदिर में सिर्फ पांच बड़े कार्यक्रम ही होते हैं कार्यक्रम में जुड़ने के लिए बड़ी संख्या में लोग दूर-दूर से पहुंचे वहीं यात्रा में राम और हनुमान की झांकी देखकर लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में पनकी धाम के महंत जितेंद्र दास परमहंस आश्रम के सोमानंद बाबा संघ के प्रांत प्रचारक श्री राम विधायक सुरेंद्र मैथानी भी मौजूद रहे।

# चार बाल अपचारियों को बीपीओ की सक्रियता से चोरी करते दबोचा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



घरों में से चोरी करने वाले चार बाल अपचारियों को थाना रेलबाजार पुलिस टीम ने चोरी किये हुए माल के साथ गिरफ्तार किया है, कानपुर पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बीती 19 जनवरी को शान्ति नगर कैन्ट थाना रेलबाजार निवासी ईरा चटर्जी अपने रिश्तेदार के यहां गयी हुयी थी कि स्थानीय जनता को यह जानकारी हुयी कि कुछ चोर ईरा चटर्जी के घर में प्रवेश कर गए है। तत्काल स्थानीय जनता द्वारा अपने बीट पुलिस आफीसर (क्कक्कह्) हे.का. इकरामुलहक को जरिये दूरभाष अवगत कराया गया। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल थाना रेलबाजार पुलिस द्वारा स्थानीय जनता के सहयोग से मौके से 04 बाल अपचारी जिनकी उम्र 14 से 17 वर्ष है। जोकि चोरी करके भागने के प्रयास में थे, को मय शत प्रतिशत चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। ईरा चटर्जी भी मौके पर आ गयी बाल अपचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

# बीएनएसडी शिक्षा निकेतन के विधार्थियों ने किया श्रीराम-दीप वितरण




जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज बेनाझाबर के विधार्थियों द्वारा सूटरगंज मोहल्ले की सेवा बस्ती, अस्पताल घाट में श्रीराम-दीप वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विधालय प्रबंध समिति की नीतू सिंह एवं संघ चालक भवानी भीख तिवारी के सानिध्य में विधालय के विधार्थियों ने घर-घर जाकर दीप वितरण किया और 22 जनवरी को आयोजित श्रीराम के विग्रह स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सभी लोगों को दीपावली मनाने व राम नाम का स्मरण करने की अपील की। नीतू सिंह ने कहा कि राम जन जन के है, हम सभी के राम ने जो आदर्श प्रस्तुत किया व हमारे लिए अनुकरणीय एवं पूज्य है। इस अवसर पर विधालय के प्रधानाचार्य बृजमोहन कुमार सिंह, उप प्रधानाचार्या मंजूबाला श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ नेताओं ने चलाया साफ सफाई अभियान



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

22 जनवरी को होने वाली श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर मंदिरों मे चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शनिवार को भूपेश अवस्थी, प्रवीण मिश्रा, जितेंद्र अग्निहोत्री, संदीप पांडे और विनय आदि द्वारा निराला नगर स्थित राम मंदिर की साफ सफाई की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनता उपस्थिति रही।

# 7 करोड़ की हेरोइन के साथ आरोपी तस्कर गिरफ्तार



**गिरफ्तार करने वाली टीम में कौन कौन रहा शामिल**

कल्याणपुर थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडे, बाराबंकी एमटीएफ प्रभारी अयुनुद्दीन, उपनिरीक्षक एनटीएफ करुणेश पांडे, उपनिरीक्षक कल्याणपुर उस्मान खान, विजय प्रकाश, सूरज,कुलदीप,सचिन, रवि कुमार,हेड कांस्टेबल आदिल, अरविंद, मनीष, आलोक, विष्णु पाल, अमरपाल शामिल रहे।

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर की पुलिस सीपी अखिल कुमार के निर्देश पर लगातार मादक पदार्थों का व्यवसाय करने वाले जयराम की दुनिया के बेताज बादशाहों की कमर तोड़ने में लगी हुई है, रोजाना अखबारों और टीवी चैनलों के अलावा सोशल मीडिया के समूहों के माध्यम से जनता खबरें देख रही है कि दे दना दन दे दना दन मादक पदार्थ का व्यवसाय करने वाले अपराधी गिरफ्तार कर जेल भेजे जा रहे हैं, बीते दिन शनिवार को डीसीपी पश्चिम की कल्याणपुर पुलिस ने करोड़ों रुपए की हेरोइन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते शुक्रवार की देर रात कल्याणपुर स्थित इंदिरा नगर से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक किलो हेरोइन बरामद हुई। आरोपी ने अपना नाम फतेहपुर निवासी मोश्र रेहान बताया है, श्री ढुल ने आगे बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स से कानपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक नशीले पदार्थ की खेप दिल्ली लेकर जा रहा है। पीछा कर रही एएनटीएफ और कानपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी करते हुए आरोपी रेहान को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी रेहान ने बताया कि वह पहले बाल काटने का काम करता था। उसे लखनऊ से किसी युवक ने हेरोइन दिल्ली पहुंचाने के लिए दी थी। जिसे लेकर वह लखनऊ से कानपुर आया था और दिल्ली जाने के लिए अपने एक साथी का इंतजार कर रहा था। उसने पहली बार यह काम किया है। पुलिस इस तस्करी में लगे इनके गैंग के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। वही गुड वर्क करने वाली टीम को पुलिस कमिश्नर ने 50,000 रुपए देने की घोषणा की है।

# अचानक सीपी पहुंच गए सेंट्रल, किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



कल 22 तारीख को आयोध्या में होने वाले रामलला के भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लकर कानपुर का पुलिस प्रशासन पूरी तरह सर्तक है। जहां सड़कों पर मुस्तैदी के साथ प्रशासन सुरक्षा के मानकों को परख रहा है और संदिग्ध अवस्था की आंशका में पूंछतांछ भी कर रहा है तो वहीं शनिवार को पुलिस आयुक्त कानपुर द्वारा सेंट्रल स्टेशन का निरीक्षण किया गया। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा आयोध्या में आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह को निर्विधन सम्पन्न कराने एवं समारोह में आने वाले अति विशिष्ट तथा श्रद्धालुजनों की सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए सेंट्रल रेलवे स्टेशन का औचक भ्रमण किया गया। इस दौरान पुलिस आयुक्त द्वारा यात्रियों से वार्ता की गयी साथ ही मौके पर उपस्थित थानाध्यक्ष रेलबाजार तथा जीआरपी को असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के साथ-साथ सघन चैकिंग किए जाने तथा यात्रियों के प्रति चैकिंग के दौरान व्यवहार व आचरण अच्छा रखने सहित सुरक्षा सम्बन्धि आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## प्रेमी के शादी से इंकार के बाद, प्रेमिका ने काट ली हाथ की नस

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** 2 साल से चल रहे प्रेम प्रसंग के बाद जब युवती शादी का प्रस्ताव लेकर प्रेमी के पास पहुंची तो उसने मना कर दिया जिससे नाराज होकर युवती ने प्रेमी के घर के बाहर हाथ की नस काट आत्महत्या का प्रयास किया, खून से लथपथ प्रेमिका को प्रेमी घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में छोड़कर भाग निकला, मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को मामले की प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती के परिजनों ने देर रात घाटमपुर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि उनकी बेटी का पड़ोस में रहने वाले युवक के साथ बीते दो वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था युवक शादी का झांसा देकर उनकी बेटी के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा जब युवती ने शादी के लिए दबाव डालना शुरू किया तो युवक युवती से धीरे-धीरे दूरियां बनाने लगा जिससे आहत होकर शुक्रवार देर शाम युवती प्रेमी के घर पर पहुँच गई और प्रेमी संग शादी करने की जिद पर अड़ गई घर के बाहर आवाज सुनकर युवक के परिजन निकले उन्होंने युवक की शादी युवती के साथ करने से इनकार कर दिया जिससे आहत होकर युवती ने हाथ की नस को ब्लेड से काट लिया। युवती को ललुहान हालत में युवक घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करते हुए मौके से भाग निकला जहां डॉक्टर ने युवती का प्राथमिक उपचार किया थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि प्रेमी के घर के बाहर युवती ने हाथ की नस काटी है प्रार्थना पत्र के आधार पर घटना की जांच की जा रही है।

# शिकायतों के निस्तारण हेतु डीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

**सरकारी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को वंचित ना होने दें संबंधित अधिकारी: जिलाधिकारी**

जन एक्सप्रेस। अमेठी




जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तहसील मुसाफिरखाना में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।इस दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डा. इलामारन जी ने सुना।एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। तहसील मुसाफिरखाना में कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तिलोई में 19 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 02 का निस्तारण किया गया।तहसील गौरीगंज में 23 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 04 का निस्तारण किया गया। तथा तहसील अमेठी में 35 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 09 शिकायतों का निस्तारण किया गया। तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन जनसमस्याओं के निस्तारण के प्रति अत्याधिक गम्भीर है। और इसमें उदासीनता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी।उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने कार्यालय समय से पहुंचे व जन समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करना सुनिश्चित कराएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, एसडीएम मुसाफिरखाना सविता यादव, तहसीलदार मुसाफिरखाना सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# शोभा यात्रा के माध्यम से गूंजेगा रामधुन का संदेश

जन एक्सप्रेस। अमेठी



अमेठी के ददन- सदन कार्यालय में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक ओम प्रकाश की उपस्थिति में एक बैठक संपन्न हुई।जिसमे सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजय सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की आगामी बाइस जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम जी के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक कार्यक्रम के पावन अवसर पर रविवार को सुबह ग्यारह बजे एक शोभा यात्रा अमेठी के ददन-सदन कार्यालय से निकलेगी और नगर भ्रमण करने के पश्चात वापस ददन-सदन कार्यालय में आकर पूर्ण होगी। उन्होंने अमेठी वासियों का आवाह्न करते हुए कहा की अमेठी के लोग इक्कीस जनवरी को निकलने वाली शोभायात्रा में हजारों की संख्या में शामिल हों और अमेठी से ऐसी राम धुन का संदेश दें की अयोध्या सहित आसपास के जनपदों में इसकी गूंज पहुंच सके। डॉ संजय सिंह ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर का निर्माण और इसमें जो प्राण प्रतिष्ठा का पवन कार्यक्रम संपन्न हो रहा है। इसका संपूर्ण क्रेडिट हम हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को देते हैं।भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व में आज श्री राम का जय घोष हो रहा है। चारों ओर सभी लोग खुशियां मना रहे हैं।ऐसे में अमेठी भी श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का उत्सव मना रहा है।और अमेठी के हर घर में हर्ष और उल्लास का माहौल है।

## डीएम ने हनुमान मंदिर में पहुंचकर साफ-सफाई व साज सज्जा की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, पूजा अर्चना की

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दृष्टिगत मंदिरों की साफ सफाई साज सज्जा को देखने के लिए ऊंचाहार क्षेत्र के पचखरा गांव में स्थित हनुमान मंदिर पहुंची जहां जनपद के सभी प्रमुख मंदिरों की साफ सफाई व साज सज्जा के निर्देश दिए हैं, जिलाधिकारी हनुमान मंदिर में पहुंचकर साफ सफाई व साज सज्जा का जायजा लेने के साथ ही हनुमान मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की और आशीर्वाद लिया।इस मौके पर एसडीएम ऊंचाहार तहसीलदार दीपिका सिंह विकास खंड अधिकारी ऊँचाहार मौजूद रहे। .

## अयोध्या के लिए रूट डायवर्ट, भारी वाहनों को तीन दिन नहीं मिलेगी इंट्री

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

अयोध्या में वीआईपी लगभग पहुंच चुके हैं, या पहुंचने वाले हैं। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर वहां काफी भीड़ जमा होने वाली है।

ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सुल्तानपुर से अयोध्या को जाने वाले रूट को शनिवार शाम 4 बजे से बंद कर दिया गया है। भारी वाहनों पर पूरी तरह रोक रहेगी। एडीएम प्रशासन पंकज सिंह ने रूट डायवर्जन के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से 20 जनवरी की शाम 4 बजे से अयोध्या जाने वाली सीमाएं सील कर दी गई हैं। 20, 21 और 22 जनवरी तक प्रतिबंध लागू रहेगा। उन्होंने बताया कि जिले की सीमा से रोडवेज बस समेत कोई भी वाहन अयोध्या की सीमा में प्रवेश नहीं कर पाएगा। पास धारकों को ही केवल अयोध्या की सीमा में प्रवेश दिया जाएगा। कोई विशेष जरूरत होगी तो उसके अनुसार प्रशासन उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अयोध्या जाने के लिए पास जारी कर सकता है। अयोध्या कार्यक्रम के चलते रूट डायवर्ट किए जाने को लेकर एक दिन पहले डीएम कृतिका ज्योत्सना व एसपी सोमेन बर्मा और सीडीओ अंकुर कौशिक ने डायवर्जन पाइंट का जायजा लिया था। उच्चाधिकारियों ने टाटियानगर, कटका, कूरेभार व जमोली गेट का निरीक्षण किया। कूरेभार ब्लॉक में एक पार्किंग स्थल चयनित किया गया है। प्रशासनिक तौर पर जानकारी दी गई है कि हलियापुर से अयोध्या की ओर जाने वाले वाले वाहन कूरेभार होते हुए पीढ़ी-सेमरी होते हुए निकलेंगे।

# प्राथमिक शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार: रोजी सिंह

जन एक्सप्रेस। बल्दीराय/सुल्तानपुर



प्राथमिक शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है।समावेशी शिक्षा के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों को समान शिक्षा देने की जरूरत है। यह बातें खंड शिक्षा अधिकारी रोजी सिंह ने कहीं। ब्लॉक संसाधन केंद्र बल्दीराय पर आयोजित पांच दिवसीय शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित कर रही थी। उन्होंने कहा कि समावेशी शिक्षा में सबसे पहले दिव्यांग बच्चों की विशेष आवश्यकताओं की पहचान का निर्धारण किया जाना है। संदर्भ दाता अखंड सिंह, राकेश, हरेंद्र व विवेक ने प्रशिक्षणार्थियों को समेकित शिक्षा के बारे में बताया। प्रशिक्षक अखंड सिंह ने बताया कि समा वेशी शिक्षा एक ऐसी प्रणाली है जिसमें सभी प्रकार के छात्र विशिष्ट या दिव्यांग के लिए एक ही स्तर की जांच की जाती है। इस प्रणाली का उद्देश्य बौद्धिक-शैक्षिक स्तर की जांच के बाद छात्रों को उनके व्यक्तिगत क्षमताओं और आवश्यकताओं के आधार पर शिक्षा प्रदान की जाए। संविधान में यह अधिकार दिया गया है कि समावेशी शिक्षा में जो सामान्य गतिविधियां और तौर तरीके सभी विद्यार्थियों के लिए होते हैं उनका लाभ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को भी मिले, जिससे वे केवल विशेष सुविधाओं वाली शिक्षा व्यवस्था पर निर्भर ना रहे। प्रशिक्षण में अशोक कुमार दुबे कंपोजिट विद्यालय भवानी शिवपुर, शशि कांत दुबे,अशोक कुमार यादव, निहाल अहमद, निशात अंजुम, रमेश कुमार यादव,दिनेश कुमार सिंह, सुरेश चंद्र सिंह, अमित सिंह, दयाशंकर, मुकेश कुमार, परवेज आलम, शारदा प्रसाद, इंदुमती, संतभुआल, हीरालाल यादव समेत 100 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभा किया।

# चना-अरहर की फसल कोसों दूर, झुंड के साथ खेतों को पहुंचा रहे नुकसान

**नीलगाय हरी-भरी फसलों को खाने से ज्यादा पैरों से करते हैं बर्बाद, फसल बचाना हुआ मुश्किल, किसानों ने शासन-प्रशासन से लगाई गुहार**

जन एक्सप्रेस। बाजार शुक्ल, अमेठी



क्षेत्र में इन दिनों नीलगायों का आतंक बढ़ गया है। वह किसानों की खेत में फसल बर्बाद कर रहे है। रात की अंधेरा हो या फिर दिन का उजाला हो इससे इन नीलगायों को कोई परहेज नहीं है। खेत में झुंड के झुंड पहुंच कर खेत में लगी फसल को भारी नुकसान पहुंचा रही हैं।

इनके आतंक से किसान कई फसलों को लगाना छोड़ दिए हैं। चना एवं अरहर की खेती दिनों दिन इस इलाके में कम होती जा रही है। किसानों का कहना है कि जैसे ही इन फसलों का फूल तैयार होता है वह नीलगायों का निवाला बन जाता है।खाने से ज्यादा इनके पैरों से फसल की बर्बादी होती है।अगर फसल को बचाना है तो किसानों को अपने खेतों में जाल लगाकर या रतजगा कर फसल को बचाने की मजबूरी हो गई है। तभी फसल बच पाएगी अन्यथा किसानों के घर तक फसल पहुंच पाना मुश्किल काम हो गया है। वन्य प्राणी होने की वजह से इन नीलगायों को कोई मार भी नहीं सकता है।ऐसे में आखिर किसान करे तो क्या करे। समस्या किसी एक गांव के किसानों की नहीं बल्कि, हर जगह एक समान स्थिति है।क्षेत्र के किसानों ने नीलगाय के आतंक मुक्त से शासन प्रशासन से गुहार लगाई है।

## रेलवे पुलिस ने चोरी समेत कई मामलों में वांछित को धर दबोचा

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर




पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ प्रशान्त वर्मा के निर्देशन में ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर चोरी लूट और जहरखुरानी की घटनाओं की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे विकास कुमार पाण्डेय के कुशल पर्वेक्षण में व थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार पाण्डेय व उनकी टीम ने

अशगर पुत्र मो0 कल्लू (24 वर्ष)को रेलवे स्टेशन सुल्तानपुर के प्लेटफार्म नं0 01 के दक्षिणी छोर पर बने यातायात निरीक्षक कार्यालय गेट के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अभियुक्त कुड़वार बाजार थाना कुड़वार का रहने वाला है। पूर्व में भी इस पर कई मुकदमे दर्ज है।

## भगवान श्रीराम यात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त राम भक्तों को आमंत्रित करने के उददेश्य से उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम रायबरेली डिपो द्वारा निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा का शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। इसी क्रम में दीवानी कचेहरी के पास वरिष्ठ व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी के नेतृत्व में व्यापारियों ने श्रीराम यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री रस्तोगी ने कहा कि भगवान राम के जीवन से हमें करूणा और दयालुता की शिक्षा प्राप्त होती है, हमें हमेशा दूसरों के साथ सम्मान और दया का व्यवहार करना चाहिए। क्षमा एक शक्तिशाली उपकरण है, जो हमें जीवन में आगे बढ़ने में मदद करता है। उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम रायबरेली डिपो के एआरएम एम.एल. केसरवानी ने कहा कि भगवान राम अपने संयम और अनुशासन के लिए जाने जाते हैं, कठिन समय होने पर भी उन्होनें सदैव धर्म का मार्ग अपनाया। उन्होनें कभी भी अपनी इच्छाओं का प्रलोभनों के आगे घुटने नहीं टेके और हमेशा अपने सिद्धान्तों के प्रति समर्पित रहे।

# खेल को खेल की भावना की तरह खेला जाए: खालिद खान

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



बल्दीराय क्षेत्र के ग्राम सभा नन्दौली में 15 जनवरी से एक विशाल लेदर टूर्नामेंट बाबा नूर शहीद के नाम से आयोजन हुआ है। इस ग्राउंड पर आज कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता खालिद खान उपाध्यक्ष, बाबरपुर (दिल्ली) उपस्थित हुए और अपने सहयोगियों के साथ ग्राउंड पर फीता काटकर उत्साह बढ़ाया और आए हुए मेहमान का खिलाड़ियों ने स्वागत किया। खालिद खान ने सभी खिलाड़ियों से परिचय लिया और कहा कि आप लोग खेल को खेल की भावना से खेलें मेहनत का प्रदर्शन करें जिससे आप सब की प्रतिभाएं बाहर निकाल कर आए और मेरा यहां पर उपस्थित सभी लोगों से निवेदन है कि यह टूर्नामेंट पूरी ईमानदारी से खेला जाए और जो खिलाड़ी जितना अच्छा प्रदर्शन करें उसे उसी अनुसार सम्मानित किया जाए और इस टूर्नामेंट में मैं सहयोगी हूं और सदैव सहयोगी रहूंगा। खालिद खान खुद एक खिलाड़ी हैं उनका बचपन से ही खेल में बहुत रुचि रखते थे वो क्रिकेट के अपने समय में जाबाज खिलाड़ी थे और उनकी सोच सदैव जीत की रहती थी वो विजेता बनने के लिए बहुत संघर्ष करते थे। इसीलिए आज उन्होंने ग्राउंड पर उपस्थित दर्शकों से कहा कि इंसान अपने अंदर ये सोच रखे की हमे यहां जीतना है या कामयाब होना है तो वो एक दिन अवश्य सफलता पा लेता है और अगर मन में डर बसा लिया तो वो हार की तरफ अग्रसर हो जाता है। खालिद खान की इन बातो को सभी दर्शकों ने खूब सराहा और तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। खान ने कहा आप लोगो ने जो सम्मान हमे दिया मैं उसे सदैव याद रखूंगा और प्रतियोगिता के कमेटी सदस्यों के प्रति आभार जताया।बाबा नूर शाहिद खेल मैदान पर मुख्य अतिथि खालिद खान के साथ गुलाम हैदर उर्फ बब्बू, पत्रकार आबाद अहमद, मोहम्मद कैफ, साबित अली, कमर उल्लाह उर्फ मोनू बीडीसी, मास्टर हकीक खान, समीम खान, सुल्तान खान, आजाद खान, सफीक अहमद लल्लन अहमद के साथ दोनों टीम के खिलाड़ी व सैकड़ो दर्शक मौजूद रहे।

## बिना अनुमति महिला का किया गर्भपात अस्पताल संचालक समेत चार पर मुकदमा

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

सरकारी अस्पतालों और प्राइवेट हॉस्पिटलों का गठजोड़ धड़ल्ले से चल रहा है। जहां मरीज की अनुमति के बिना गर्भपात किया जा रहा। मरीज की जान पर बन रही तो मौत की दुकान सजाये बैठे झोलाछाप हाथ खड़े कर देते हैं। ऐसा ही एक मामला नगर के श्ख्वाजा हॉस्पिटलश् का प्रकाश में आया है। यहां महिला के गर्भपात के मामले में चार के विरुद्ध कोतवाली नगर में केस दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार जिले के मोतिगरपुर थाना अंतर्गत पठखौली गांव निवासी मोहम्मद इस्माइल की गर्भवती पत्नी अमरीन बानो का स्वास्थ्य 23 अक्तूबर को बिगड़ गया। इस्माईल पत्नी को लेकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थय केंद्र मोतिगरपुर लेकर गया। वहां हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सीएचओ रूपम आर्या ने अमरीन को देखा।इस्माईल का आरोप है कि रूपम ने नगर के प्यारेपट्टी रोड स्थित ख्वाजा हास्पिटल का खुद को एमडी बताते हुए अमरीन को वहां भर्ती कराने के लिए कहा। 27 अक्तूबर को रूपम आर्या अमरीन को ख्वाजा हास्पिटल लेकर पहुंची और यहां तीन दिन तक उसे भर्ती कराकर रूपम ने इलाज किया। बताया जा रहा है कि तीसरे दिन यहां डॉ. शहबाज ने अल्ट्रासाउंड करवाने को कहा। इस्माईल अल्ट्रासाउंड के बाद किसी काम से बाहर गया तो इसी समय डॉ. शहबाज अहमद ने एक महिला (रिंकी) को बुलाकर बिना सहमति के अमरीन का गर्भपात कर दिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि खून न रुकने पर अस्पताल से अमरीन को बिना कागजात के ही रेफर कर दिया गया। इस्माईल पत्नी को लेकर वाराणसी गए जहां अस्पताल में जांच में पता चला कि अमरीन के पेट में बच्चे का सिर व हाथ मौजूद था।पांच जगह से बच्चेदानी फटी थी। वाराणसी में इलाज के बाद किसी तरह डाक्टरों ने अमरीन की जान बचाई।इस्माईल ने बताया कि इलाज में उसके करीब सात लाख रुपये खर्च हो गए। पत्नी की हालत सुधरने पर इस्माईल ने कोतवाली नगर में रूपम आर्या, डॉ. शहबाज खान, डॉ. नदीम खान व रिंकी के खिलाफ बिना सहमति गर्भपात करने का केस दर्ज कराया है।

## प्रगतिशील किसान जमील को मिला राजभवन से गणतंत्र दिवस का निमंत्रण

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर बल्दिराय तहसील क्षेत्र के रहने वाले प्रगतिशील किसान जमील अहमद को राजभवन से 75वें गणतंत्र दिवस पर्व पर बुलावा आया है। बताते चलें कि श्री अहमद ने खेती किसानी में लगातार प्रयोग करते हुए कई प्रकार के अनाज,फल व सब्जियों में इतिहास बना दिया है। श्री अहमद के फार्म हाऊस पर होने वाली खेती को कई नामचीन हस्तियों ने जाकर देखी व उपज की वास्विकताएं भी जानी। खेती किसानी से जुडें कई वैज्ञानियों ने भी प्रगतिशील किसान जमील अहमद की काबिलियत का लोहा माना है। पूर्व में भी प्रदेश की राजपाल से शरी अहमद ने भेट कर उन्हें अपनी उपज का अवलोकन कराया है। इसबार उन्हें प्रदेश की राज्यपाल की तरफ से 75वें गणतंत्र दिवस पर न्योता मिला है, निमंत्रण मिलने से क्षेत्रवासियों में खुशी छाई हुई है। उधर प्रगतिशील किसान जमील अहमद भी काफी उत्सुक दिखाई दे रहे हैं।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित मदन मोहन मिश्र जी की मनाई गई पुण्यतिथि

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित मदन मोहन मिश्र जी की 30वीं पुण्यतिथि शनिवार को उनके निज निवास में मनाई गई। उनके बड़े पुत्र स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी बोर्ड के जिलाध्यक्ष अनिल मिश्रा ने बताया कि मेरे पिताजी ने ÷सेनानी सेवा सदन÷का निर्माण और ÷भूला जनपद-बिखरा इतिहास÷ का पुन- प्रकाशन ऐसे ड्रीम प्रोजेक्ट कब पूरे होंगे? रायबरेली आजादी के आंदोलन में अपनी मुखर सहभागिता और इसे नई दिशा दिलाने में अपने जीवन को समर्पित करने वाले स्वाधीनता आंदोलन के अमर रणबांकुरे को भूलना देश को इतिहास के आईने से धूमिल करना होगा। माटी की महक से वंचित करना स्वाधीनता के आदर्शों को तिरोहित करना है। जिले में स्वाधीनता की मशाल को प्रज्वलित करके उसे जन आंदोलन का स्वरूप दिलाने और इसे गौरवान्वित कराने में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करने वाले पंडित मदन मोहन मिश्र के योगदान को भी लोग भूलते जा रहे हैं।

स्वतंत्र भारत की अभिलाषा रखने वाले पंडित मदन मोहन मिश्र के कार्यो, आदर्शों को भूलना इतना आसान नहीं होगा। श्री मिश्र जी ने अपने परिश्रम एवं नेतृत्व में 7 जनवरी 1921 के मुंशीगंज गोलीकांड के प्रतीक **शहीद स्मारक** को बनवा के 12 सितंबर 1987 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी एवं उनकी धर्मपत्नी सोनिया गांधी के से देश के नाम लोकार्पित कराया था। यही शहीद स्मारक आज जिले का प्रमुख आकर्षण का केंद्र बन गया है। 16 जनवरी 1917 को जन्मे और 20 जनवरी 1994 को निर्वाण पाने वाले पंडित मदन मोहन मिश्र ने जिले के सभी प्रमुख शहीद स्थलों का निर्माण और वहां वृहद कार्यक्रम आयोजित करवाने में प्रमुख सहयोग किया था। आजादी से पूर्व इंदिरा जी के सक्रिय सदस्य रहे पंडित मदन मोहन मिश्र 1974 से जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन के आजीवन अध्यक्ष रहे हैं।

आप सदर विधानसभा क्षेत्र से 1967 से 1974 तक दो बार विधायक रहे। श्री मिश्र 1987 से अपने अंतिम समय तक उत्तर प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष रहे हैं। जिले में आईटीआई लिमिटेड की स्थापना में पंडित मदन मोहन मिश्र ने अथक प्रयास किए थे और श्रीमती इंदिरा गांधी से कहकर जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को यहां पर रोजगार दिलाने का महानतम कार्य किया था। अपने तेजतर्रार व्यक्तित्व एवं कड़क आवाज के लिए चर्चित और पंडित जी के नाम से बुलाए जाने वाले पंडित मदन मोहन मिश्र ने **भूला जनपद-बिखरा इतिहास** नामक पुस्तक को प्रकाशित कराकर जिले के सेनानियों के इतिहास को एक सूत्र में पिरोने का कालजई कार्य किया था। इस पुस्तक का लोकार्पण राजीव गांधी जी ने किया था। पंडित जी ने 1950 से समाचार पत्र **जनता राज** का प्रकाशन एवं संपादन करके देश को मार्गदर्शित तथा जनता की आवाज को बुलंद किया था स्वतंत्रता सेनानियों, साहित्यकारों एवं बुद्धिजीवियों के ठहरने की व्यवस्था हो और जनपद की सांस्कृतिक स्मृतियों को संजोने के लिए एक संग्रहालय हो।

पंडित जी ने अपने जीवन काल में इसके लिए अनेकों प्रयास किए थे परंतु वे अधूरे रह गए हैं। उत्तराधिकारी संगठन के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्र उनके अधूरे कार्यों को कराने में सतत प्रयत्नशील हैं। जनपद की सांसद श्रीमती सोनिया गांधी जी से वे लगातार मिलकर इस ड्रीम प्रोजेक्ट को पूरा कराने में लगे हैं।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मार्शल आट्र्स कलारीपयट्टू में रायबरेली के दो खिलाड़ियों का चयन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



खेलो इंडिया यूथ गेम्स के मार्शल आट्र्स कलारीपयट्टू में रायबरेली खिलाड़ियों का चयन हुआ है । 19 जनवरी से 31 जनवरी 2024 में आयोजित छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स के अंतर्गत कलारीपयट्टू प्रतियोगिता का आयोजन तिरुचिरापल्ली के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया जा रहा है । खेलो इंडिया कलारीपट्टू प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की तैयारी के लिए उत्तर प्रदेश संगठन द्वारा चौक स्टेडियम में विशेष प्रशिक्षण के लिए केरल से बुलाए गए राष्ट्रीय चैंपियन और कलारी एक्सपर्ट अंबरीश कुमार द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया गया। आयोजित कैंप के उपरांत कल 19 जनवरी को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भी चौक स्टेडियम में किया गया। जिसमें मार्शल आर्ट कलारीपयट्टू खेल में रायबरेली मार्शल आर्ट एकेडमी के 02 खिलाड़ियों ने 03 मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया, जिसमें आराध्या शुक्ला ने दो इवेंट में पार्टिसिपेट किया जिसमें सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल अर्जित किया आराध्या शुक्ला कृपलानी सरस्वती शिशु मंदिर रतापुर में क्लास 2 की छात्रा है, वहीं प्रतीक सिंह ने फाइट इवेंट में गोल्ड मेडल जीता । प्रतीक सिंह पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिविल लाइन रायबरेली के क्लास 8 के छात्र है। दोनो खिलाड़ी रायबरेली मार्शल आर्ट एकेडमी ओम नगर निकट पीएसी कॉलोनी गोरा बाजार के खिलाड़ी है दोनों खिलाड़ियों खेलों इंडिया यूथ गेम्स में अपनी जगह बनाई है इस मौके पर मास्टर राकेश कुमार गुप्ता ने शुभकामना देते हुए कहा कि रायबरेली के खिलाड़ी लगातार जिले का नाम रोशन कर रहे हैं।

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । रविवार । 21 जनवरी 2024



# दूसरे दलों से जब भी गठबंधन किया धोखा मिला, टूटा कार्यकर्ताओं का मनोबल : मायावती

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर दोहराया है कि वह अब किसी भी दल से चुनावी गठबंधन या समझौता नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि बसपा ने जितनी बार दूसरे दलों से गठबंधन किया उतनी बार धोखा ही खाया है। ऐसे में बसपा को बार-बार हार का सामना करना पड़ा है। इसलिए अब किसी भी दल से गठबंधन करना होशियारी भरा कदम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन के कड़वे अनुभवों के चलते जहां कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटता है, वहीं, पार्टी का मिशन भी कमजोर होता है। बसपा सुप्रीमो शनिवार को यहां यूपी और उत्तराखंड के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर रही थीं। पिछली बैठकों में दिए गए निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट लेने के बाद उन्होंने कहा कि बसपा सर्वसमाज में पार्टी की पकड़ बढ़ाने के साथ ही संगठन को मजबूत करके पार्टी इस बार लोकसभा चुनाव में उतरेगी। उन्होंने पदाधिकारियों को हर दिन सेक्टर व बूथ स्तर पर छोटी-छोटी कॉडर की मीटिंग करने के निर्देश दिए है। यह मीटिंग प्रत्येक विधानसभा में भी होगा और बैठक में प्रत्येक जातियों को जोड़ने का काम बसपा के पदाधिकारियों और जनल कोआर्डिनेशन को करना होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अकेले दम पर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है, इसलिए कार्यकर्ताओं पर ही बेहतर परिणाम लाने की जिम्मेदारी है। मायावती ने कहा कि देश भर में कमरतोड़ महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी से करीब 81 करोड़ जनता बेहाल है। मौजूदा सरकार ने इन्हें सरकारी अनाज के भरोसे छोड़ दिया है। इनके स्थाई रोजी-रोटी की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। देश के करोड़ों किसानों, मजदूरों, गरीबों और मेहनतकश लोगों का हित प्रभावित हो रहा है। उन्होंने इन मुद्दों को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाने का भी निर्देश दिया है।

### धर्म का राजनीतिकरण ठीक नहीं

बसपा सुप्रीमो ने कहा कि जिस तरह से पहले राजनीति का अपराधीकरण हुआ और इसके बाद अपराध का राजनीतिकरण किया गया। अब उसी तरह धर्म का भी राजनीतिकरण किया जा रहा है। किसी भी दल का नाम लिए बगैर मायावती ने कहा कि वर्तमान में चुनाव फायदा लेने के लिए जिस तरह से धर्म का राजनीतिकरण किया जा रहा है वह ठीक नहीं है।

## स्पीकर सतीश महाना छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रबोधन कार्यक्रम में हुए शामिल

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ आज यूपी असेम्बली के स्पीकर सतीश महाना के साथ छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रबोधन कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना आज छत्तीसगढ़ विधानसभा (षष्टम) के सदस्यों के प्रबोधन कार्यक्रम में शामिल हुए। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने विधानसभा सदस्यों की सदन की जहाँ बारीकियों की जानकारी दी। वही स्पीकर सतीश महाना विधायकों को सदन में अपने क्षेत्र की समस्याओं की बात उठाने के लिए प्रेरित किया।

## विधानमंडल का बजट सत्र दो फरवरी से, अधिसूचना जारी, चुनावी साल में आ सकता है लोक लुभावन बजट



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

विधानमंडल का बजट सत्र दो फरवरी से आहूत होगा। योगी सरकार की ओर से शुक्रवार देर शाम विधानमंडल के बजट सत्र का प्रस्ताव कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूर किया गया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को सत्र के आयोजन की अधिसूचना जारी की। विधानमंडल के बजट सत्र में पांच या छह फरवरी को बजट पेश किया जा सकता है। चुनावी वर्ष में सरकार यूपी का सबसे बड़ा बजट पेश करेगी, बजट का आकार करीब 7.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है। जानकारों का मानना है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बजट में सरकार राष्ट्रवाद, विकास, नौजवान, महिला और किसान पर फोकस करेगी। बजट सत्र के लिए सर्वदलीय बैठक 1 फरवरी को होगी। उसी दिन कार्यमंत्रणा समिति की बैठक भी होगी। सूत्रों के मुताबिक बजट सत्र 9 फरवरी तक संचालित कराने की योजना है। हालाकि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना सत्र को करीब दस दिन चलाने का प्रयास कर रहे हैं। बजट सत्र में प्रयागराज के बहुचर्तित उमेशपाल हत्याकांड की न्याायिक जांच रिपोर्ट और माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या की न्यायिक जांच रिपोर्ट भी पेश की जाएगी। निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के प्रस्तावों को भी मंजूरी मिल सकती है।

# अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण–प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सी.एम.एस. में हुआ 'सुंदरकांड पाठ'



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सिटी मोन्टेसरी स्कूल के शिक्षकों व कार्यकर्ताओं ने अयोध्या के नवनिर्मित दिव्य-भव्य मंदिर धाम में प्रभु श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आज 'सुंदरकांड पाठ' का आयोजन किया। सी.एम.एस. प्रधान कार्यालय में एक आध्यात्मिक एवं पवित्र वातावरण में आयोजित प्रभु के गुणगान में सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी एवं सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन के साथ ही शिक्षकों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने भक्ति भावना के साथ सुंदरकांड की चौपाइयां को सस्वर वाचन किया। इस अवसर पर सी.एम.एस. कार्यकर्ताओं के भक्ति भाव ने आध्यात्मिक उल्लास का अभूतपूर्व वातावरण सृजित किया। सुंदरकांड का शुभारम्भ सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी द्वारा प्रभु श्री राम के गुणगान से हुआ। इस अवसर पर सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने प्रभु श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि 22 जनवरी को दिन पूरे देश के लिए गौरवभरा दिन होगा जब अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होगी। यह दिव्य मंदिर पूरे देश के लिए एकता, आध्यात्मिकता एवं सांस्कृतिक धरोहर साबित होगा। डा. गाँधी ने मंदिर निर्माण में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अटूट संकल्प हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले सभी भक्तजनों के प्रति भी हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने प्रभु श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा की बधाई देते हुए कहा कि यह मंदिर निर्माण लोक कल्याण की भावना से प्रेरित है। उन्होंने सभी से अपील की कि 22 जनवरी को आयोध्या धाम समारोह में हर्षोल्लास के साथ शामिल हों। 'सुंदरकांड पाठ' का समापन प्रभु श्री राम एवं श्री हनुमान जी की आरती व प्रसाद वितरण से हुआ।

## रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने आ रहे संघ के शीर्ष पदाधिकारी



- स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संयोजक आर सुंदरम, स्वावलंबी भारत अभियान के राष्ट्रीय संरक्षक पद्मश्री श्रीधर वैमंबू अमौसी हवाई अड्डे पहुंचे
- स्वदेशी जागरण मंच पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के संयोजक अनुपम श्रीवास्तव के साथ अन्य स्वयंसेवकों ने उनका स्वागत किया

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए देश के कोने-कोने से आरएसएस से जुड़े राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पदाधिकारियों का आगमन शुरू हो गया है। शनिवार को लखनऊ के अमौसी हवाईअड्डे पर स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संयोजक आर सुंदरम पहुंचे। इसके साथ ही स्वावलंबी भारत अभियान के राष्ट्रीय संरक्षक पद्मश्री श्रीधर वैमंबू भी लखनऊ आ चुके हैं। हवाई अड्डे पर ही स्वदेशी जागरण मंच पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के संयोजक अनुपम श्रीवास्तव के साथ अन्य स्वयंसेवकों ने उनका स्वागत किया। संघ से जुड़े यह सभी पदाधिकारी रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने अयोध्या जाएंगे।

# बस स्टेशनों का कायाकल्प करने में जुटी योगी सरकार

- पीपीपी मॉडल द्वारा बस स्टेशनों का किया जाएगा आधुनिकीकरण : दयाशंकर सिंह

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में बस स्टेशनों के विकास में एक नया अध्याय जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि राज्य ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के जरिए यात्री सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। हाल ही में आयोजित टेंडर प्रक्रिया में देश के विभिन्न हिस्सों से आए विकासकर्ताओं ने 18 में से 15 प्रमुख बस स्टेशनों के लिए अपनी निविदाएं प्रस्तुत कीं है। इन प्रमुख बस स्टेंशनों के लिए निविदाएँ प्राप्त हुई परिवहन मंत्री ने बताया कि अयोध्या धाम, वाराणसी कैंट, जीरो रोड प्रयागराज,कानपुर सेंट्रल (झकरकट्टी) गोरखपुर, आगरा, ईदगाह, गढ़मुक्तेश्वर, सोहराबगेट, लखनऊ चारबाग, साहिबाबाद, अमौसी, मथुरा,रायबरेली, मिर्जापुर, अलीगढ़ (रसूलाबाद) के लिए निविदाएं प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि इन बोलियों के तकनीकी मूल्यांकन के बाद, लगभग 10 दिनों के समय में वित्तीय बोलियां खोली जाएंगी। यह परियोजना उत्तर प्रदेश को पीपीपी मॉडल के तहत बस स्टेशनों के विकास में भारत का अग्रणी राज्य बनाती है। इन स्टेशनों का उन्नयन न केवल यात्रा के अनुभव को समृद्ध करेगा, बल्कि यह यात्री सुविधाओं के मानकों को भी विश्वस्तर पर ले जाएगा। यूपीएसआरटीसी का लक्ष्य सार्वजनिक परिवहन को एक नई उंचाई पर ले जाना है जहां प्राथमिकता कार्यक्षमता, आराम और पर्यावरणीय संरक्षण की हो। यूपीएसआरटीसी के जनरल मैनेजर-पीपीपी, यजुवेन्द्र कुमार ने बताया कि परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह की दूरदर्शी सोच और निरंतर प्रयासों की बदौलत यह संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि उनके मार्गदर्शन में परिवहन निगम लगातार बेहतर कार्य कर रहा है। बसों में पैनिक बटन लगाया जाना एवं वी एल टी डी लगाया जाना इत्यादि कार्य भी किए गए है।

### पैनिक बटन लगाया

यूपीएसआरटीसी जनरल मैनेजर ने बताया परिवहन मंत्री की दूरदर्शी सोच और निरंतर प्रयास के बदौलत बसों में पैनिक बटन लगाया जाना एवं वी एल टी डी लगाया जाना इत्यादि कार्य को बेहतर ढंग से संपन्न कर रहा परिवहन निगम।

# लोकबंधु अस्पताल में संविदा कर्मचारी का बोलबाला, मरीजों के साथ करता बदसलूकी

- लोकबंधु अस्पताल में पर्चा बनवाने आये मरीजों के साथ कर्मचारी करते अभद्रता, शिकायत करने का हवाला देकर मरीजों को जाता खदेड़ा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी के कानपुर रोड बरगवां स्थित लोकबंधु अस्पताल में ओपीडी पंजीकरण काउंटर पर तैनात कर्मचारी द्वारा मरीज के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। मरीजों को ऑनलाइन पर्चा बनवाने के लिए मजबूर करना जबकि ऑफलाइन एवं ऑनलाइन पर्चा बनवाने की सुविधा उपलब्ध है। घंटों लाइन में लगकर आने के बाद मरीज को वापस ऑनलाइन पर्चा बनवाने के लिए भेजा जाता जिससे मरीजों को दोबारा घंटा लाइन में लगकर इंतजार करना पड़ता, मरीज विरोध करते तो कर्मचारियों द्वारा अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते खदेड़ा जाता और हवाला दिया जाता जिससे चाहे शिकायत कर लो पर्चा नहीं बनाएंगे, सरकारी अवकाश वाले दिन काउंटरों पर पर्चा बनवाने वाले मरीजों की भारी भीड़ होने और ओपीडी का समय 11 बजे तक होता है। जिससे कई मरीजो ओपीडी बंद हो जाने से बैरग लौटना पड़ जाता है मरीजो ने अपना नाम उजागर न करने करने की शर्त पर बताया कि ऑफलाइन पर्चा बनवाने की लाइन में घंटो लगकर जाने के बाद से दोबारा ऑनलाइन पर्चा बनवाने के लिए लंबी लाइनों में खड़े रहकर पर्चा बनवाना पड़ता हैं, पहले से बीमार मरीज घंटों लाइन में खड़े रहकर इंतजार करने के बाद इस कड़ाकेदार ठंडक में और बीमार हो जाते है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यहां पंजीकरण आभा ऑनलाइन काउंटर पर विनेश नाम के कर्मचारी और ई केयर इंचार्ज जुवैद का बोलबाला इनसे अस्पताल के सरकारी एवं संविदा कर्मचारी भी घबराते है। ई केयर इंचार्ज जुवैद को अस्पताल के एक अधिकारी का संरक्षण मिला हुआ जिससे इनके खिलाफ नहीं कोई कार्यवाही नहीं होती तमाम शिकायतों के बावजूद इन संविदा कर्मचारियों का जलवा बरकरार और हौसले बुलंद है। इसकी शिकायत जब अस्पताल के सीएमएस से की गई तो उन्होंने मामले को संज्ञान लेते हुए बताया कि इन कर्मचारियों की पहले से शिकायतें मिल नहीं रही है और आज फिर से शिकायत मिली है। इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ने बताया कि सरकार द्वारा ऑनलाइन पर्चा बनाने की सुविधा दी गई जिसे आसानी से लोग घर बैठे अपना रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन करा सके और उन्हें इंतजार ना करना पड़े, लेकिन ऑफलाइन पर्चे अभी भी बनाए जा रहे हमारी प्राथमिकता मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करना और उन्हें बेहतर इलाज मुहैया कराना हमारी ज़िम्मेदारी भी है।

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में किसी भी आपदा से निपटने के लिए एनडीआरएफ की टीमों ने संभाला मोर्चा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर अयोध्या सहित पूरा देश राममय हो चुका है। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह स्थल, अयोध्या में प्रधानमंत्री सहित हजारों की संख्या में अति विशिष्ट अतिथियों, साधु-संतों एवं विभिन्न क्षेत्रों में विशेष स्थान रखने वाले व्यक्तियों का आगमन हो रहा है। ऐसे में किसी भी प्रकार के प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं से निपटने हेतु मनोज कुमार शर्मा, उपमहानिरीक्षक 11 वाहिनी एनडीआरफ वाराणसी के नेतृत्व में वाराणसी एवं एनडीआरएफ क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ तथा गोरखपुर से विशेष रूप से प्रशिक्षित एवं चिन्हित टीमों को तैनात किया गया है। उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि यह हम सभी के लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि एनडीआरएफ के बचाव कर्मी के रूप में देश स्तर के इतने बृहद रूप के आयोजन के दौरान सेवा करने का मौका मिला है। एनडीआरएफ की तीन टीमों को अयोध्या में तैनात किया गया है। जिसमें एक टीम केमिकल बायोलॉजिकल रेडियोलॉजिकल एवं न्यूक्लियर आपदा (सीबीआरएन) के लिए है, वहीं दूसरी टीम कॉलेप्स स्ट्रक्चर सर्च एंड रेस्क्यू (सीएसएसआर) से संबंधित आपदाओं से निपटने के लिए सभी प्रकार के अत्यधिक राहत बचाव उपकरणों के साथ तथा हमारी तीसरी टीम को सरयू नदी में विभिन्न घाटों पर रेस्क्यू मोटर बोट, गोताखोर, पैरामेडिक, लाइफ जैकेट इत्यादि के साथ तैनात है। केमिकल बायोलॉजिकल रेडियोलॉजिकल न्यूक्लियर (सीबीआरएन) से संबंधित आपदा से निपटने के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, डीआरडीओ संस्थान के द्वारा विशेष रूप से निर्मित Hazmat वाहन को भी तैनात किया गया है। Hazmat वाहन केमिकल बायोलॉजिकल रेडियोलॉजिकल न्यूक्लियर (सीबीआरएन) के किसी भी प्रकार के हमलों को रोकने में सक्षम है। इसमें लगे अत्यधिक सेंसर सीबीआरएन पदार्थ का दूर से पता लगा सकते हैं, साथ ही वाहन के साथ तैनात रेस्क्यूकर्स किसी भी प्रकार के केमिकल बायोलॉजिकल रेडियो लॉजिकल न्यूक्लियर हमले की साजिश को नाकाम कर सकते हैं। इस वाहन को खतरा भविष्यवाणी सॉफ्टवेयर के साथ तैयार किया गया है ताकि मौसम की सटीक जानकारी भी प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि जरूरत करने पर एनडीआरएफ के अतिरिक्त टीमों को भी वाराणसी, एवं एनडीआरएफ क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ, गोरखपुर से तैनात किया जाएगा। उन्होंने सभी राम भक्तों को बधाई देते हुए कहा कि हम सभी की जिम्मेवारी हैं कि स्थानीय प्रशासन के द्वारा बताए गए दिशा निर्देशों का पालन करें और इस शुभ अवसर का साक्षी बनें।

# धूमधाम से मना लविवि कुलपति का जन्मदिन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर (डॉ.) आलोक कुमार राय के जन्मदिवस के अवसर पर श्री बाबा नीम करौली जी महाराज आश्रम (हनुमान सेतु) पर ÷भोजन एवं कम्बल वितरण कार्यक्रम÷ आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को भोजन एवं कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक इन्द्र दमन तिवारी ने कहा कि प्रो. राय जैसा यशस्वी कुलपति मिलना लखनऊ विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है, वे विश्वविद्यालय को देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों की सूची में अग्रिम पंक्ति में लाने को सदैव प्रयासरत रहे हैं, उनके जन्मदिवस पर यह कार्यक्रम आयोजित कर उनके दीर्घायु होने एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। इस अवसर पर अंकुर त्रिपाठी, अभिषेक सिंह, विपुल उपाध्याय, प्रकाशवीर, गौरव गुर्जर, मनीष तिवारी, रुद्र प्रताप एवं विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में लगा रोजगार मेला

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ एवं शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट गोसाईगंज लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आज वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में लगभग 100 कम्पनियों एवं 5000 से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागित अभ्यर्थियों में से 470 अभ्यर्थियों को विभिन्न कम्पनियों में चयनित किया गया तथा 2010 अभ्यर्थियों को अगले चरण हेतु चयनित किया गया। चयनित अभ्यर्थियों में से एक अभ्यर्थी सुश्री मेघा को 4 लाख के पैकेज पर तरावी इलेक्ट्रिकल्स में चयनित किया गया है। मुख्य अतिथि विधायक मोहनलालगंज अमरेश कुमार रावत ने मेले का उदघाटन किया। मेले में चयनित अभ्यर्थियों में से कुछ अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर भी प्रदान किया गया। मेले में उपस्थित अभ्यर्थियों को अपर निदेशक सेवायोजन पीके पुण्डीर द्वारा मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया।

# नव नियुक्त आरटीओ से वकीलों ने मुलाकात कर दी बधाई



- वकीलों द्वारा आरटीओ को अवगत कराया गया कि कार्यालय द्वारा सरकारी फीस के नाम पर जनता से की जा रही जबरन वसूली
- आरटीओ उदयवीर सिंह ने आश्वासन दिया कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद आप लोगों के द्वारा की गई शिकायत का निस्तारण कराया जाएगा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी के वकीलों ने आज ट्रांसपोर्ट नगर कानपुर रोड स्थित आरटीओ कार्यालय के नव नियुक्त लखनऊ आरटीओ आरटीओ उदयवीर सिंह से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। वकीलों द्वारा आरटीओ प्रशासन को अवगत कराया गया कि आपके विभाग द्वारा कुछ मामलों में जनता से जबरन फीस वसूली जा रही है। उन्होंने बताया कि वाहनों मे 15 वर्ष के बाद पुनः रजिस्ट्रेशन के नाम पर मिसलेनियस फीस दो पहिया वाहनों पर 400 और चार पहिया वाहनों पर ?800 के साथ रजिस्ट्रेशन निरस्त में ?100 की फीस की वसूली जनता से जबरन की जा रही है। जिसका सरकार द्वारा किसी प्रकार का शासनादेश एवं मोटर वाहन एक्ट में कोई प्रावधान नहीं है। आरटीओ प्रशासन ने वकीलों द्वारा की गयी शिकायत को गम्भीरता से सुनने के बाद आश्वासन दिया कि प्राण प्रतिष्ठा होने के दो दिन बाद आपके के साथ बैठक करके इस विषय पर कार्य किया जायेगा और जनता के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। पहले ही इस संबद्ध मे आप लोगों को अवगत करा देना चाहिए था।

## राजकीय आईटीआई लखनऊ में महिला स्पेशल कैम्पस ड्राइव 25 जनवरी को

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजकीय आईटीआई अलीगंज के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि 25 जनवरी को राजकीयऔद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ में सीखो एवं कमाओ योजना यानि एनएपीएस के तहत 2 अथवा 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रोग्राम के लिए टाटा मोटर्स लि. लखनऊ के द्वारा महिला स्पेशल कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर एमए खां ने बताया कि महिला स्पेशल कैम्पस ड्राइव में प्रतिभाग के लिए महिला अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता साइंस स्ट्रीम पीसीएम या पीसीबी के 12वीं की परीक्षा 40 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण अथवा आईटीआई 2 वर्षीय 32 व्यावसायों में से किसी से भी उत्तीर्ण किया हो वे ही प्रतिभाग कर सकते है तथा जिसके लिए ज्वाईनिंग के समय आयुसीमा 18 से 23 वर्ष के बीच होनी चाहिए। न्यूनतम वजन 45 किग्रा एवं न्यूनतम लम्बाई 140 सेमी होनी चाहिए जिसके लिए वेतन रूपये 13605 प्रतिमाह एवं कैन्टीन फ्री, ट्रासपोर्ट फ्री, इन्श्योरेन्स 7 लाख, मेडिकल क्लेम 1 लाख, 3 सेट यूनीफॉर्म प्रतिवर्ष, जूते, पीपीई किट एवं कम्पनी द्वारा निर्धारित अवकाश तथा सुविधाएं कम्पनी द्वारा दिया जायेगा।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

### प्रभु श्री राम ने जब मुझे अयोध्या बुलाया

**राम भक्तों पर गोलियां बरसी, आंसू गैस, लाठियों का कोई अंत नहीं था। कितने बलिदान हुए, इसका हिसाब आज तक नहीं लगा। उन गोलियों की बौछारों में मैं कैसे बच गया और पुलिस ने सामान की तरह उठा कर मुझे ट्रक में फेंक दिया जिस कारण आज मैं जीवित हूँ। बाद में हम लोगों को जेल की बैरक में भेज दिया गया, कोई एफ.आई.आर. नहीं, कोई मुकदमा नहीं, बस मुलायम सिंह की तानाशाही थी। राम जन्म भूमि का आंदोलन शांत हो चला। लाखों लोग जो पूरे उत्तर प्रदेश की जेलों में थे, उन्हें छोड़ दिया गया। हम भी इंतजार करने लगे कि हमें कब छोड़ा जाएगा।**

*जय श्री राम, जय श्री राम के नारों से पूरा देश गुंजायमान था। हर समय कानों में ध्वनि सुनाई देती थी-राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मार्गदर्शन और विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में देशव्यापी आंदोलन चल रहा था। शिला पूजन, शिला यात्राओं के कार्यक्रम हो चुके थे और अब कार सेवकों के जाने का समय आ गया। देशभर से कार सेवकों के जत्थे निकलने लगे थे। मेरे बड़े भाई डॉ. राम कुमार बिंदल विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश पदाधिकारी एवं राम जन्म भूमि आंदोलन के अग्रणी नेताओं में से एक थे। एक बहुत विशाल जत्था लेकर वह सोलन से पहले चरण में निकल गए और उनके मार्गदर्शन में पीछे से और जत्थे निकलने लगे। मैं हिमगिरी कल्याण आश्रम सोलन का सेवा कार्य देखता था। साथ ही अपना क्लीनिक भी चलाता था। श्री राम जी का आदेश हुआ, फिर क्या था, 32 राम भक्तों का जत्था बनाया, पिट्ठू पीठ पर लादकर बढ़ चले प्रभु श्री राम के चरणों में शीष नवाने। सोलन और राजगढ़ से अयोध्या जी जाने के लिए 32 लोग तैयार हुए, अलग-अलग साधनों एवं मार्गों से। शिमला-कालका राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर धर्मपुर के पास पुराने शिव मंदिर के पास सभी एकत्रित हुए, जहां पर पूरा प्रशिक्षण लिया गया। डॉ. राम कुमार बिंदल, जो यात्रा के लिए पहले ही निकल चुके थे, उनके द्वारा बहुत सी महत्वपूर्ण जानकारियां हमें भेजी गई थी। तदानुसार 32 कार सेवकों का ग्रुप लीडर मुझे बनाया गया व चंद्र मोहन ठाकुर राजगढ़ वालों को सह-लीडर नियुक्त किया गया। हमने 16-16 कार सेवकों की जिम्मेवारी ले ली व पुनः उन्हें 4-4 के 8 ग्रुपों में विभाजित कर दिया। यह संकल्प लिया कि अयोध्या जी पहुंचना है, यदि पुलिस किसी को पकड़े तो चार का ग्रुप एक साथ जाएगा, शेष अपने को बचा कर रखेंगे। हम 30 लोग प्रभु श्री राम की कृपा से ट्रेनें बदलते हुए लखनऊ तक निर्बाध पहुंच गए। हम स्टेशन पर उतरे तो उतरे कैसे, चप्पे-चप्पे पर पुलिस थी। सब ओर कर्फ्यू लगा हुआ था। हम हिमाचल के लोग पिट्ठू और थैलों के साथ अलग ही पहचाने जा रहे थे। पूरी योजना से चार-चार का ग्रुप पुलिस की निगाहों से बचते-बचते स्टेशन के बाहर निकला क्योंकि लखनऊ से अयोध्या की ओर जाने वाली सभी ट्रेनें बंद कर दी गई थी। बाहर निकलते ही एहसास हुआ कि कोई बस गाड़ी नहीं है, कर्फ्यू है। छोट सा जय श्री राम का उद्घोष किया। इसके बाद हम एक राम भक्त के सहयोग से एक मंदिर में पहुंचे। मंदिर में 500 से अधिक कार सेवक ठहरे थे। यहां पता लगा कि मुलायम सिंह ने पूरी व्यवस्था की है कि परिंदा भी पर न मार सके। लाखों कार सेवकों को सरयू नदी के उस पार रोके रखा गया था। एक संत ने बताया कि यहां से पैदल 200 किलोमीटर से ज्यादा चलना होगा, तभी पहुंच पाएंगे। फिर क्या था, जय श्री राम का उद्घोष हुआ। पुनः 4-4 के ग्रुप बनाए व 16-16 के 5 ग्रुप बनाए गए और उस संत के पीछे पैदल चल पड़े। 7-8 घंटा निरंतर चलने के बाद कुछ कार सेवकों की हिम्मत जैसे टूटने लगी थी। पैरों में छाले पड़ने लगे, परंतु श्री राम के नाम की महिमा अपरम्पार थी। तभी एक ट्रेन की आवाज आई, यह माल गाड़ी थी। हम ड्राइवर की मर्जी के खिलाफ डिब्बों पर चढ़ गए। किन्तु ट्रेन ने हमें आगे जंगल में किसी अनजान जगह पर उतार दिया। इसके बाद अनेक दुश्वारियों का सामना करते हुए हम अयोध्या पहुंच पाए थे। यहां पहुंचकर मालूम पड़ा कि पिछले दिन 30 नवम्बर 1990 को एक लाख कार सेवकों ने श्री राम जन्म स्थल की ओर कूच किया था। हजारों कार सेवक नाके तोड़कर परिसर में दाखिल हो गए। चंद कार सेवक गुंबज पर चढ़ गए व भगवा लहरा दिया। पैरा मिलिट्री ने उन्हें ढेर कर दिया। 30 नवम्बर की घटना के बाद 1 दिसम्बर को पुनः 2 लाख कार सेवक बड़ी छावनी में एकत्र हो गए, हम भी उनमे शामिल थे और दोबारा बाबरी ढांचा तोडने के लिए कूच करने का निर्णय हुआ।*

## एक्सप्रेस आलेख

**किंवदंती यह भी है कि गौतम बुद्ध ने भी वायुयान द्वारा तीन बार लंका की यात्रा की थी। ऐरिक फॉन डानिकेन की किताब 'चैरियट्स ऑफ गॉड्स' में तो भारत समेत कई प्राचीन देशों से प्रमाण एकत्रित करके वायुयानों की तात्कालीन उपस्थिति की पुष्टि की गई है। इसी प्रकार डॉ. ओंकारनाथ श्रीवास्तव ने अनेक पाश्चात्य अनुसंधानों के मतों के आधार पर संभावना जताई है कि रामायण में अंकित हनुमान की यात्राएं वायुयान अथवा हेलीकॉप्टर की यात्राएं थीं या हनुमान 'राकेट-बेल्ट' बांधकर आकाश गमन करते थे, जैसा कि आज के अंतरिक्ष-यात्री करते हैं। हनुमान-मेघनाद में परस्पर हुआ वायु-युद्ध हावरक्रफ्ट से मिलता-जुलता है।**

# जय श्रीराम, अब होगा प्राचीन भारतीय विज्ञान का पुनरुत्थान



प्रमोद भार्गव

**'ऋग्वेद' में भी चार तरह के विमानों का उल्लेख है। जिन्हें आर्य-अनार्य उपयोग में लाते थे। इन चार वायुयानों को शकुन, त्रिपुर, सुन्दर और रुक्म नामों से जाना जाता था। ये अश्वहीन, चालक रहित, तीव्रगामी और धूल के बादल उड़ाते हुए आकाश में उड़ते थे। इनकी गति पतंग की भांति, क्षमता तीन दिन-रात लगातार उड़ते रहने की और आकृति नौका जैसी थी।**

अयोध्याधाम में श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ राम की पुरातन एवं सनातन ऐतिहासिकता के साथ-साथ सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की स्थापना भी हो जाएगी। अब विभिन्न रामायणों में दर्ज उस विज्ञान को भी मान्यता देने की जरूरत है, जिन्हें वामपंथी पूर्वाग्रहों के चलते वैज्ञानिक एवं बुद्धिजीवी न केवल नकारते रहे हैं, बल्कि इनकी ऐतिहासिकता को भी कपोल-कल्पित कहकर उपहास उड़ाते रहे हैं। अतैव यह समय प्राचीन भारतीय विज्ञान के पुनरुत्थान का भी काल है, क्योंकि रामायण और महाभारत कथाएं नाना लोक स्मृतियों और विविध आयामों में प्रचलित बनी रहकर वर्तमान हैं। इनका विस्तार भी सार्वभौमिक है। देश-दुनिया के जनमानस में राम-कृष्ण की मूर्त-अमूर्त छवि बनी हुई है। शायद इसीलिए भवभूति और कालिदास ने रामायण को इतिहास बताया। वाल्मीकि रामायण और उसके समकालीन ग्रंथों में 'इतिहास' को 'पुरावृत्त' कहा गया है। गोया, कालिदास के 'रघुवंश' में विश्वामित्र राम को पुरावृत्त सुनाते हैं। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने रामायण को महाकाव्यात्मक इतिहास की श्रेणी में रखा है। जबकि इन ग्रंथों में विज्ञानसम्मत अनेक ऐसे सूत्र मौजूद हैं, जिनके जरिए नए आविष्कार की दिशा में बढ़ा जा सकता है। विज्ञानसम्मत अंशों को संकलित कर पाठ्यक्रमों में शामिल करने की जरूरत है। ऐसा करने से मेधावी छात्रों में विज्ञानसम्मत महात्वाकांक्षा जागेगी और भारतीय जीवन-मूल्यों के इन आधार ग्रंथों से मिथकीय आध्यात्मिकता की धूल झाड़ने का काम भी संपन्न होगा। वैसे भी ज्यादातर रामायणों में उल्लेख है की भगवान राम लंका विजय के बाद माता सीता, भाई लक्ष्मण, हनुमान और सुग्रीव के साथ पुष्पक विमान में बैठकर अयोध्या पहुंचे थे। इतिहास तथ्य और घटनाओं के साथ मानव की विकास यात्रा की खोज भी है। यह तय है कि मानव, अपने विकास के अनुक्रम में ही वैज्ञानिक अनुसंधानों से सायास-अनायास जुड़ता रहा है। ये वैज्ञानिक उपलब्धियां या आविष्कार रामायण, महाभारतकाल मे उसी तरह चरमोत्कर्ष पर थे, जिस तरह ऋग्वेद के लेखन-संपादन काल के समय संस्कृत भाषायी विकास के शिखर पर थी। रामायण का शब्दार्थ भी राम का 'अयण' अर्थात 'भ्रमण' से है। तीन सौ रामायण और अनेक रामायण विषयक संदर्भ गंथ, जिनके प्रभाव को नकारने के लिए पाउला रिचमैन ने 1942 में 'मैनी रामायणस द डाइवर्सिटी ऑफ ए नैरेटिव ट्रेडिशन



**रामायण में ही वर्णित हनुमान की आकाश-यात्राएं, महाभारत में देवराज इन्द्र का दिव्य-रथ, कार्तवीर्य अर्जुन का स्वर्ण-विमान एवं सोम-विमान, पुराणों में वर्णित नारदादि की आकाश यात्राएं एवं विभिन्न देवी-देवताओं के आकाशगामी वाहन रामायण-महाभारत काल में वायुयान और हेलीकॉप्टर जैसे यांत्रिक साधनों की उपलब्धि के प्रमाण हैं।**

इन साउथ एशिया' लिखी और एके रामानुजन ने थ्री हंड्रेड रामायण फाइव एग्जांपल एंड थ्री थॉट्स आन ट्रांसलेशन निबंध लिख कर अनर्गल अंशों को गढ़कर सच्चाई को झुठलाया। जबकि इन्हीं रामायणों, रामायण विषयक संदर्भ ग्रंथों और मदन मोहन शर्मा शाही के बृहद् उपन्यास से विज्ञानसम्मत आविष्कारों की पड़ताल की जा सकती है। रामायण एकांगी दृष्टिकोण का वृतांत भर नहीं है। इसमें कौटुम्बिक सांसारिकता है। राज-समाज संचालन के कूट-मंत्र हैं। भूगोल है। वनस्पति और जीव जगत हैं। राष्ट्रीयता है। राष्ट्र के प्रति उत्सर्ग का चरम है। अस्त्र-शस्त्र हैं। यौद्धिक कौशल के गुण हैं। भौतिकवाद है। कणाद का परमाणुवाद है। सांख्य दर्शन और योग के सूत्र हैं। वेदांत दर्शन है और अनेक वैज्ञानिक उपलब्धियां हैं। गांधी का राम-राज्य और पं. दीनदयाल उपाध्याय के आध्यात्मिक भौतिकवाद के उत्स इन्हीं रामायणों में हैं। वास्तव में रामायण और उसके परवर्ती ग्रंथ कवि या लेखक की कपोल-कल्पना न होकर तात्कालिक ज्ञान के विश्व कोश हैं। जर्मन विद्वान मैक्समूलर ने तो ऋग्वेद को कहा भी था कि यह अपने युग का विश्व-कोश है। अर्थात एन-साइक्लोपीडिया ऑफ वर्ल्ड ! लंकाधीश रावण ने नाना प्रकार की विधाओं के पल्लवन की दृष्टि से यथोचित धन व सुविधाएं उपलब्ध कराई थीं। रावण के पास लडाकू वायुयानों और समुद्री जलपोतों के बड़े भण्डार थे। प्रक्षेपास्त्र और ब्रह्मास्त्रों का अकूत भण्डार व उनके निर्माण में लगी अनेक वेधशालाएं थीं। दूरसंचार व दूरदर्शन की तकनीकी-यंत्र लंका में स्थापित थे। राम-रावण युद्ध केवल राम और रावण के बीच न होकर एक विश्व युद्ध था। जिसमें उस समय की समस्त विश्व-शक्तियों ने अपने-अपने मित्र देश के लिए लड़ाई लड़ी थी। परिणामस्वरूप ब्रह्मास्त्रों के विकट प्रयोग से लगभग समस्त वैज्ञानिक अनुसंधान-शालाएं उनके आविष्कारक, वैज्ञानिक व अध्येता काल-कवलित हो गए। यही कारण है कि हम कालांतर में हुए महाभारत युद्ध में वैज्ञानिक चमत्कारों को रामायण की तुलना में उत्कृष्ट व सक्षम नहीं पाते हैं। यह भी इतना विकराल विश्व-युद्ध था कि रामायण काल से शेष बचा जो विज्ञान था, वह महाभारत युद्ध के विध्वंस की लपेट में आकर नष्ट हो गया। इसीलिए महाभारत के बाद के जितने भी युद्ध हैं, वे खतरनाक अस्त्र-शस्त्रों से न लड़े जाकर थल सेना के माध्यम से ही लड़े गए दिखाई देते हैं। बीसवीं सदी में हुए द्वितीय विश्व युद्ध में जरूर हवाई हमले के माध्यम से अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा-नागाशाकी में परमाणु हमले किए थे। वाल्मीकि रामायण एवं नाना रामायणों तथा अन्य ग्रंथों में 'पुष्पक-विमान' के उपयोग के विवरण हैं। इससे स्पष्ट होता है, उस युग में राक्षस व देवता न केवल विमान-शास्त्र के ज्ञाता थे, बल्कि सुविधायुक्त आकाशगामी साधनों के रूप में वाहन उपलब्ध थे। रामायण के अनुसार पुष्पक-विमान के निर्माता ब्रह्मा थे। ब्रह्मा ने यह विमान कुबेर को भेंट किया था। कुबेर से इसे रावण ने छीन लिया। रावण की मृत्यु के बाद विभीषण इसका अधिपति बना और उसने फिर से इसे कुबेर को दे दिया। कुबेर ने इसे राम को उपहार में दे दिया। राम लंका विजय के बाद अयोध्या इसी विमान से पहुंचे थे। रामायण में दर्ज उल्लेख के अनुसार पुष्पक-विमान मोर जैसी आकृति का आकाशचारी विमान था।

## एक्सप्रेस कविता

*झूठे वादे के बताशे का हमें दुख है*
*उस पर ऐसे तमाशे का भी हमें दुख है।*
*कोई दुनिया में नही खुश, इसी का दुःख है,*
*एक यह मेरा ही नही,सभी का दुःख है।*
*समझ नही पाया ये, कसक क्यूँ इतनी,*
*जाने किस गम, कमी का दुःख है ।*

*इसे कुनबे कब तक निभाओगी भला,*
*ईट पत्थर का नहीं भानुमती का दुःख है,*
*मेरी हालत पर तरस न खाए दुनियां,*
*मेरी पाबंदियों पर तेरी खुशी का दुःख है।*
*दूर मंजिल का नहीं गम हमें संजीव,*
*सफर में होती, रहबरी का दुःख है।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*आपकी क्षमता एक बीज की तरह है, शिक्षा उसे महानता के रूप में विकसित होने के लिए पोषक वातावरण प्रदान करती है।*

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | एकादशी 19:30 तक |
| नक्षत्र: | रोहिणी 27:52 |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | रविवार |
| योग: | शुक्ला, 09:39 |
| सूर्योदय: | 07:14 |
| सूर्यास्त: | 17:49 |
| चंद्रमा: | वृषभ राशि में |
| राहुकाल: | 16:27-17:46 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | पौष |
| शुभ मुहूर्त: | 12:11-12:53 |

## जन एक्सप्रेस

### फर्क

*जमीन और आसमान में*
*फर्क होता है।*
*झूठ और सच में*
*फर्क होता है।*
*मोहब्बत और नफरत में*
*फर्क होता है।*
*अपने और पराये में*
*फर्क होता है।*
*जीत और हार में*
*फर्क होता है।*
*दिमाग और दिल में*
*फर्क होता है।*
*जायज और नाजायज में*
*फर्क होता है।*
*हकीकत और कल्पना में*
*फर्क होता है।*
*गुरु और शिष्य में*
*फर्क होता है।*
*जीवन और मृत्यु में*
*फर्क होता।*
*आदि और अंत में*
*फर्क होता है।*



डॉ.राजीव डोगरा

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सफेद तिल के सेवन से बालों को मिलते हैं कई फायदे



**हमारी** सेहत के लिए सफेद और काले दिन दोनों ही फायदेमंद माने जाते हैं। तिलों की तासीर गर्म होती हैं, इसलिए इन्हें लड्डू और गज्जक बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। बात करें इससे मिलने वाले फायदों कि तो इसमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, हेल्दी फैट्स पाए जाते हैं। साथ ही इसमें मैग्नीशियम, आयरन और फॉस्फोरस जैसे मिनरल्स भी पाए जाते हैं, जो हड्डियों को मजबूत रखने में मदद भी करते हैं। इतना ही नहीं, सफेद तिल के सेवन से हमारे बालों को भी फायदा होता है। ये बालों को मजबूत बनाता है, साथ ही इसके सेवन से बालों में शाइन भी आती है।

**हेयर ग्रोथ में मदद करेः** सफेद तिल में फैटी एसिड जैसे कि ओमेगा-3, ओमेगा-6 और ओमेगा-9 पाए जाते हैं। जो बालों की जड़ों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद हेल्दी फैट्स बालों का झड़ना रोकते हैं और बालों को घना बनाने में मदद करते हैं। डाइट में लेने के साथ ही अगर तिल के तेल आप स्कैल्प पर इस्तेमाल करते हैं, तो इससे बालों की जड़े भी मजबूत रहती हैं।

**स्कैल्प प्रॉब्लम कम करेः** सफेद तिल में फैटी एसिड और हेल्दी फैट्स पाए जाते हैं, जिससे इसके सेवन से स्कैल्प हेल्थ को भी फायदा होता है। यह स्कैल्प से जुड़ी समस्याओं जैसे कि स्कैल्प ड्राईनेस, डैंड्रफ और सिर में खुजली से छुटकारा दे सकता है।

**बालों के रंग को गहरा करेः** बालों के रंग को गहरा करने के लिए भी सफेद तिल का सेवन किया जाता है। यह समय से पहले होने वाली सफेद बालों की समस्या को रोकने में मदद करता है। इसमें बालों का रंग गहरा बनाने के गुण होते हैं, जिससे यह बालों के प्राकृतिक रंग को बढ़ाने में मदद करता है।

**बालों में शाइन बनाए रखेः** सफेद तिल के सेवन से बालों में शाइन भी बनी रहती है। इसमें मौजूद हेल्दी फैट्स बालों में नमी बनाए रखने में मदद करते हैं। तिल के तेल से बालों में मालिश करने से बालों में नमी रहती है जिससे बालों में शाइन भी आती है।

**इन बातों का रखे ध्यानः** सफेद तिल की तासीर गर्म होती हैं, इसलिए इसका सेवन कम मात्रा में ही करें। सफेद तिल को आप फलों पर छिड़ककर या व्यंजन बनाने में इस्तेमाल कर सकते हैं। इन कारणों से सफेद तिल का सेवन करना आपकी हेयर हेल्थ के लिए फायदेमंद हो सकता है। इस लेख में आपको सामान्य जानकारी प्रदान की गई है। इस बारे में ज्यादा जानने के लिए किसी न्यूट्रिशनिस्ट से सलाह लें।

## एक्सप्रेस विशेष

# पीएम जनमन: कमजोर जनजातीय समूहों के लिए आशा की सबसे बड़ी किरण



अर्जुन मुंडा

**क्यूआर कोड को स्कैन करने पर, ग्राहकों को ट्राइफेड के समर्पित निर्यात पोर्टल, पर निर्देशित किया जाएगा। यह पहल न केवल पीवीटीजी शिल्प कौशल को बढ़ावा देती है बल्कि विदेशों में भारतीय मिशनों के माध्यम से इन उत्पादों की मांग को भी प्रोत्साहित करती है।**

**जनजातीय** सशक्तिकरण, गौरवशाली भारत के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने विगत दशक के कार्यकाल में जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे अतुलनीय हैं। आजादी के बाद सरकारें तो बदलती थीं पर उनके एजेंडे में अनुसूचित जनजातीय समाज दूर-दूर तक कहीं नजर नहीं आता था। देश आगे बढ़ता गया और जनजातीय समाज वहीं का वहीं रह गया। मूलभूत सुविधाओं की कमी और राजनीतिक उपेक्षाओं के कारण जनजातीय समाज मुख्यधारा से दूर रह गया। देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातियों के हित में सोचा और अलग से जनजातीय मंत्रालय का गठन किया। उस काम को प्रधानमंत्री मोदी तेजी से आगे ले गए। जनजातीय समाज को राजनीतिक एवं सामाजिक ढंग से सशक्त करना यदि किसी मायने में कोई कर पाया है तो वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। प्रधानमंत्री मोदी का चिंतन हमेशा ऐसी योजनाओं को धरातल पर लाने का होता है, जिनका मूलभूत उद्देश्य पिछड़े और अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति को न्याय, समानता और मौलिक अधिकार दिलाना हो। इसी सोच के साथ प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि से जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर महाअभियान प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा

**बेहतर आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने की एक अन्य पहल में, ट्राइफेड हंगरी, घाना, हांगकांग, साइप्रस, बांग्लादेश, नेपाल, ऑस्ट्रिया, वियतनाम, मॉरीशस, पोलैंड, लुसाका, संयुक्त अरब अमीरात और सेशेल्स में भारतीय दूतावासों को 10-15 पीवीटीजी उत्पादों की एक खेप भेज रहा है। क्यूआर कोड के साथ उत्पादों को विदेशों में इन भारतीय दूतावासों और मिशनों में प्रदर्शित किया जाएगा।**

अभियान (पीएम जनमन) का शुभारम्भ किया। यह एक ऐसी परियोजना है जिसकी कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। हमारी सरकार ने देश के 18 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 23 हजार से ज्यादा गांवों में रह रहे ऐसे 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों की पहचान की, जो आदिवासियों में भी सबसे पीछे रह गए आदिवासी हैं, जिन्हें आजादी के 75 साल बाद भी मूल सुविधाएं प्राप्त नहीं हुई हैं। 'पीएम जन मन' के इस महान अभियान के माध्यम से भारत सरकार इन समुदायों पर 24 हजार करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। पीवीटीजी समुदाय अकसर वन क्षेत्रों के सुदूर और दुर्गम बस्तियों में रहते हैं । पीएम जन मन अभियान को आरम्भ करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा सरकारें पहले आंकड़ों को जोड़ने का काम करती थी लेकिन मैं आंकड़ों को नहीं बल्कि जिंदगी को जोड़ना चाहता हूं। यह प्रधानमंत्री जी की जनजातीय समुदायों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री के संकल्प को गति देते हुए भारत मंडपम, दिल्ली में पीएम-जनमन के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत कार्य योजना को अंतिम रूप देने के लिए मंथन शिविर का आयोजन कर योजना के क्रियान्वयन एवं रोड मैप पर चर्चा की गई। जनजातीय मंत्रालय ने पीएम-जनमन के तहत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती 'सुशासन दिवस' के अवसर पर 25 दिसंबर से देश के जनजातीय बाहुल्य जिलों में पीवीटीजी परिवारों तक पहुंचने के उद्देश्य से, सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) अभियान की शुरुआत की है। पिछले तीन सप्ताह में मंत्रालय द्वारा 100 से अधिक जिलों में 8000 से अधिक कैंप लगाए गए, जिनमें आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जनधन खाते आदि खोले जा रहे हैं, ताकि उन्हें आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना जैसी योजनाओं से वंचित लोगों को इसका लाभ मिल सके। विभिन्न मंत्रालयों द्वारा विगत दो माह में पीएम जनमन के तहत 4700 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक लाख लाभार्थियों को पक्के घर और 400 से अधिक पीवीटीजी बाहुल्य बसाहटों में 1200 किलोमीटर सड़कें बनाने की स्वीकृति दे दी गई है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा 100 छात्रावास, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 916 आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा 100 मोबाइल मेडिकल यूनिट, जनजातीय मंत्रालय द्वारा 450 मल्टीपर्पज सेंटर और 405 वनधन केंद्र, विद्युत मंत्रालय द्वारा 6500 से ज्यादा टोलो में 70000 से ज्यादा घरों में बिजली की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत भी हर घर नल पहुंचाने का कार्य भी तेजी से चल रहा है। जनजातीय समुदायों के उत्थान के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल में, ट्राइफेड ने फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी), एग्री बिजनेस, पेपरबोर्ड और पैकेजिंग में विशेषज्ञता रखने वाले एक प्रमुख भारतीय समूह आईटीसी के साथ एक रणनीतिक साझेदारी बनाई है। यह सहयोग न केवल जनजातीय समूहों की आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने बल्कि घरेलू और वैश्विक स्तर पर उनके उत्पादों की बाजार पहुंच का विस्तार करने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मेघालय और झारखंड में 60 वन धन विकास केंद्रों को लक्षित करते हुए एक अग्रणी पायलट परियोजना शुरू करने के लिए तैयार है।

# पृथक बुंदेलखण्ड निर्माण से ही बुंदेलों की दशा और दिशा में सुधार संभव

जन एक्सप्रेस। विजय प्रताप सिंह

**महोबा।** बुंदेलखण्ड प्रांत की मांग कोई राजनैतिक स्टेंड नही बुंदेलो की आन बान शान से जुड़ा हुआ प्रथक बुंदेलखण्ड राज्य आंदोलन होने से इंकार नही किया जा सकता। चूकि हम बुंदेलखण्डवासी अपने आप को बुंदेलखण्डी तो कहते है परंतु जब कोई यह प्रश्न करता है कि तुम्हारा बुंदेलखण्ड कहा है कि भूगभाग मे उसकी सीमाएं क्या है तो हम निरुत्तर हो जाते हैं हम बुंदेलखण्डी है किंतु बुंदेलखण्ड नही है।
इस समय हमारी हालत कृष्ण भगवान की तरह है। हम त्रिमागीलाल है हम तीन भागो मे बटे हुए है। एक ऊपर का टेढ़ा भाग है यूपी के बीच का सीधा भाग बुंदेलखण्डी राज्य है। और ऊपर कमर के नीचे पैरो तक टेड़ा भाग एमपी मे चला गया है। आखिर हम लोगो का देश तो होना चाहिए ताकि हम लोग यह कह सके कि हम बुंदेलखण्डी है और हमारा यह बुंदेलखण्डी है, हम भारतीय है भारत हमारा है किंतु हम बुंदेलखण्डी अवश्य है भारतीय होकर बुंदेलखण्डी नही मिट सकते। इसलिए बुंदेलखड का निर्माण करना हमारा कर्तव्य है बुंदेलखण्ड के नाम पर जब विचार करते है तो निष्कर्स निकलता है कि इसका नाम विंध्याचल के नाम पर विन्ध्येलखण्ड या बुंदेलखण्ड पड़ा इस प्रकार इसका नाम काल्पनिक जाति विशेषयां, निगूढ़ न होकर सहज और स्पष्ट से तत्सम्बंधित क्षेत्र का ही प्रतिनिधित्व करता है चाहे जाति विशेष, (चंदेल, बुंदेल) का नाम भले ही किसी आधार पर पड़ा हो सीमा निर्धारण मे प्राकृतिक स्थिति का विशेष हाथ होता है यमुना, नर्वदा, चम्बल और टौंस के अंक मे सिमटा और विन्ध श्रेणियो से घिरा खण्ड ही बुंदेलखण्ड है। इत यमुना, उत नर्वदा, इत चम्बल, उत टौंस। छात्रसाल सोलरन रूरही न काहो होश इस क्षेत्र मे भारत के सबसे बड़े पर्वत विंध्यायल की शैल श्रेणियां फैली होने, सीमांत पर यमुना, नर्वदा और टौंस के बहने और इस भूभाग मे मानव के बसने तथा उसकी अपनी संस्कृति बनने के समय से ही एक विषेश प्रखण्ड से बुंदेलखण्ड बना और जब तक यह सब रहेगे बुंदेलखण्ड बना रहेग। किसी के मानने या ना मानने से इस सत्य मे कोई अंतर नही आता।




पृथक बुंदेलखण्ड प्रदेश बनाने की मांग की जा रही है। स्पष्ट है कि बुंदेलखण्ड किसी को बनाना नही है वह तो बना हुआ है ही। मांग है कि उसके प्राकृत स्वरूप के कृत्रिम विभाजन को समाप्त कर देने की आज बुंदेलखण्ड 25 जनपदो के पौने 2-2 करोड़ की जनसंख्या युक्त 80 हजार वर्ग मील विस्तृत भूभाग को बुंदेलखण्ड नामधार प्रथृक राज्य बनाने की तीर्थ, आकांक्ष ने पुनः आंदोलन का रूप धारण कर लिया है। यद्यपि यहा की लोकसभा विचित्र रूप धारणीय है किंतु हम भाषा के आधार पर प्रथक बुंदेलखण्ड प्रांत की मांग कर रहे है। बुंदेलखण्ड प्रांत की प्रथक मांग तो इसकी रचनात्मक दृष्टि को ध्यान मे रखकर की जा रही है। यह प्रखण्ड अपने आप मे स्वावलम्बी प्रखण्ड है। यह समुद्र से दूर और देश के लगभग बीच मे स्थित है, पर्वत, नदिया, नाले घटिया और मैदान इस भूभाग मे फैले है यहॉ हर किसी की मिट्टी, अनेक प्रकार के खनिज भण्डार जिसमे पत्थर, लोहा व ताबां आदि तो है कि तथा बहुमूल्य हीरा, पन्ना आदि भी यहॉ पाया जाता है इस प्रकार की खनिज सम्पत्ति छिपी पड़ी है। यहॉ विश्व विख्यात खजुराहो, देवगण, कालिंजर दुर्ग केन नदी के बीच मे स्थित चंदेलवंश का दुर्ग, महोबा का सूर्य मंदिर आदि मूर्तिकला की श्रेष्ठयता ज्वलंत उदाहरण है जिन्हे देख विदेशी लोग भी अचम्भित हो जाते है। यहॅ सर्वविधिक है कि उत्तर प्रदेश तथा मध्यप्रदेश मे बुंदेलखण्ड का प्रतिनिधितत्व बिखर जाता है मध्यप्रदेश जैसे विस्तृत राज्य मे बुंदेलखण्ड की उपशाखाएं होने से यह और भी अधिक बिखर जाता है। बुंदेलखण्ड प्रांत इस प्रकार से बिखड़ा पड़ा है कि उसे अपनी सम्पूर्ण सीमा को निहारने का अवसर ही प्राप्त नही हो रहा। दो चार मील रास्ता तय करने पर ही राज्यो की सीमाएं बदल जाती है। मानिकपुर लाईन पर एक- एक स्टेशन पर प्रदेश बदलते है अतः शिक्षा व्यापार और रिस्तेदारी मे कितना कष्ट उठाना पड़ता होगा इसका अनभव यहॉ के निवासियो के अतिरिक्त दिल्ली की कुर्सी पर बैठने वाला थोड़ी जान सकता है। बुंदेलखण्डी प्रांत कृषि व खनिज की दृष्टि से सबसे अधिक शक्तिशाली है।

## एडीजी कानपुर ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। उरई



आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर कानपुर जॉन के अपर पुलिस महानिदेशक आलोक कुमार में उरई आकर स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले प्लेटफार्म नंबर एक पर बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम को देखा और उन्होंने आरपीएफ इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार यादव से कैमरा के संचालन के बारे में पूरी जानकारी ली। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात कमी से सर्कुलेटिंग एरिया और ट्रैक के कैमरा को चलवा कर देखा। उन्होंने पार्किंग में कितनी गाड़ियां रखी जाती है और ट्रेनों का उरई स्टेशन पर ठहराव के बारे में भी पूछा झांसी से कानपुर रेल मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था सिविल पुलिस से समन्वय बनाकर ट्रैक के किनारे बसे गांव के प्रधान पूर्व प्रधान के फोन नंबर लेकर उसे क्षेत्र के हल्का और चौकी इंचार्ज उनसे संपर्क बनाकर रखें। रेलवे ट्रैक के किनारे पेट्रोल पंप बना हुआ है। तो उसे पर यह ध्यान दिया जाए कि कोई भी व्यक्ति बोतल डिब्बा केन में पेट्रोल ना दिया जाए। इस पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि 20, 21, 22 को ट्रेनों की चेकिंग ट्रेन के कोचों को एलटी सेबोटेज सिस्टम के द्वारा ट्रेन के कोचो अंदर और नीचे चेक किया जाए। जिससे किसी प्रकार की विस्फोटक सामग्री तो नहीं रखी है। इसकी जानकारी प्राप्त हो जाए। उन्होंने आरपीएफ जीआरपी सिविल पुलिस के सब सभी अधिकारियों के साथ स्टेशन स्थित वीआईपी रूम में बैठक की पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या में आगामी 22 तारीख को विश्व स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसकी सुरक्षा को लेकर सभी बंदोबस्त किए गए हैं। ताकि किसी प्रकार की कोई घटना और दुर्घटना ना हो मुंबई से लखनऊ गुजरात से आने-जाने वाली ट्रेनों पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि झांसी कानपुर ट्रैक की संबंधित रेलवे के विभागों के साथ मिलकर सिविल पुलिस ट्रैक की सुरक्षा के लिए तत्पर रहेगी। मौके पर एसपी ईरज राजा, एएसपी असीम चौधरी, सीओ सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी, इंस्पेक्टर कोतवाली वीरेंद्र पटेल, थानाध्यक्ष जीआरपी अवधेश कुमार सिंह, देशराज सिंह मौजूद रहे।

## स्वच्छता मानव जीवन का अनिवार्य हिस्सा है: डॉ. पवन राय

जन एक्सप्रेस। भाटपार रानी, देवरिया

शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज भाटपार रानी देवरिया में स्वच्छता का कार्यक्रम आयोजित हुआ। स्वच्छता कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने महाविद्यालय प्रांगण में साफ सफाई का कार्य क्रम में हिस्सा लिया । साफ सफाई के पश्चात सभा को संबोधित करते हुए प्राध्यापक डॉ पवन कुमार राय ने कहा कि स्वच्छता मनुष्य जीवन का अनिवार्य अंग हैं। यह मानव जीवन की जीवन्तता तथा समृद्धि का सूचक है। बिना स्वच्छता को अपनाए हम उत्तम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। स्वच्छता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो सतीश चंद्र गौड़ ने कहा की स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है और हम स्वस्थ तभी होंगे जब स्वच्छता को जीवन में अपनाएंगे। हमें स्वच्छता के महत्व को समझकर अपने आचरण और व्यवहार में उतारना है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ रणजीत सिंह ने अंत में महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को इस कार्यक्रम की सफल हेतु धन्यवाद दिया और कहा कि आपका यह स्वच्छता का कार्य छात्र-छात्राओं और श्रसमाज के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा।

## नगर पालिका परिषद मठ मंदिरो की साफ सफाई मे जुटा

जन एक्सप्रेस। महोबा

शासन के निर्देशानुसार चलाये जा रहे स्वच्छ तीरथ महाअभियान में जहाँ रामकुण्ड में साफ-सफाई के साथ-साथ वृक्षारोपण कराया गया वहीं दूसरी ओर चन्देलकालीन सिद्धपीठ माँ बड़ी चन्द्रिका मंदिर में सफाई अभियान चलाया गया। नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा शासन के आदेशानुसार निकाय में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय जन्मेजय सिंह के कुशल निर्देशन में स्वच्छ तीरथ महाअभियान चलाया जा रहा है। इसी श्रृखंला में रामकुंड पार्क एवं मंदिर परिसर की साफ-सफाई करायी गयी तथा पालिकाध्यक्ष डॉ0 सन्तोष चैरसिया द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। इसी प्रकार पालिकाध्यक्ष द्वारा




बड़ी चन्द्रिका मंदिर में झाडू लगाकर सफाई करायी गयी। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय जन्मेजय सिंह ने बताया कि स्वच्छ तीरथ महाअभियान के अन्तर्गत 14 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक अनवरत् नगर में धार्मिक स्थलों, तालाबों, मुहल्लों, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों में साफ-सफाई हेतु महाअभियान चलाया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ तीरथ महाअभियान में मुख्य रूप से नगर के प्राचीन एवं नवीन धार्मिक स्थलों, तालाबों आदि की साफ-सफााई आदि का कार्य कराया जा रहा है, जिसमें आम जनमानस का भी अपेक्षित सहयोग मिल रहा है। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार जी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार निकाय में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक देवी मंदिरों, रामजानकी एवं हनुमान मंदिरों में प्रतिदिन संगीतमय सुन्दरकांड का आयोजन किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि दिनांक 22 जनवरी को तहसील चैराहा स्थित हनुमान मंदिर में सुन्दरकांड एवं विशाल भण्डारा का आयोजन किया जा रहा है।

## जिलाधिकारी व एसपी ने सलेमपुर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी जन समस्याएं

जन एक्सप्रेस। देवरिया

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने आज संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सलेमपुर तहसील में जन समस्याओं की सुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि लेखपाल क्षेत्र में नियमित रूप से सक्रिय रहे। यदि आगामी समाधान दिवस पर भी उनके सर्कल से संबंधित शिकायतें मिली तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने लेखपालों को विभिन्न राजस्ववादों में ससमय रिपोर्ट लगाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कई प्रकरणों में लेखपालों के समय से रिपोर्ट न लगने से राजस्ववाद लंबित है। उनकी जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने पुलिस विभाग से जुडे मामलो की सुनवायी किये व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया। तहसील सलेमपुर में आयोजित समाधान दिवस में कुल प्राप्त 92 प्रकरणो मे सर्वाधिक राजस्व विभाग के 46, पुलिस के 14, विकास के 8, शिक्षा के 1 व अन्य विभागों से 23 मामले आये। 7 प्रकरणों का आज समाधान किया गया। शेष 85 प्रकरणों को संबंधित विभागों समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश के साथ सौंपा गया। आज आने वाले प्रकरणों में से अधिकांश पारिवारिक भूमि विवाद, पैमाइश, चकरोड, अतिक्रमण, विद्युत आदि से संबंधित थे।

## प्रभारी मंत्री ने बंदियों व बच्चों को बांटे कंबल व ऊनी वस्त्र

# मंत्री ने बंदियों को अपराध की दुनिया छोड़ने का दिलाया संकल्प

जन एक्सप्रेस। उरई

कारागार व होमगार्ड्स स्वतंत्र प्रभार मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने जिला कारागार उरई में निरुद्ध बंदियों से सीधे वार्ता की। प्रभारी मंत्री ने बन्दियों से अपराध की दुनिया छोड़, समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि आपराधिक प्रवृत्ति से अलग हटकर जीवन की मुख्य धारा से जुड़े और आपराधिक घटनाओं से लग रहे। इस दौरान बंदियों से रूबरू होते हुए उन्होंने उनके सुख दुख जाना। उन्होंने कहा कि कौशल विकास मिशन के तहत आप सभी को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे आप सभी को जीविका मिले। साथ ही अपराधिक सजा काटने के बाद बाहर आपको रोजगार ढूंढने की आवश्यकता नहीं होगी। क्योंकि कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षित होंगे। जिससे रोजगार



आसानी से प्राप्त होगा। मंत्री ने सभी बन्दियों को कम्बल वितरण, हनुमान चालीसा व सुन्दरकाण्ड की पुस्तक अपने हाथों से भेंट की। साथ ही महिला बंदियों के साथ रह रहे छोटे बच्चो को गर्म कपड़े और बिस्किट का वितरण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, डीएम राजेश कुमार पाण्डेय, एसपी ईरज राजा, जेल अधीक्षक नीरज देव, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, कारागार चिकित्साधिकारी डा. राहुल वर्मन, उपकारापाल तारकेश्वर सिंह व अमर सिंह व समस्त कारागार आदि मौजूद रहे।

## हत्या मामले में दो आरोपियों को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा

जन एक्सप्रेस। उरई

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम परासन में बीते वर्ष 2017 की 4 अप्रैल को पुरानी रंजिश को लेकर किसान कांशीराम की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई थी। कांशीराम के लड़के किशुन ने गांव के ही रामबिहारी व अरुण के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था और पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके पास से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर ली थी। साक्ष्य संकलित कर उनके विरुद्ध कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। छह साल चले ट्रायल के बाद शनिवार को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश मुहम्मद कमर ने फैसला सुनाया। न्यायाधीश ने दोनों नामजद आरोपितों को हत्या के अपराध में दोषी करार दिया है। शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह राजपूत ने बताया कि न्यायाधीश ने दोषियों को उम्रकैद एवं 15-15 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

## आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस। महोबा

तहसील महोबा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इसमें जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, सीडीओ चित्रसेन सिंह द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर तहसील महोबा से कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे जुबेर बेग की अध्यक्षता में 10 में से 01 तथा तहसील कुलपहाड़ में उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद की अध्यक्षता में 14 में से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।
शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से



यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा।
यह भी कहा कि अधिकारीगण आईजीआर एस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

## युवती को बचाने में डिवाइडर से टकराकर युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। सिरसा कलार

कुठौंद थाना क्षेत्र इटहा सलेमपुर पर युवती को बचाने चक्कर में मोटरसाइकिल सवार डिवाइडर से टकरा गया। जिससे दोनो घायल हो गए। दोनो को उरई ले जाते समय युवक की मौत हो गई। युवती का इलाज चल रहा है। सिरसा कलार क्षेत्र के जखा निवासी गौरव सिंह 35 वर्ष पुत्र शिवराज सिंह गौर कानपुर में प्राईवेट नौकरी करता था। जो शुक्रवार शाम कानपुर से अपने गांव मोटर साइकिल से आ रहा था। तभी इटहा सलेमपुर के पास एक युवती लकड़ी का गट्ठर लेकर सड़क पार कर रही थी। उसे बचाने के चक्कर में उस युवती से टकराकर डिवाइडर से टकरा गया। जिससे उसके सिर में चोट लगी उसकी मौत हो गई। मृतक गौरव अपने माता पिता की इकलौती संतान था। उसके एक लड़का 5 वर्ष व एक लड़की 2 वर्ष की है। माता पिता व उसकी पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है।

## डीएम-एसपी ने समाधान दिवस में सुनी समस्याएं

जन एक्सप्रेस। उरई

डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ. ईरज राजा की अध्यक्षता में तहसील जालौन के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।
सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बंधित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम के समक्ष 17 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से करते हुए शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाए। उन्होंने तहसील में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना। समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रभारी परियोजना अधिकारी डूडा, अधिशाषी अभियन्ता लघु सिंचाई, प्रभारी पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपस्थित अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए वेतन रोकने के आदेश दिए। इस अवसर पर एसडीएम जालौन सुशील सिंह, सीओ जालौन उमेश पाण्डेय, तहसीलदार आदि जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## नील गाय के झुंड ने किसान की फसल को कर दिया बर्बाद

जन एक्सप्रेस। महोबा

फसल बर्बादी और कर्ज से परेशान किसान ने अपने खेत में जाकर आत्महत्या कर ली। अधेड़ किसान की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है। किसान की मौत से उसके परिवार के सामने भविष्य की चिंता खड़ी हो गई है।
दरअसल आपको बता दे कि पूरा मामला महोबा शहर कोतवाली क्षेत्र के दमौरा गांव का है। जहां फसल की बर्बादी और कर्ज से परेशान किसान ने अपनी जीवन लीला ही समाप्त कर ली है। बताया जाता है कि 53 वर्षीय किसान भन्नू पुत्र कल्लू ने अपनी साढ़े चार बीघा जमीन में चने की फसल बोई थी। जिसे नीलगाय के झुंड ने फसल को बर्बाद



कर डाला। आज जब किसान खेत पर पहुंचा और अपनी बर्बाद फसल को देखा तो उसके होश उड़ गए। परिजन बताते हैं कि किसान द्वारा क्रेडिट कार्ड पर 100000 का कर्ज़ बैंक से लिया गया था उसकी भरपाई के साथ-साथ परिवार के भरण पोषण की चिंता किसान को थी। ऐसे में फसल की बर्बादी उसके लिए नासूर बन गई। हताश और परेशान किसान ने खेत में ही पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि पिछली फसल भी बर्बाद हो गई थी और इस फसल में पाला पड़ गया ऊपर से नील गाय के झुंड ने फसल को तहस नहस कर डाला। किसान के तीन बच्चे बताए जा रहे हैं। जिसमें 28 वर्ष के कंधी के अलावा 14 वर्षीय किशन और 11 वर्षीय शिवम है। पेड़ से लटके शव को देख लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। परिवार के लोग भी चीख पुकार मचाते मौके पर पहुंचे है। इस घटना से परिवार में मातम है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुटी हुई है। मृतक किसान के परिवार ने सरकारी मदद की गुहार भी लगाई है।

## चूल्हे की चिंगारी से उजड़ा गरीब का आशियाना, जलकर मासूम की मौत

जन एक्सप्रेस। उरई

एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिरोना में बीते दिन देर शाम चूल्हे से निकली चिंगारी से गरीब के आशियाने में आग लग गई। जिसकी चपेट में आने से एक माह के मासूम की झुलस कर मौत हो गई।
घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे, और उन्होंने मामले की जांच शुरू कर दी।
एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिरोना निवासी चेतराम बरार के मकान में शुक्रवार की देर शाम खाना बन रहा था। उसी दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी की आग उसके छप्पर लग गई। देखते ही देखते जलने लगा। तभी छप्पर का एक जलता हुआ हिस्सा अन्दर सो रहे गुलाब सिंह के एक माह के पुत्र पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। इस दौरान ग्रहस्वामी ने किसी तरह मासूम पुत्र को बाहर निकाला और उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। वहीं पुत्र की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में रोना पीटना शुरू हो गया। फिलहाल मासूम पुत्र की मौत के बाद से मां काजल का रो-रोकर बुरा हाल है। वही परिजनों ने पुलिस को बिना बताये अंतिम संस्कार कर दिया। फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही पिरौना क्षेत्र के लेखपाल चंदन शिवहरे मौके पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने जांच पड़ताल कर रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी है। जहां पर उन्होंने जांच पड़ताल कर रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी है।

# अयोध्या धाम में 51 स्थानों पर 22 हजार से अधिक वाहनों की होगी पार्किंग

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

योगी सरकार ने श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने वाले मेहमानों के वाहनों की पार्किंग के लिए पुख्ता इंतजाम किये हैं। योगी सरकार ने पार्किंग की व्यवस्था प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम और उसके बाद आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए अयोध्या धाम में पार्किंग के लिए 51 स्थानों को चिन्हित किया है। इन पार्किंग में 22,825 वाहनों को पार्क किया जा सकेगा। इतना ही नहीं पार्किंग के लिए किसी को भटकना न पड़े इसके लिए पार्किंग स्थलों को गूगल मैप पर अपलोड कर दिया गया है। वहीं पार्किंग स्थलों को वीवीआईपी, वीआईपी और अन्य मेहमानों के लिए भी रिजर्व किया गया है। इन पार्किंग को वायरलेस और पीए सिस्टम से लैस किया गया है।



### ड्रोन से वीवीआईपी पार्किंग स्थल की होगी निगरानी

अयोध्या ट्रैफिक सीओ राजेश तिवारी ने बताया कि रामपथ और भक्ति पथ स्थित 6 पार्किंग स्थानों को वीवीआईपी मेहमानों के वाहनों के लिए रिजर्व किया गया है। यहां पर वीवीआईपी मेहमानों की 1225 गाड़ियों को पार्क किया जाएगा। इसके अलावा धर्म पथ मार्ग और परिक्रमा मार्ग पर नौ पार्किंग स्थानों को वीआईपी के लिए रिजर्व किया गया है।

### इन स्थानों पर की गई पार्किंग की व्यवस्था

एडीजी ट्रैफिक बीडी पॉल्सन ने बताया कि अयोध्या धाम में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने वाले मेहमानों की गाड़ियों को पार्क करने के लिए 51 स्थानों को चिन्हित किया गया है। इनमें एक समय में एक साथ करीब 22,825 वाहनों को पार्क किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि रामपथ पर 5 स्थानों, भक्ति पथ मार्ग पर 1 स्थान, धर्म पथ मार्ग पर चार स्थानों, परिक्रमा मार्ग पर पांच स्थानों, बंधा मार्ग पर दो स्थानों, टेढ़ी बाजार रामपथ से महोबरा मार्ग पर एक और टेढ़ी बाजार रामपथ से उनवल मार्ग पर 7 स्थानों को पार्किंग के लिए चिन्हित किया गया। इसके अलावा अयोध्या से गोंडा मार्ग पर दो, एनएच 27 पर दस स्थानों, तीर्थ क्षेत्र पुरम में सात स्थानों और कारसेवक पुरम टेंट सिटी के आस-पास तीन स्थानों, रामकथा मंडपम टेंट सिटी पर चार स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इन पार्किंग को सरकारी, नजूल, निजी और पर्यटन विभाग की भूमि पर बनाया गया है। इसके अलावा अयोध्या धाम में बनी मल्टीलेवल पार्किंग में भी गाड़ियों को पार्क किया जाएगा।

## राम मंदिर उद्घाटन के लिए पहुंचे नामधारी सिखों ने गुरुपुर्व मनाया

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



'राम मंदिर उद्घाटन' समय नामधारी मुखी ठाकुर दलीप सिंह के आदेश से अयोध्या पहुँच कर लंगर की सेवा कर रही नामधारी संगत ने सतिगुरु गोबिंद सिंह जी का गुरुपुर्व, नगर कीर्तन निकालकर तथा लंगर लगाकर मनाया। श्री ठाकुर के आदेश से अयोध्या पहुंची हुई नामधारी संगत प्रतिदिन नाम-जप व कथा-कीर्तन करती है तथा राम भक्तों को नए-नए प्रकार के विलक्षण स्वादिष्ट भोजन प्रेमपूर्वक छकाती है।

नगर कीर्तन दौरान बिहारी दास, नथुनी बाबा, नेपाल की रानी साहिबा मां राज लक्ष्मी एवं अन्य हिन्दू संतजन विशेष रूप से शामिल हुए तथा इन संतजनों ने भी सतगुरु गोबिंद सिंह जी की शोभा में कीर्तन किया। इस अवसर पर भगवान राम चंद्र जी तथा सतगुरु गोबिंद सिंह जी का आपसी नाता जोड़ते हुए ठाकुर दलीप सिंह ने अपने संदेश में कहा कि सोढ़ी सुल्तान सतगुरु गोबिंद सिंह जी सूर्यवंशी भगवान रामचंद्र जी के कुल में प्रकट हुए हैं। जिस संबंध में सतगुरु गोबिंद सिंह जी ने स्वयं अपनी वाणी में लिखा है **अब मै कहो सु अपनी कथा। सोढ़ी बंस उपजिया जथा और सोढ़ीराइ धरा तिह नामा। वंस सनौढ़ ता दिन ते थीआ। परम पवित्र पुरख जू कीआ।** गुरुवाणी की इन पंक्तियों के अनुसार, श्री रामचंद्र जी सतगुरु गोबिंद सिंह जी के पूर्वज हैं। जिस कारण, वह सिख पंथ के लिए पूजनीय हैं। नामधारी गुरू ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी को स्मरण करते हुए सभी भारतीय प्रतिदिन आधा घंटा समय अपने अनपढ़ भाई, बहनों, बच्चों को पढ़ाना आरंभ कीजिए। यह सही रूप में गुरु जी का गुरुपूर्व मनाना होगा।

इस मौके पर सूबा भगत सिंह, सूबा रतन सिंह, सूबा अमरीक सिंह, तजिन्दर सिंह, जथेदार कूका सिंह, बीबी संदीप कौर, भूपिंदर कौर, गुरदीप कौर, तजिन्दर कौर आदि मौजूद थे।

## रोजगार मेले में 167 अभ्यर्थियों का चयन

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद के विकास खण्ड भीटी परिसर में कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनार्न्तगत ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया गया, मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, दिनेश कुमार मौर्या खण्ड विकास अधिकारी भीटी, श्रीमती स्वाती श्रीवास्तव सी0एम0 फेलो विकास खण्ड भीटी एवं एस0 सिद्दीकी जिला समन्वयक, कौशल विकास मिशन उपस्थिति रहे। कार्यकम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं बुके देकर जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एस0सिद्दीकी जिला समन्वयक, कौशल विकास मिशन द्वारा किया गया। जिला समन्वयक द्वारा उपस्थित सभी प्रशिक्षार्थियों को यह अवगत कराया गया कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है।

# महाराष्ट्र से आए पौधों की खूबसूरती से दिव्यतम नजर आ रहा श्रीराम जन्मभूमि परिसर

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

महाराष्ट्र से आए साढ़े सात हजार पौधों की खूबसूरती से श्रीराम जन्मभूमि परिसर दिव्यतम नजर आने लगा है। 22 जनवरी को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत लगभग आठ हजार से अधिक आगंतुक श्रीराम जन्मभूमि परिसर में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शिरकत करेंगे तो आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ वहां की हरियाली भी मन मोह लेगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व उप्र वन विभाग की तरफ से यहां प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम की दृष्टि से पौधेयुक्त साढ़े सात हजार गमलों को सजाया जा रहा है। इन गमलों से नाना प्रकार के देशी-विदेशी फूल होंगे, जिनकी अद्भुत छटा मंदिर प्रांगण में बैठे आगंतुकों को अपनी ओर आकर्षित तो करेगी ही, साथ ही रामायण काल की अनुभूति भी प्रतीत कराएगी।

✻ जन्मभूमि परिसर में लगाए जा रहे साढ़े सात हजार से अधिक पौधे



### महाराष्ट्र से आए साढ़े सात हजार से अधिक पौधों से दमकेगा परिसर

22 जनवरी को श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को देखते हुए पूरे परिसर को सजाया जा रहा है। फूलों की साज-सज्जा के साथ ही यहां गमले भी लगाए जा रहे हैं। इसके लिए महाराष्ट्र से साढ़े सात हजार से अधिक गमले व पौधे आए हैं। तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट व उप्र वन विभाग की तरफ से इन्हें परिसर में सजाया जा रहा है। पेड़-पौधों की खुशबू से आगंतुक मंत्रमुग्ध हो जाएं। इसकी तैयारी भी तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व सीएम योगी के निर्देश पर वन विभाग की तरफ से युद्ध स्तर पर अंतिम दौर की तैयारी की जा रही है।

### इन पौधों से बढ़ेगी परिसर की भव्यता

राम मंदिर प्रांगण में 56 प्रजाति के पौधे लगाए जा रहे हैं। इनमें एग्लोनेमा रेड-लिपिस्टक, पिंक, ऐलोकेशिया ब्लैक वेलवेट- कुकुलता, वेस्टिल, फिलोड्रेनड्रॉम रिंग ऑफ फायर-बिरकिन, जेनाडू, रेड कांगो, पिंक फायर, पिंक प्रिंसेज, डिफेनबेकिया व्हाइट, होमालोमेना ब्रांज, केलेडियम मिक्स, मेलपिधिया श्रीराम, ड्रकाना महात्मा, सेफलेरा, वेरीगेटेड, लोरोपेटलम, रेडार मचेरा, डिफेनबेकिया बोमानी, मोंसटेरा डेलीसिओसा, आर्केड मिक्स, पीस लिली आदि प्रमुख हैं।

### दूब घास से वाटिका को और बनाया जा रहा आकर्षित

डीएफओ सितांशु पांडेय ने बताया कि नक्षत्र वाटिका पूरी तरह से तैयार हो चुकी थी। इसे और भव्य रूप दिया जा रहा है। क्योंकि बंदरों ने यहां की मिट्टी को भी खोद दिया था, लिहाजा यहां मिट्टी डालकर सलेक्शन ग्रेड-1 ग्रास व दूब घास लगाए जा रहे हैं। राम जन्मभूमि परिसर के अंदर नक्षत्र वाटिका को विशिष्ट रूप दिया जा रहा है। आयरन ट्री गार्ड लगाए गए हैं, जो पौधों की रक्षा कर रहे हैं।

### रामायण कालीन वैभव की अनुभूति करा रही नक्षत्र वाटिका

जन्मभूमि परिसर में स्थापित नक्षत्र वाटिका की खूबसूरती भी भावविभोर कर रही है। हरियाली का ध्यान रखते हुए नक्षत्र वाटिका में तैयार हो चुके पेड़ यहां की शोभा व वातावरण को दिव्य-भव्य करेंगे। श्रीराम जन्मभूमि परिसर में रामायणकालीन वैभव को दर्शाने वाले नक्षत्र वाटिका में 27 नक्षत्रों से जुड़े 27 पेड़ लगाए गए हैं। राम मंदिर परिसर हरा भरा हो, इसके लिए पूरे प्रांगण में हरियाली का खास ध्यान रखा जा रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नक्षत्र वाटिका में पौधरोपण भी किया था। रामायण कालीन पेड़ों में पीपल, पाकड़, नीम, गुटेल, महुआ, शीशम, खैर, पलास, बेल, मौलिश्री, शमी, कदंब, आम, अर्जुन, गुलर, साल, बरगद, आंवला, चीड़ आदि के पौधे लगाए गए हैं। इनका संबंध भी नक्षत्रों से है।

## रामरथ झांकी के साथ पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने घर-घर अक्षत वितरित किया

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

जय श्री राम उद्घोष व डीजे पर बजते राम भजनों के साथ गोसाईगंज के देवा सूर्यभानपुर मयाबाजार में हर घर झण्डा एवं दीप प्रज्वलन हेतु रामरथ झांकी के साथ पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने घर-घर अक्षत वितरित किया। रामरथ के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए। पूर्व विधायक ने कहा 5 सदी का लम्बा इंतजार समाप्त होने पर मात्र कुछ समय शेष है। लाखों बलिदानियों ने राम मंदिर के लिए अपना बलिदान दिया है। हमारी पीढ़ी इस ऐतिहासिक क्षणों की साक्षी बन रही है। प्रधानमंत्री की अपील के अनुसार हम सभी 22 जनवरी को अपने घरो के निकट के देवस्थानों को स्वच्छ करें। दिन मे वहां भजन-कीर्तन पूजन का कार्यक्रम आयोजित करें। शाम के समय अपने घर प्रतिष्ठान को रामज्योति से जगमग करें। इस दौरान पवन उपाध्याय, रवी उपाध्याय, नरसिंह उपाध्याय, जितेन्द्र उपाध्याय, उमा शंकर दुबे, राम कुमार मौर्या, जगन्नाथ, राकेश कनौजिया, गोपाल दास महाराज, जेठू गौड़, शिवदास गौड़, बद्री प्रसाद कनौजिया, विश्वनाथ उपाध्याय, मनोज दुबे, ध्रुव गुप्ता, नवीन सिंह, शत्रुघ्न मोदनवाल, के पी सिंह, जयप्रकाश तिवारी, कैप्टन सिंह, राजीव सिंह बंटी, मनोज सिंह, वीरेंद्र तिवारी, सुभाष शुक्ला, चंद्रभूषण सिंह, राम सागर गुप्ता, कृष्ण देव मिश्रा, संदीप तिवारी, संतोष सिंह, ऋषि पांडे, राजू तिवारी, राज मंगल सिंह, बबलू सिंह, सुजीत मिश्रा, राम प्रकाश तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### इनलैंड वॉटरवेज के लिहाज से अब पूरी दुनिया में हो रही अयोध्या के 'सरयू मॉडल' की चर्चा

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर अयोध्या को विकसित करने का योगी सरकार का सपना वास्तविकता की शक्ल ले चुका है। खास बात यह है कि नव्य अयोध्या के जिस विजन को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ प्रयासरत हैं उसमें शहरी विकास व सौर ऊर्जा आधारित नगरीय परिवहन के साथ ही देश में पहली बार इनलैंड वॉटर मैकेनिज्म को भी विकसित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस क्रम में सीएम योगी द्वारा शुक्रवार को सोलर बोट का उद्घाटन किया गया था और साथ ही अब जल्द ही क्लीन एनर्जी फोकस्ड (विशेषकर विद्युत व सौर ऊर्जा चालित) अन्य बोट्स की खेप को यहां लाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि वर्षों तक पराभव का दंश झेलने वाली अयोध्या अब सरयू नदी में नौका विहार गतिविधियों के साथ ही ऐसे अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हो रही है जो आगे चलकर इसे वाराणसी की तर्ज पर इनलैंड वॉटवेज के नए बड़े सेंटर के तौर पर स्थापित कर सकेगा। इतना ही नहीं, हाल के वर्षों में यहां हुए प्रयासों के कारण अब देश-दुनिया में इनलैंड वॉटरवेज नेविगेशनल ऑपरेशंस के लिहाज से अयोध्या के सरयू मॉडल की चर्चा हो रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) द्वारा विकसित की गई रूफ टॉप माउंटेड सोलर बोट सर्विस का शुक्रवार को उद्घाटन कर देश में पहली बार इनलैंड वॉटरवेज के लिहाज से गेमचेंजिंग साबित होने वाले इलेक्ट्रिक सोलर टेक्नोलॉजी बेस्ड बोस सर्विस का शुभारंभ किया था। इस बोट को सरयू घाट के किनारे असेंबल किया गया है तथा देश के विभिन्न कोनों से इसके कल-पुर्जे व अन्य साजो-सामान मंगाए गए हैं। यह बोट पूरी तरह से स्वदेशी है और इसे मेक इन इंडिया के तहत बनाया गया है।

## प्राइवेट कर्मचारियों के भरोसे हो रहा है रजिस्ट्री ऑफिस में काम

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर




जनपद के सभी रजिस्ट्री कार्यालय में बिना वेतन, मानदेय के सरकारी कर्मी की तरह काम करते हैं कई लोग, स्पॉट निरीक्षण तक का काम करते हैं बिचौलिये, जिले की सभी तहसीलों में हैं बोलबाला।अकबरपुर तहसील के रजिस्ट्रार आफिस में बाहरी लोगों का रहता है ज्यादा दखल अंदाजी

जनपद के सभी तहसीलों के रजिस्ट्री कार्यालयों मे बिचौलिये सक्रिय हैं, जो बिना स्थायी-अस्थायी नियुक्ति और मानदेय के काम करते हैं। इस तरह के दलालों का दखल हर टेबल पर होता है। जमीनों के बैनामों में स्टांप कम तो नहीं जमा किया गया, इसके लिए स्पॉट निरीक्षण जैसी गंभीर प्रक्रिया भी ऐसे लोगों के जिम्मे है। कुछ तो ऐसे हैं जो अधिकारियों के घर सुबह-शाम खान सामे का काम करने के साथ दिन में रजिस्ट्री विभाग में सरकारी कर्मचारियों की तरह महत्वपूर्ण पटल के काम भी करते दिख जाते हैं। स्टांप, बैनामा करने वाले क्रेता, विक्रेता, गवाहों की जांच समेत कई तरह की प्रक्रिया में इन दलालों की अहम भूमिका होती है

यदि जिलाधिकारी अथवा उच्च अधिकारी द्वारा सघन औचक निरीक्षण किया जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी।

## 1715 परीक्षार्थियों ने दी जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन जिले के सभी विकास खण्डो पर किया गया। परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। जानकारी के अनुसार 20 जनवरी को जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न कराई गई। नवोदय विद्यालय की प्रधानाचार्य गीता मिश्रा ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए 3246 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। शनिवार को आयोजित प्रवेश परीक्षा में 1715 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जबकि 1531 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने बताया कि जनपद के में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे । सभी नौ विकासखंडों पर एक-एक तथा हरैया सतघरवा विकासखंड में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रो पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ नियमानुसार कक्ष निरीक्षकों की भी व्यवस्था की गई थी। उन्होंने स्वयं रेहरा बाजार, गैड़ास बुजुर्ग तथा उतरौला के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इसके अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक ने तुलसीपुर के बसंत लाल इंटर कॉलेज तथा जिला मुख्यालय के डीएवी इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने भी पचपेड़वा व गैसड़ी क्षेत्र में परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण किया।

## पंजाब नेशनल बैंक ने मोबाइल एटीएम वैन का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



अयोध्या राम की नगरी के प्रांगण में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा मोबाइल एटीएम वैन का शुभारंभ हुआ। एवं विकलांग जनों के लिए व्हीलचेयर भी प्रदान की गईं। शनिवार को पीएनबी बैंक के द्वारा सर्किट हाउस में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ए के शर्मा नगर विकास एवं ऊर्जा राज्य मंत्री ने फीता काटकर शुभारंभ किया।वहीं इससे पूर्व मुख्य अतिथि का पीएनबी बैंक के अधिकारियों द्वारा बुके, प्रभु श्रीराम का स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र भेट कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में लखनऊ से आए पीएनबी बैंक अंचल प्रमुख मृत्युंजय ने कहा कि आज हमारे बैंक की तरफ से प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर एक कार्यक्रम सर्किट हाउस में आयोजित हुआ है जिसमें हमारे बैंक के द्वारा दो मोबाइल एटीएम वैन व 11 शाखाओं का लोकार्पण किया गया है, साथ ही व्हीलचेयर भी हमने आज विकलांगों को दी है।

इस अवसर पर अंचल प्रमुख लखनऊ मृत्युंजय, मंडल प्रमुख नीरज गुप्ता, अमित कुमार पांडेय, अशोक पांडेय साहित बैंक के कई अधिकारी मौजूद रहे।

### जशने मौलूदे काबा का कार्यक्रम 25वां 26 को

**जन एक्सप्रेस/अंबेडकर नगर।** जनपद के अकबरपुर तहसील के थाना सम्मनपुर क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में जशने मौलूदे काबा का कार्यक्रम 25 व 26 को प्रोग्राम की तैयारी जोरों पर चल रही है मौला ए कायनात हजरत अली इब्ने तालिब अबी तालिब सलाम अलैहिस्सलाम के जन्मदिन 13 रजब के अवसर पर ग्राम पंचायत सिकंदरपुर के स्थित सदर इमामबाड़ा मैं जशने मौलूदे काबा का 112 वा दौरा आगामी 25 व 26 जनवरी को आयोजित होगा कार्यक्रम के आयोजन बाकर हैदर जैदी ज़फ़र ज़ैदी ने बताया कि दिनभर चलने वाले दो दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम में मौलाना फजले मुमताज और मौलाना जैगम रिजबी मुख्य वक्ता होंगे जबकि शायरो में रजा मौरानवी जकी रसूल पूरी खुर्शीद हैदर मुजफ्फरपुर चंदन फैजाबादी तथा अजहर एजाज कायमी जलालपुरी व मुंतजिर जलालपुरी करेंगे निजामत वही सिकंदरपुर गांव में सदर इमामबाड़े पर कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर चल रही है।

## महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर वीआईपी लाउंज करेगा 200 पर्यटकों का स्वागत

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर अयोध्या को विकसित करने का योगी सरकार का सपना रंग लाने लगा है। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम व उसके उपरांत यहां आने वाली लाखों पर्यटकों व तीर्थयात्रियों की भीड़ को संभालने के दृष्टिगत सीएम योगी आदित्नाथ के विजन अनुसार अयोध्या नगर निगम ने महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट अयोध्या धाम (एमवीआईएएडी) में वीवीआईपी लाउंज के विकास की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शॉर्ट टर्म स्टे बेस्ड इस लाउंज का विकास 2 महीने के रेंटल बेसिस पर किया जाएगा तथा इसके लिए उचित कॉन्ट्रैक्टर्स को आबद्ध करने की प्रक्रिया जारी है। यह वीआईपी लाउंज कई मायनों में खास होगा और स्वच्छ भारत तथा इंटरनेशनल एविएशनल पॉलिसी के अंतर्गत आने वाले मानकों के अनुसार विकसित किया जाएगा। इसके पूरा होने पर प्रतिदिन 200 पर्यटकों को शॉर्ट टर्म बेसिस पर स्टे करने की सुविधा एयरपोर्ट पर ही उपलब्ध करायी जा सकेगी। साथ ही, वह यहां लॉजिंग के साथ ही आराम भी कर सकेंगे और डाइनिंग स्पेस में भोजन व जलपान का लुत्फ भी उठा सकेंगे।

**3 पार्टिशंस में लाउंज का होगा विकास, टेंट बेस्ड कॉटेज स्टे जैसा होगा लुक**

अयोध्या नगर निगम की कार्ययोजना के अनुसार 3 पार्टिशंस में वीआईपी लाउंज का विकास होगा। यह टेंट बेस्ड कॉटेज स्टे जैसे लुक वाले पार्टिशंस के तौर पर विकसित होंगे जो कि स्वच्छ भारत के ओडीएफ प्लस प्लस व व वॉटर प्लस जैसे मानकों के आधार पर विकसित शौचालय सुविधा के साथ युक्त होंगे। 3 पार्टिशंस में कुल 8 ब्लॉक का विकास किया जाएगा।

### रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत पहुंचीं अयोध्या

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** 22 जनवरी को होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत अयोध्या पहुंचीं चुकीं है। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, फ़अयोध्या धाम के दर्शन जिन्हें होते हैं वो बहुत ज्यादा पुण्य कमाते हैं... हमारा सौभाग्य है कि हमें ईश्वर ने सद्बुद्धि दी है कि हम आएं और उनके दर्शन करें तो कुछ ऐसे लोग भी हैं जिन्हें दुर्बुद्धि दी है कि वो उनके दरबार में ना आएं और उन्हें ईश्वर के दर्शन ना मिलें। अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से प्रभु श्रीराम की प्रतिमा की झलक दिखाते हुए मूर्तिकार को उनके काम के लिए जमकर सराहा है। कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर भगवान राम की मनमोहक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, **मैंने हमेशा जैसा सोचा था कि भगवान राम उसी तरह हैं और मेरी कल्पना इस मूर्ति के जरिये बयां हो गई है। अरुण योगीराज आप धन्य हैं।** बता दें कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में फिल्म, विज्ञान, लेखन और राजनीति समेत कई विधाओं से जुड़ी हस्तियां शामिल होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम में मुख्य भूमिका में होंगे। इतना ही नहीं इस मौके पर अलग-अलग पंथों के साधु-संतों को भी अयोध्या आने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## तहसील तुलसीपुर में आयोजित समाधान दिवस में डीएम ने सुनी जनता की शिकायतें, निस्तारण के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



शनिवार को जनपद के तुलसीपुर तहसील सभागार में जिला अधिकारी अरविंद सिंह के अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें डीएम ने लोगों की समस्याएं सुनकर निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। इसके साथ ही बाकी दोनों तहसीलों में भी अधिकारियो ने जनता की शिकायतों को सुनकर निस्तारण के लिए निर्देश दिया है। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी द्वारा आमजनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना गया और 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। साथ ही अन्य शिकायतों का संबधित विभागों के अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण करते हुए 03 दिवस के भीतर निस्तारित किये जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करेंगें, आमजनमानस कों शिकायतों के निस्तारण के लिए बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाना पड़े, इसका विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने कहा की जमीनी विवाद, चकरोट, चेकमार्ग आदि मामलों को कानूनगो एवं लेखपाल मौके पर जाकर निस्तारण करें। इसके साथ ही एसडीएम एवं तहसीलदार का कानूनगों एवं लेखपाल पर प्रभावी नियंत्रण हो तथा सभी थानाध्यक्षों एवं पुलिस प्रशासन का तहसील के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ बेहतर समन्वय हो। इस दौरान 36 मामले आये, जिसमें 04 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, एसडीएम तुलसीपुर, सीएमओ, पीडी डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

उतरौला में एडीएम ने सुनी जनता की फरियाद तहसील उतरौला संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने फरियादियों की शिकायतों को सुना गया, जिसमें 23 शिकायतें आयें और 01 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम उतरौला व सीओ उतरौला व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने निकाली रथयात्रा

* शहर में जगह-जगह स्वागत, पुष्प वर्षा, हुई आरती

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल द्वारा शहर में भव्य रथ यात्रा निकाली गई। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया राम भक्तों ने रथ यात्रा पर पुष्प वर्षा की कई जगह प्रसाद वितरण किया गया। शहर में निकाली गई दो दिवसीय रथ यात्रा का शुभारंभ शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक डा हरीश रौतेला ने पूजन और झंडी दिखाकर किया था। शनिवार को यह रथ यात्रा नगर पालिका परिषद से आरंभ हुई। रथयात्रा में भगवान श्री राम माता जानकी, लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न हनुमान जी और महर्षि वाल्मीकि की झांकी सजी हुई साथ में चल रही थी। भजन कीर्तन पार्टी द्वारा सुंदर भजन रास्ते पर गाये जा रहे थे। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल और तमाम सभासद यात्रा में भगवान श्री राम के जयकारे लगाते हुए और भजन गाते हुए चल रहे थे। विभिन्न स्थानों पर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया और पुष्प वर्षा की गई। जगह-जगह पर महिलाओं ने भगवान श्री राम की आरती भी उतारी। शनिवार 20 जनवरी को दोपहर 12 बजे यह यात्रा नगर पालिका परिषद कार्यालय से शुरू होकर चीनी मिल मार्ग होते हुए गौहनिया चौराहा, नेहरू पार्क, नकटा दाना चौराहा, सेंट अलॉयसिस स्कूल से होते हुए खकरा चौकी, आयुर्वैदिक कॉलेज चौराहा, जामा मस्जिद चौराहा, कमल्ले का चौराहा, चौक बाजार, सुनहरी मस्जिद चौराहा, ड्रमंड गंज चौराहा से स्टेशन रोड, चावला चौराहा, छतरी चौराहा, स्टेशन चौराहा होते हुए वापस नगर पालिका कार्यालय पर समाप्त हुई। पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था ने सभी नगर वासियों से अपील की, कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सभी के लिए हर्ष और गौरव का विषय है। सभी नगर वासी इस दिन को त्यौहार के रूप में मनाएं। अयोध्या में श्री राम लला के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सभी लोग अपने घर के निकटतम मंदिर में 11 ग्यारह दिये जलाने का संकल्प लेकर इस पर्व को दीपावली के रूप में मनाए। हम सभी पीलीभीत नगरवासी प्रभु श्री राम के शुभ चरणों में 51000 दिए जलाने का संकल्प पूर्ण करेंगे। रथयात्रा में रतना शुक्ला, साकेत सक्सेना, राजेंद्र भारती, विपिन त्यागी, सुरेश लोधी, मनोज मिश्रा, अवतार सिंह मोनू, राशिद हुसैन, शिखा वर्मा, शिवम श्रीवास्तव, गोकुल मौर्य, वतनदीप मिश्रा, चेतन गंगवार आदि सभी सभासद एवं सैकड़ो श्रद्धालुओं मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, नेहरू पार्क संचालन सौरभ सक्सेना, भाजपा नगर महामंत्री अंकुर अग्रवाल, देवेश बंसल, बीसलपुर मिष्ठान भंडार - पारस अग्रवाल, राजेश दाल वाले, अनिल अग्रवाल - मोनिका हौजरी, सुमित गुप्ता मंशाराम स्वीट्स, अनिल मनी - मैनी गारमेंट्स, डी सी डी एफ अध्यक्ष श्रीमती संगीता मौर्य, भाजपा नगर मंत्री देव प्रकाश, नीरज रस्तोगी - पंकज ज्वेलर्स, वी मार्ट स्टोर मैनेजर व मार्ट आदि लोगों ने विभिन्न जगहों पर भव रथयात्रा का स्वागत किया।

## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु जनपद में धार्मिक स्थलों धार्मिक कार्यक्रमों का किया जा रहा आयोजन



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर 14 से 22 जनवरी तक प्रदेश के समस्त राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों, वाल्मीकि मंदिरों में रामकथा, रामायण-पाठ, भजन कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराए जाने के निर्देशों के क्रम में कल से जनपद में इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कलाकारों व भजन मंडलियों द्वारा मंदिर प्रांगण में भजन/कीर्तन, रामायण पाठ आदि का आयोजन कराया जा रहा है, श्रद्धालुओं द्वारा लगातार कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जा रहा है। इसके साथ ही मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलन/दीप दान, प्रवचन, अनवरत रामायण/रामचरित मानस का पाठ/सुन्दरकाण्ड आदि के कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। उक्त कार्यक्रमों के आयोजन हेतु मुख्य विकास अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा नोडल अधिकारी नामित कर तहसील सदर में तहसीलदार सदर व विकासखण्डों में खण्ड विकास अधिकारी मंदिरों का चयन कर कार्यक्रमों का आयोजन किये जा रहे है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### प्राण प्रतिष्ठा से पहले मंदिर में चला स्वच्छता अभियान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/सिंगरामऊ। प्रधानमंत्री के आवाहन पर देश भर के सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के क्रम में शनिवार को सिंगरामऊ बाजार स्थित प्राचीन श्रीगौरी शंकर मंदिर में भी सफाई अभियान चलाया गया। यह विशेष सफाई अभियान कुँवर जय सिंह जयबाबा व विधायक रमेशचंद्र मिश्रा के नेतृत्व में



गौरीशंकर मंदिर, महाकाली मंदिर, बाबा गूदरनाथ धाम के आसपास सफाई का कार्य किया गया। इसके अलावा मंदिर के पास पोखरे के चबूतरे की भी साफ-सफाई किया गया। वहां पर कुँवर मृगेंद्र सिंह शिवबाबा, सिंगरामऊ प्रधान विनय कुमार सिंह, पिंटू, प्रधान संघ बदलापुर अध्यक्ष बहुर के प्रधान राकेश तिवारी खमपुर प्रधान धनंजय सिंह रानू, कबेली प्रधान सुबाष यादव, रीतेश सिंह, सौरभ सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी दुर्गेश तिवारी, रणजीत सिंह, श्रीपति मौर्य,अजय रजक, मुमताज, कुदूस, सहित सफाई कर्मचारी व मंदिर के पुजारी भी साफ-सफाई में लगे रहे।

### आजम खान बनाए गए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/खुटहन। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष आजम खान एडवोकेट का रुतबा बढ़ाते हुए पार्टी सुप्रीमो के निर्देश पर उन्हें राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया। जिसकी जानकारी होते ही क्षेत्रीय सपाइयों में खुशी की लहर है। ज्ञातव्य हो कि श्री खान जिले में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के करीबी लोगों में से एक हैं। क्षेत्र के गभिरन गांव निवासी श्री खान समाजवादी पार्टी के जुझारू कार्यकर्ता के साथ-साथ अधिवक्ता भी है। उन्होंने लखनऊ व इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शिक्षा के दौरान राजनीतिक जीवन की शुरुआत समाजवादी पार्टी से शुरू किया। पूर्व में पार्टी ने उन्हें अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। जिसका निर्वहन इन्होंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से किया। अब उन्हें पार्टी ने राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में नयी जिम्मेदारी सौंपी है। उनके चयन से जिले के सपा जनों में हर्ष की लहर दौड़ गई। पार्टी के ज़िला अध्यक्ष राकेश मौर्य, पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई, पूर्व विधायक राज नारायन बिंद , केराकत विधायक तूफ़ानी सरोज, जफराबाद चेयरमैन डॉक्टर सरफराज ख़ान, वरिष्ठ नेता हेसामुद्दीन शाह, ईशा फ़ारूक़ी, गजराज यादव, संजय सरोज, जितेंद्र यादव, रतन साहू, गप्पू मौर्य, अज़ीज़ फ़रीदी, कमाल आज़मी आदि ने बधाई दिया।

### शिकायतों का निस्तारण करें अधिकारी कर्मचारी: डीएम

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में तहसील मड़ियाहूं के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि समाधान दिवस पर आने वाली शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक लेते हुए त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण कराये। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार




की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर कुल 82 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमे से 10 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी मड़ियाहूं को निर्देश दिया कि परिवार रजिस्टर की नकल देने में विलम्ब न करें। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द प्राथमिक स्तर पर ही निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, उप जिलाधिकारी कुणाल गौरव, पीडी जयकेश त्रिपाठी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### प्राणप्रतिष्ठा को लेकर जीआरपी के उपाधीक्षक ने की बैठक

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/जफराबाद। रेलवे स्टेशन प्रांगण में शनिवार को अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे के निर्देश पर रेलवे वाराणसी के पुलिस उपाधीक्षक कुँवर प्रभात सिंह ने जीआरपी तथा आरपीएफ के थानाप्रभारी जौनपुर व जफराबाद थानाप्रभारी व अन्य चौकी प्रभारियों के साथ शनिवार आवश्यक बैठक किया।बैठक में 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली भगवान श्रीराम के प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम तथा माघ मेला व गणतंत्र दिवस को लेकर अहम आदेश दिया। श्री सिंह ने बैठक में सभी को कहा



कि वे सतर्क रहें।स्टेशन पर आने जाने वाले यात्रियों से अच्छा व्यवहार रखें।इसके अलावा सतर्कता बरतते हुए संदिग्ध लोगों पर नजर रखें।ऐसे लोगो की चेकिंग करें।किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होने पाए।इसके बाद उन्होंने स्टेशन के प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया,फुटओवर ब्रिज, पैसेंजर हाल,आदि स्थानों का निरीक्षण किया।इस दौरान आरपीएफ के जवान व अधिकारी भी रहे।उस बैठक में जीआरपी प्रभारी वीरेंद्र सोनकर,थानाप्रभारी जफराबाद सुरेंद्र नाथ सिंह,आरपीएफ चौकी प्रभारी प्रदीप सिंह जीआरपी चौकी प्रभारी दिलीप मिश्रा मंगल यादव आदि मय स्टॉप मौजूद रहे।

## मुजफ्फरनगर गांव में अमर शहीदों को याद कर दी गई श्रद्धांजलि

* शहीद माखनलाल व नत्थूलाल की याद में लगा शहीद मेला, उमड़ी भीड़
* विधायक सहित सहित कई लोगों ने शहीदों को किया नमन, नहीं पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




पूरनपुर। शनिवार को गांव मुजफ्फरनगर में शहीद माखनलाल और नत्थूलाल की याद में 34वां शहीद मेला लगा। इसमें विधायक, पूर्व राज्यमंत्री सहित कई लोगों ने पहुंचकर शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मेले में दोनों वीर सपूतों की वीरता की कहानी पर प्रकाश डाला गया। इस बार मेले में पुलिस व तहसील प्रशासन के अधिकारी नहीं पहुंचे। इसको लेकर लोगों में रोष देखा गया। हालांकि मेले के समापन के दौरान नायब तहसीलदार ने पहुंचकर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। हर साल की तरह इस वर्ष भी गांव मुजफ्फरनगर में शहीद पार्क में शहीद ग्रामोत्थान विकास समिति की तरफ से मेले का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ दीप प्रज्जवन व स्कूली बच्चों ने राष्ट्रगान के साथ किया। मेले में पहुंचे विधायक बाबूराम पासवान, पूर्व राज्यमंत्री डा. विनोद तिवारी, गायत्री परिजन संदीप खंडेलवाल आदि ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान शहीद माखनलाल और नत्थूलाल की वीरता के बारे में चर्चा की गई। कहा गया कि दोनों शहीदों की बदौलत ही गांव सहित क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। विधायक ने कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। पूर्व राज्यमंत्री ने वीर सपूतों की कहानी और स्कूली बच्चों ने कई देशभक्ति कार्यक्रमों के जरिए शहीदों की वीरगाथा पर प्रकाश डाला। हालांकि समिति के लोगों का कहना है कि इस बार मेले में पुलिस और तहसील प्रशासन के अधिकारी नहीं पहुंचे। जबकि प्रशासनिक अधिकारियों को मेले में आने का निमंत्रण पहुंचाया गया था। हां इतना जरूर है कि मेले के समापन के दौरान नायब तहसीलदार ऋषि कुमार पहुंचे और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। हालांकि कई जरूरतमंद कंबल पाने से भी वचित रह गए। संचालन समिति के अध्यक्ष ओमपाल सिंह ने किया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची नगर पंचायत नौगवां पकड़िया

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

* बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद ने सरकार की योजनाएं विस्तार से बताईं
* कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख ललौरीखेड़ा रहे मौजूद



शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन नगर पंचायत नौगवां पकड़िया पहुंची जहां पर जनता के बीच सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद पहुंचे और सरकार की उपलब्धियां बताईं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्देश्य है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देश के कोने-कोने में रहने वाले लोगों को मिल सके भाजपा सरकार में बिना भेद-भाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं भारत को विकसित बनाने की शपथ दिलाई गई और योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए संकल्प यात्रा वैन कार्यक्रम में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख ललौरीखेड़ा मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजमिस्त्री से बनवाया पंचायत भवन और फर्म के नाम निकाल लिए रुपए

* माधोटांडा के गांव डगा के राजमिस्त्री ने सेल्हा के प्रधान पर लगाया आरोप
* राजमिस्त्री ने निर्माण कार्य की बकाया धनराशि दिलाने की डीएम से लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। गांव सेल्हा में पंचायत भवन का निर्माण कार्य राजमिस्त्री से उधारी में सामग्री मंगवाकर कराया गया। ग्राम प्रधान द्वारा जल्द राजमिस्त्री को पूरा भुगतान करने का भरोसा दिया गया। आरोप है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद प्रधान ने रुपए देने में टाल मटोली करनी शुरू कर दी। इसके बाद राजमिस्त्री द्वारा किए गए कार्य का किसी अन्य फर्म के नाम भुगतान करा लिया। राजमिस्त्री ने जिलाधिकारी को पत्र देकर मामले की जांच कराकर रुपए दिलाने की मांग की है। मामला पूरनपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत सेल्हा का है। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव डगा के इस्लाम खां ने डीएम को भेजे पत्र में कहा है कि वह राजमिस्त्री का कार्य करता है। सेल्हा पंचायत के प्रधान ने मार्च 2022 में उससे गांव में पंचायत भवन का निर्माण शुरू कराया था। प्रधान के भरोसा देने पर राजमिस्त्री ने अपनी जिम्मेदारी पर ईंट, सीमेंट, मोरिंग, सरिया आदि निर्माण सामग्री मंगवाकर निर्माण कार्य पूरा कर दिया। इसमें करीब एक लाख 60 हजार रुपए खर्च हुए। प्रधान ने जल्द भुगतान करने का भरोसा दिया। ताकि उधारी के रुपए निपट जाएं। आरोप के इसके बाद प्रधान द्वारा भुगतान करने में टाल-मटोली की जाने लगी। उधारी मांगने के लिए कई बार उनके घर के चक्कर लगाए। इस्लाम ने बताया कि करीब छह माह पहले प्रधान ने किसी अन्य फर्म के नाम भुगतान करा लिया। इसकी भनक पर उनके घर गए तो प्रधान ने 90 हजार रुपए देकर शेष रुपए बाद में देने को कहा। कई दिन बीतने के बाद भी रुपए न देने पर प्रधान से फिर उधारी मांगी। मामला थाने तक पहुंचा तो प्रधान ने एक जनवरी 2024 को बकाया चुकता करने की बात कही लेकिन अब तक रुपए नहीं दिए गए। इससे राजमिस्त्री परेशान हैं। सेल्हा के प्रधान विधु बैरागी ने बताया कि किसी बजह से पेमेंट रुक गया। राजमिस्त्री को आधे से अधिक रुपए दे दिए हैं। तीन- चार दिन में शेष भुगतान भी कर दिया जाएगा। फर्म के नाम रुपए निकालने का आरोप निराधार है।

### बीसलपुर के बालाजी रेस्टोरेंट से हजारों की चोरी

जन एक्सप्रेस/बीसलपुर। बालाजी रेस्टोरेंट से हजारों की चोरी कर ली गयी। चोरी करने वाले की फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। पुलिस ने चोर की तलाश शुरु कर दी है। बीसलपुर के स्टेशन रोड पर शहर का प्रमुख बालाजी रेस्टोरेंट है। जिसमें एक चोर खिड़की के माध्यम से अंदर घुस गया और रेस्टोरेंट के गल्ले में रखे 27 हजार रुपयेए नमकीन के पैकेट व मोबाइल सहित हजारों का सामान चोरी कर लिया। रेस्टोरेंट स्वामी अमर जायसवाल जब सुबह रेस्टोरेंट पर गये और शटर उठाते ही सामान इधर उधर बिखरा देखकर उसके होश उड़ गये। गल्ले में देखा तो रुपये सहित अन्य सामान गायब था। मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर मिलते ही कार्यवाही शुरु कर दी है। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में एक चोर चोरी करते दिखाई दे रहा है। शीघ्र ही उसे पकड़ा जायेगा।

## जिन गांवों में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी अभी नहीं पहुंची है वहां अब इसका बेसब्री से इंतजार हो रहा है: कृपाशंकर सिंह

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व गृहराज्य मंत्री महाराष्ट्र कृपाशंकर सिंह ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम मिताावा में पहुंचे। उन्होंने वहां उपस्थित विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के 2 महीने पूरे हो चुके हैं। इस यात्रा में चलने वाला विकास रथ विश्वास रथ है, अब उसे लोग गारंटी वाला रथ भी कह रहे हैं। ये विश्वास है कि कोई भी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहेगा। इसलिए जिन गांवो में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी अभी नहीं पहुंची है, वहां अब इसका बेसब्री से इंतजार हो रहा है। इसलिए सरकार पहले ये यात्रा 26 जनवरी तक चलाने वाली थी लेकिन यात्रा को इतना समर्थन मिल रहा है इसलिए मोदी सरकार इसे आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर प्रधानमंत्री जी के इन संकल्पों को आगे बढ़ाने का कार्य करना होगा। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को सफल बनाकर हर एक शोषित, गरीब, वंचित तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उसके जीवन में परिवर्तन लाना होगा। इसके माध्यम से हमें वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया के सामने एक बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित करने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्पों को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देना होगा। महामंत्री सुशील मिश्रा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक ऐतिहासिक पहल है जिसका उद्देश्य पूरे देश में सरकारी योजनाओं की 100 प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करना है। यात्रा का वास्तविक असर गांव दर गांव दिख रहा है। एक लाख से अधिक ग्राम पंचायतों ने आयुष्मान कार्डों के लिए शत प्रतिशत परिपूर्णता हासिल की है, जिससे लाखों लोग स्वास्थ्य लाभ पा चुके हैं। हर घर जल योजना के माध्यम से स्वच्छ पानी अब ग्राम पंचायतों तक पहुंच रहा है।

## परमात्मा से आत्मा का मिलन ही महारास है: हिमेश शास्त्री




जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज। सप्तदिवसीय श्री मद्भागवत कथा के अवसर पर छताईकला गांव में शनिवार को व्यास गद्दी से कथावाचक श्री हिमेश शास्त्री ने कथा के दौरान परमात्मा से जीवात्मा के मिलन को महारास बताया। इसके पूर्व यजमान मण्डल द्वारा श्रीमद्भागवत पुराण व व्यास गद्दी का पूजन अर्चन किया गया। गौरतलब हो कि उक्त गांव स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर पर विगत 15जनवरी से कथा का आयोजन मुख्य यजमान शीतला प्रसाद सिंह व पुत्रगण सत्येन्द्र सिंह और नीतेन्द्र सिंह द्वारा आयोजित मथुरा से पधारे कथावाचक श्री हिमेश शास्त्री जी ने कथा के छठवें दिन महारास,कंसवध के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच अपनी कथा के माध्यम से ज्ञान की गंगा बहा कर सराबोर कर दिया। *ऐसो रास रच्यो वृंदावन,ह्वै रही पायल की झनकार* की गीत पर आखिरकार श्रद्धालुगण इस तरह थिरक उठे मानों साक्षात वृज में वास्तविक रासलीला हो रही हो। कथा का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।इस दौरान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल, विनीत सिंह टप्पू,राजनारायण दूबे व ओमप्रकाश चौबे समेत तमाम श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## थाने में पुलिस के सामने भिड़े दो पक्ष, मूक दर्शक बनी रह गई पुलिस

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

* पहरे पर तैनात आरक्षी की तहरीर पर दोनों पक्षों से सात के खिलाफ दर्ज हुआ केस

खुटहन। न्याय की आश और सुरक्षा का पहला न्यायालय थाना माना जाता है। जनता की भीड़ में पकड़ा गया चोर, बदमाश या दुर्घटना के बाद वाहन चालक भी थाने में पहुंच जाने के बाद खुद को महफूज महसूस करने लगते हैं। लेकिन शुक्रवार की रात लगभग ग्यारह बजे स्थानीय थाने में हुई एक ऐसी घटना जो पुलिस की सुरक्षा और उनकी कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया। भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच थाना प्रांगण में ही मारपीट होती रही। वहीं मूक दर्शक बनी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। मारपीट में कई लोग चोटहिल हुए। एक अधिवक्ता को गंभीर चोटें आई। मामले में पुलिस ने पहरे पर तैनात आरक्षी रवींद्र कुमार यादव की तहरीर पर दोनों पक्षों से सात लोगों के खिलाफ सरकारी काम में बांधा सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बस्तीबंदगान गांव निवासी एडवोकेट पद्माकर उपाध्याय और गांव के ही दिनेश सिंह के बीच तालाब की भूमि को लेकर विवाद चला आ रहा था। जिसको लेकर शुक्रवार की सुबह मारपीट हो गई थी। एडवोकेट के पक्ष का आरोप है कि इसी रंजिश में जब वह अपनी फार्च्यूनर वाहन से दिवाकर और सुधाकर के साथ रात में घर आ रहे थे। मल्हनी बाजार के पास दूसरे पक्ष के जिला पंचायत सदस्य सूबेदार सिंह, विशाल सिंह,दिनेश सिंह, अरविंद सिंह आदि ने दो स्कार्पियो गाड़ी से उनका पीछा कर लिया। यह भी आरोप लगाया कि घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक के फोन पर देंने के बाद उनके निर्देश पर निकटतम थाना खुटहन पहुंच वाहन सहित प्रांगण के भीतर चला गया। तभी पीछे से पहुंचे उक्त स्कार्पियो सवार भी सीधा वाहन थाने के भीतर ले आए। आरोप है कि थाने में ही निर्भय होकर तीनों को लाठी डंडा और हाकी से पीटने लगे। कुछ देर तक पुलिस भी तमाशबीन बनी रही। उधर दूसरे पक्ष के जिला पंचायत सदस्य सूबेदार सिंह का कहना है कि उक्त विपक्षी लोग उन लोगों का पीछा कर रहे थे। हम लोग जान बचाने के लिए थाने में पहुंचने के बाद उनसे पूछताछ कर रहे थे। आपस में कहासुनी के बीच पुलिस ने बल प्रयोग करना शुरू कर दिया। लाठी चार्ज किए जाने से लोगों को चोटें आईं। थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि आरक्षी की तहरीर पर दोनों पक्षों से उक्त नामजद सातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों वाहन थाने में खड़े करा दिए गए हैं।

## प्रमुख सचिव ने स्टेडियम मे चल रहे निर्माण कार्य का जाना हाल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



सरायख्वाजा। उत्तर प्रदेश प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने शनिवार दोपहर सिद्दीकपुर स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम का अचौक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने इंदिरा गांधी स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य को पूरा करने की हिदायत दी है। इंदिरा गांधी स्टेडियम में निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे उत्तर प्रदेश प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने सर्वप्रथम खेल विभाग की परिसम्पत्तियों एवं कार्य का निरीक्षण किया जिसमें बहुंउद्देशीय हाल, बाउण्ड्रीवाल का उच्चीकरण, प्रवेश द्वार, रोड इण्टरलॉकिंग, हाईमास्ट लाइट पर कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया।इसके बाद खेलो इण्डिया योजना के तहत 995.50 लाख से स्वीकृत बृहद मल्टीपरपज हाल का निरीक्षण किया, कार्य की धीमी गति को देखकर कार्य को तेज करने का निर्देश दिया। इसके बाद खेल विभाग से स्वीकृत रू0 487.42 लाख के तरणताल के निर्माण के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि कार्य को मानक अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया जाय। खेल विभाग से स्वीकृत अन्तिम परियोजना रू0 865.92 लाख के सिन्थेटिक रनिंग ट्रैक के निर्माण में निर्देश दिया कि ट्रैक में कोई गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए, कार्य साई के मानक के अनुसार शत-प्रतिशत समयान्तर्गत किया जाए।निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, वाराणसी राज प्रकाश सिंह, परियोजना इकाई से दुर्गा प्रसाद वर्मा, सहायक अभियन्ता व अजय कुमार सिंह, अवर अभियन्ता उपस्थित रहे। निरीक्षण के अंत में प्रमुख सचिव ने क्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिया कि जनपद जौनपुर से भी प्रदेश की टीम में खिलाड़ी स्थान बनाये ऐसा प्रयास किया जाय। अवस्थापनाओं के निर्माण की उपयोगिता तभी सिद्ध होगी जब खिलाड़ी निकलेंगे।

# वरुण का हत्यारा पंचू गिरफ्तार फरार पत्नी पर इनाम हुआ घोषित

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बीती 10 जनवरी को थाना चकेरी क्षेत्र के सनीगवा बंबा मे एक 12 वर्षीय बच्चे की लाश मिली थी। जिसकी पहचान थाना सेन पश्चिम पारा क्षेत्र स्वर्ण जयंती बिहार मे रहने वाले वरुण गुप्ता के रूप मे हुई थी जो कि वरुण की मां ममता द्वारा बताया गया था कि वो लापता है और धारा 363 मे मुकदमा भी पंजीकृत किया गया था। लेकिन वरुण की लाश मिलने के बाद परिवारजनों में हड़कंप मच गया था जिसके बाद उच्चाधिकारियों के आदेश पर कई टीमें गठित की गई थी, सर्विलांस टीम और पुलिस की टीम की जांच के चलते इस



मामले मे बीती 14 तारीख को दो बालापचारियों को गिरफ्तार किया गया था। जिनसे पूछताछ मे सामने आया था कि वरुण की मां के चकेरी निवासी अमित राजपूत उर्फ पंचू से नाजायज संबंध थे। जिसके चलते ममता पंचू से उसकी जायदाद मे आधा हिस्सा वरुण के लिए मांग रही थी। जिसको लेकर पंचू और उसकी पत्नी गुड़िया ने वरुण को मारने की योजना बनाई और दो बालापचारियों से वरूण की हत्या करने को कहा। लेकिन वह दोनो जब बनाए गए इस षडयंत्र मे असफल रहे तो पंचू और सभी लोगों ने मिलकर वरूण का अपहरण किया व अंधेरे का फायदा उठा एकांत मे खड़ी झाड़ियों मे ले जाकर सब्जी काटने वाले चाकू से गला रेत कर उसकी हत्या कर दी थी और शव को छिपाने के लिए सनीगंवा बंबा मे फेक दिया था। आपको बता दें कि पूरा मामला जानकर थाना सेन पश्चिम द्वारा सभी अभियुक्तों पर हत्या, अपहरण और कई गंभीर धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत कर दो बालापचारियों को जेल भेज दिया गया था और पंचू पर 10000 का ईनाम घोषित कर अन्य आरोपीयों की तालाश जारी थी। जिसके चलते सर्विलांस टीम और थाना सेन पश्चिम टीम द्वारा कल को दोपहर करीबन 3:30 बजे स्वर्ण जयंती बिहार से सड़क पर अपाचे मोटरसाइकिल से घूम रहे पंचू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और हत्या व अपहरण मे इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल को भी पंचू की निशानदेही पर उसके घर से बरामद कर लिया गया। एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि हत्या मे शामिल पंचू की पत्नी गुड़िया पर 10000 का ईनाम घोषित कर दिया गया है, जिसकी तलाश के लिए टीम बनाई गई है जल्द ही हत्यारोपी गुड़िया को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## आवास, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र दे किया सम्मानित



वही ग्राम मरुई नईमपुर में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह ने योजनाओं का वर्णन कर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर राजेन्द्र सिंह, अजय बाबू नदीमुर्रहमान सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।

**जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव**

विकासखंड क्षेत्र के ग्रामों रायपुर खैलामऊ, सराय इंदल, बल्हेमऊ में रवि प्रताप सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में आवास, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड आदि विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रायपुर खैलामऊ ग्रामसभा में प्रधान अर्चना रावत ने रवि प्रताप सिंह का स्वागत किया। प्रधान प्रतिनिधि कमलेश रावत ने प्रधान सुनीता रावत, निर्मल कुमार, संजय शर्मा, रजत द्विवेदी, एडीओ मनोज कुमार, वीडीओ सुरेंद्र कुमार, शैलेन्द्र भारतीय आदि का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान राघवेंद्र सिंह भोला, सरवन कुमार, दीपिका गुप्ता, सोनी, सरोज कुमारी, अमित यादव आदि समेत अन्य विभागों के कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्राम सराय इंदल में रवि प्रताप सिंह ने बताया कि गांव में जल्द ही गौशाला का उद्घाटन है। बताया कि जैतीपुर से सराय इंदल मार्ग व खेलकूद मैदान का कार्य जल्द शुरू होगा। वीडियो मनोज वर्मा, अमरेश वर्मा, संजय राजपूत, मनोज विक्रम, पूजा चौधरी आदि मौजूद रहे। वही ग्राम बल्हेमऊ में रज्जन यादव प्रधान प्रतिनिधि, सरिता रावत, राजकुमार सिंह, योगेश यादव टिंकू, वीडीओ रोहित राणा, आशीष पटेल, चंद्रजीत, सुशील कुमार आदि समेत अन्य कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से लोडर चालक की मौत

**✻ लखनऊ-कानपुर हाइवे के सोहरामऊ के भैसौरा मोड़ के पास शुक्रवार देर रात हुआ हादसा**

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



मृतक की फाइल फोटो

लखनऊ-कानपुर हाइवे के सोहरामऊ के भैसौरा मोड़ के पास शुक्रवार देर रात अज्ञात वाहन ने लोडर में टक्कर मार दी। हादसे में चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। सोहरामऊ थाना व कस्बा निवासी बहादुर रावत का पुत्र शिवा(24) लीडर चालक था। शुक्रवार रात करीब 12 बजे वह शहर लोडर लेकर उन्नाव भाड़ा लेने के लिए निकला था। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के भैसौरा मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक शिवम लोडर से उछलकर हाइवे पर गिरा और अन्य एक वाहन ने उसे कुचल दिया। इससे लोडर चालक की मौके पर मौत हो गई। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। तीन बहनें विवाहित हैं। हादसे के बाद मां फूलदुलारी और अन्य परिजन बेहाल हैं। एसओ कमल दुबे ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पिता की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में कमिश्नर, एडीएम, सीडीओ और डीडीओ ने सुनी शिकायतें

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर ब्लॉक सभागार में शनिवार को संपन्न हुए संपूर्ण समाधान दिवस में कमिश्नर अमित गुप्ता, एडीएम सूरज यादव, सीडीओ सुधीर कुमार, बीएसए सुरजीत कुमार, सीएमओ, एसडीएम रश्मि लांबा और तहसीलदार तिमिराज सिंह ने फरियादियों की शिकायती सुनी। शिकायतकर्ता प्रार्थना पत्र लिए बैठे रहे 1:00 तक जिलाधिकारी का इंतजार करते रहे। शिकायत लेकर आए 65 फरियादियों में किसी की भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं किया जा सका।



ब्लॉक सभागार में आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में आई 65 शिकायत तो भी जमीनी विवाद से संबंधित शिकायतों की अधिकता रही। ककवन थाना क्षेत्र के गुलराह गांव निवासी बीरभान ने अपने ही रिश्तेदार पर उन्हें जबरन घर ले जाकर धमकाने और दारू पिलाने के बाद उनके घर का बैनामा अपने नाम करा लेने का आरोप लगाया। मदारा राय गुमान गांव निवासी राम प्रसाद ने अपनी पैतृक भूमि पर गांव के ही होरी लाल, देवी दीन, छोटे लाल, रामकुमार पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया। अकबर सेंग गांव निवासी मूलचंद ने शिकायत करते हुए बताया कि उनके घर आने जाने वाले रास्ते को उनके ही बेटे अखिलेश कुमार ने बंद कर दिया है और दबंगई के चलते आस पड़ोस की लोगों कहने पर भी वह मानने को तैयार नहीं है। वृद्ध ने रास्ता खुलवाए जाने की मांग की। पूरा निवासी भोलानाथ ने अपनी जमीन कब्जा मुक्त करने की मांग करते हुए बताया कि ग्राम सभा ने 5 बीघा जमीन मंडी समिति के निर्माण के लिए दी थी। समिति द्वारा इस में उसकी जमीन भी नाप कर कब्जा कर ली गई थी। जिसकी वह कई बार शिकायत कर चुका है। किंतु अभी तक उसमें कोई कार्रवाई नहीं की गई और पिहानी निवासी गरीब परिवार ने सरकारी आवास दिलाए जाने की मांग की। मंडलायुक्त, एडीएम और सीडीओ के मौके पर मौजूद होने के बावजूद 65 शिकायतों में एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं किया जा सका। सभी शिकायतों को संबंधित विभाग के कर्मचारियों को हस्तांतरित कर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए।

## दिव्यांगों ने निकाली राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के समर्थन में रैली



**✻ विधायक सुरेन्द मैथानी ने झण्डी दिखाकर किया रवाना**

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

विकलांग एसोसिएशन के तत्वावधान में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के समर्थन में दिव्यांगजनो ने शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क से रैली निकाली। रैली को गोविन्द नगर क्षेत्र के विधायक सुरेन्द मैथानी ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। 22 जनवरी को सुन्दर काण्ड का आयोजन किया जायेगा। आज की प्राण प्रतिष्ठा रैली में वीरेन्द्र कुमार, अल्पना कुमारी राहुल कुमार, वैभव दीक्षित, जितेन्द्र गुप्ता, दिनेश यादव, गोमती, अनुराधा गुप्ता आदि शामिल थे।

### दबंग ने युवक के सिर पर मारी ईट

**जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव।** अहमद नगर निवासी अभिषेक ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि शुक्रवार शाम वह घर के पास खड़ा था, तभी वहीं का रहने वाला एक दबंग वहां पहुंचा और गाली गलौज करने लगा। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर आरोप है कि उसके सिर पर ईंट मार दी। जिससे उसका सिर फट गया। पीड़ित ने आरोपी पर कार्यवाही करने के लिये पुलिस से शिकायत की है।

## बिल्हौर नगर पालिका द्वारा निर्मित तहसील परिसर में पिंक शौचालय में लगा गंदगी का अंबार

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील परिसर में बने पिक शौचालय और उसके बाहर गंदगी कंबर लगा हुआ है इस संबंध में पूर्व अध्यक्ष शुशांक मिश्रा ने बताया काफी प्रयासों के बाद में अधिशासी अधिकारी विवेक कुमार त्रिवेदी ने पिंक शौचालय का निर्माण करवाया था वहां पर आज तक पानी की व्यवस्था नहीं हो सकी लेकिन उस समय साफ सफाई हुआ करती थी कारण यह था कि अधिशासी अधिकारी कभी कभार तहसील की तरफ या कस्बे में घूमते हुए उधर से निकलते थे तो उस समय सफाई कर्मचारियों को बुलाकर कमियों को दूर कराते थे। उनके जाने के बाद में नगर पालिका में कर्मचारी




या किसी सफाई कर्मी से कई बार कहने के बाद शौचालय के बाहर गंदगी का लगा अंबार लगा कोई कर्मचारी सुनता नहीं है। वहीं पर रजिस्ट्री कार्यालय का कंप्यूटर कक्ष भी है जहां पर फीडिंग होती है वहां पर कर्मचारी नाक बंद करके काम करते हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के आदेशानुसार सफाई का पखवाड़ा चल रहा है लेकिन नगर पालिका प्रशासन के कान में जू नहीं रेंग रही है। वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रकांत शुक्ला ने बताया कि अधिकारी केवल फोटो सेशन करा रहे हैं और वास्तव में जमीन पर सफाई कहीं पर नहीं हो रही है।

### अरौल मे महिला के घर मे घुसकर मारपीट व छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज



**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अरौल थाना के महज 200 मीटर की दूरी पर पीड़ित महिला ने कुछ दबंगो के ऊपर आरोप लगाते हुए कहां कि उक्त लोग मेरे खेत में आलू की फसल बर्बाद कर रहे हैं जिसमें उक्त सभी लोग खुले में शौचालय के लिए मेरे खेत का प्रयोग करते हैं मना करने पर झगड़े पर आमादा रहते हैं यह प्रतिदिन की आम बात हो गई थी जिसके चलते शनिवार को भी इन लोगों ने हमला बोल दिया तो महिला ने अपने घर के अंदर घुस गई पीछे से हमलावरों ने घर में घुसकर पीड़ित महिला के साथ मारपीट व छेड़छनी जैसी घटना को अंजाम दे दिया पीड़ित के द्वारा थाने में तहरीर दी गई थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाल ने मौके पर पहुंच कर शिकायत की जांच कर मारपीट करने वाले दोषी व्यक्ति इस्लाम वा सलमान पुत्रगण स्व की सूबेदार व शीबू पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम अरौल के खिलाफ महिला के साथ घर में घुस कर मारपीट व छेड़छाड़ करने के संबंध में थाना में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा दबंगई करने वाले को किसी को बक्सा नहीं जाएगा।

## इनर व्हील कानपुर शाइन की वार्षिक मीटिंग में बनी आगे की रणनीति

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

गंगा छवि एंक्लेव में इनर व्हील कानपुर शाइन द्वारा डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विजिट कराई गई जो जिलाध्यक्ष संध्या गुप्ता, जिला एडिटर आरती मेहरोत्रा, अध्यक्ष सुनीता श्रीवास्तव के सानिध्य में यह कार्यक्रम संपूर्ण हुआ। स्वागत गीत गाया गया सभी मुख्य अतिथि का पगड़ी, दुपट्टा, माला, पहनाकर स्वागत किया गया अयोध्या राम मंदिर की तस्वीर भेंट स्वरूप दी गई। तत्पश्चात सर्वप्रथम गणेश जी की पूजा करके दीप



प्रज्वलित किया गया। आज का कार्यक्रम विशेष रूप से रामलला के अयोध्या में विराजमान होने पर रखा गया यह सभी के लिए गौरव एवं हर्ष की बात है कि हम सभी इस दिन को खुशियों के साथ मना रहे हैं इस कार्यक्रम में वाइस प्रेसिडेंट पुनितम गुप्ता, एडिटर कंचन सिंह, ट्रेजरार अर्चना पाठक,आइएसो लता जयसवाल, चार्टर्ड प्रेसिडेंट नीरू ढींगरा विशेष रूप से उपस्थित रही जिसमें पूरे साल भर का वर्क दिखाया गया कि साल भर इनर व्हील कानपुर शाइन द्वारा क्या-क्या कार्य किए गए और एक कन्या का विवाह तय हुआ है जिसको सभी लोगों ने सहयोग किया है वह सामान भी दिया गया साथ ही ऑनलाइन कंपटीशन करवा चौथ, दिवाली, बाल दिवस पर ऑनलाइन कंपटीशन हुए थे उनके भी प्राइस डिस्ट्रीब्यूट किए गए विनीता अग्रवाल को करवा चौथ, दिवाली और बाल दिवस कंपटीशन में जीतने पर पुरस्कार दिया गया साथ ही अन्य सदस्यों को भी पुरस्कार दिए गए अर्चना सक्सेना, हैप्पी आंटी, कामिनी, निहारिका, रेखा गुप्ता प्रमुख रही सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया सभी का धन्यवाद मंजुला शर्मा ने दिया दिसंबर महीने के जन्मदिन भी सेलिब्रेट किए गए और गिफ्ट भी दिए गए सभी ने मिलकर केक कटिंग करी । स्वअल्पाहार की व्यवस्था भी रही।

## 22 जनवरी सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चौबेपुर थाना प्रभारी ने प्रधानों संग की बैठक



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चौबेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते दिन शनिवार को आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए चारों पर थाना प्रभारी संजय कुमार पांडे ने ग्राम प्रधानों की बैठक ली। बैठक के दौरान सभी ग्राम प्रधानों को अपने-अपने क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द के साथ इस महापर्व को मनाने के थाना प्रभारी ने निर्देश दिए। साथ ही साथ थाना प्रभारी ने सभी प्रधानों से अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र में अराजक तत्वों द्वारा किसी भी प्रकार की कोई गतिविधि की जाती है तो उसकी तुरंत जानकारी दे। वही अपने-अपने क्षेत्र में 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रमों को शांतिपूर्वक मनाए।

### महाहवन पूजनोत्सव का कार्यक्रम निर्धारित

**जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव**

रामलला की मूर्ति के पुनर्पष्ठापना की तिथि घोषित होने के बाद घर घर अक्षत आमन्त्रण के श्री जन्म भूमि तीर्थ के आवाह्न के साथ यह कार्य 24 दिसम्बर को कलश स्थापना के पश्चात 01 जनवरी से प्रारम्भ हुआ। इसी क्रम में 22 जनवरी को श्रीराम तीर्थ क्षेत्र के स्थानीय कार्यालय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज गोपीनाथपुरम के प्रांगण में महाहवन पूजनोत्सव का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसमें नगर की 11 वेदियों पर हवन में प्रतिनिधित्व होगा। इस रामोत्सव में राम की झाँकी के साथ मांगलिक गायन वादन भी होगा। पश्चात विशाल भण्डारा भी रहेगा। इस अवसर पर कमल वर्मा, अंजनी अग्निहोत्री, भूपेन्द्र सिंह, नरेन्द्र कुमार मिश्र, नीरज मिश्रा उपस्थित रहे।

## वीवीआईपी स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली प्रभात फेरी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

परमात्मा प्रभु राम की अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा स्थापना की पूर्व संध्या में वीवीआईपी स्कूल शिव शक्ति नगर चौबेपुर में स्टूडेंट्स टीचर्स अभिवावक व् मैनेजमेंट के द्वारा बीते दिन शनिवार को प्रभात फेरी वीवीआईपी स्कूल में बाल हनुमान जी के साथ हवन पूजन आरती के साथ चौबेपुर बड़े हनुमान मंदिर, शिवराजपुर भूतेश्वर मंदिर बाबा रोड शिवली नगर भ्रमण कार्यक्रम सैकड़ो स्टूडेंट्स पैरेंट्स टीचर्स के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जनमानस का उत्साह राम मय



वातावरण पुष्प वर्षा उल्लेखनीय रही वीवीआईपी स्कूल के चेयरमैन डॉ. पुरुषोत्तम बाजपेयी ट्रस्टी माधुरी बाजपेयी, ऋचा बाजपेयी, सेकेट्री आदित्य बाजपेयी, डीन कैफ़ी काज़मी, शिवा अग्रवाल, सागर, चद्रशेखर, आशुतोष, बीना, नेहा, शन्नो, कमलिनी, श्रष्टी, पूनम, रश्मी, दीक्षा, सोनाली, स्वेता, अमिता, प्रतीक पैरेंट्स अंशू सिंह, आशीष तिवारी, वतन अग्निहोत्री आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शनिवार को माती मुख्यालय परिसर में समाज कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में सर्वधर्म प्रार्थना सभा और श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया,जहां पर सभी धर्म के गणमान्य जनों ने शिरकत कर दिवंगत लोगों व उनके शोकाकुल परिजनों के आत्म शांति हेतु मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की इतना ही नहीं सभी गणमान्य जनों ने इस नेक व पुनीत कार्य की सराहना के साथ ही साथ संस्था के सचिव धनीराम पैंथर के व्यक्तित्व की भी सराहना की एवं उन्हें तन मन धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया ।समिति के सचिव धनीराम पैंथर द्वारा अपने वक्तव्य में कहा गया कि दिनांक 15 मार्च 2009 से जनपद कानपुर नगर व 10 जनवरी 2010 से जनपद कानपुर देहात में लगातार लावारिस शवों का अंतिम संस्कार किया जा रहा है समिति द्वारा अभी तक 15500 लावारिस शवों व आपदा काल में 2750 कोरोना ग्रसित शवों का भी अंतिम संस्कार किया जा चुका है। समिति का मुख्य उद्देश्य इस मुहिम को संपूर्ण प्रदेश में सभी के सहयोग से किया जाना है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जितेन्द्र सिंह गुड्डन मोहन यादव, डॉक्टर श्याम सिंह, डॉक्टर अजय गौतम, डॉक्टर अंशुमान सिंह, डॉक्टर अजय कटियार अजय फौजी, दिलीप शंकर दिवाकर, श्रीराम सभासद मधु राजपूत, अल्लारक्खी ज्योति शिखा, रिहाना, ममता, राधा,बौद्ध, मंजू सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## बिल्हौर तहसील बचाओ अधिवक्ता समिति ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील बचाओ अधिवक्ता संघर्ष समिति ने शनिवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में आए एडीएम सूरज यादव को ज्ञापन सौपा और आने वाली समस्याओं के बारे में अवगत कराया उन्होंने कहा कि इस तरह से धीरे-धीरे बिल्हौर तहसील का अस्तित्व खत्म हो जाएगा तो यहां पर भविष्य में आने वाली मुंशी कोर्ट व ग्राम न्यायालय आदि का बिल्हौर की जनता का सपना साकार नहीं हो सकेगा तहसील के अधिवक्ताओ ने एक बार और अपनी आवाज बुलंद



की दो दिनों से न्यायिक कार्य से बिरत रहकर तहसील प्रशासन को ज्ञापन दे रहे हैं लेकिन तहसील प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। बिल्हौर तहसील क्षेत्र की जनता के साथ में यह छलावा हो रहा है। धीरे-धीरे तहसील के टुकड़े किए जा रहे हैं जिससे ग्रामीण जनता अपनी बात कहने के लिए बहुत दूर जाकर अधिकारियों से बात ना कर सके जिस तरह से बिल्हौर तहसील का न्यायालय कानपुर देहात में है जिससे प्रतिदिन मुकदमे की पैरवी के लिए पूरा दिन का समय लगता है और लगभग ?500 का किराया भाड़ा भी खर्च होता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से अधिवक्ता दिनेश चंद्र अग्निहोत्री, जगत यादव, जनार्दन यादव, रविनेश यादव, गणेश शुक्ला, अमित श्रीवास्तव, आनंद शर्मा, अशोक शुक्ला, अमित अग्निहोत्री, योगेंद्र शुक्ला, अनिल पांडे, रूपचंद कटियार, शिव शरण तिवारी आदि सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ताओं ने ज्ञापन दिया।

### महिला पर कुल्हाड़ी से हमला कर किया घायल



**जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव**

त्रिभुवन खेड़ा निवासी रामस्वरूप ने बताया कि उसका भाई गोपाल से जमीनी विवाद चला आ रहा है। आरोप है कि वह अपना मकान बनवा रहा था, तभी भाई गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर पत्नी बेलावती पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गई। बीच बचाव करने पर उसे और उसके बेटे को भी मारा पीटा। पुलिस ने गोपाल, मुन्नी, देशराज और उसकी पत्नी गुड्डी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## शीत लहर चलने के कारण बाजारों और प्रमुख मार्गों पर भी सन्नाटा

**जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव**

शुक्रवार रात से ही सर्दी व कोहरे से आम जनमानस हलकान हो गया, वहीं सुबह और शाम बर्फीली हवाओं से लोग परेशान रहे। रात में आने-जाने वाले लोग ठिठुरते हुये निकले। इसके साथ ही सुबह के समय कोहरा छाया रहा। जिससे गलन और बर्फीली हवाओं ने हर किसी को झकझोंर दिया। वहीं जनवरी माह में शनिवार को दिन सबसे अधिक ठंडा रहा। जहां सुबह अधिक कोहरा होने के कारण दोपहिया चौपहिया वाहन रेंगते हुये अपने गंतव्य की ओर रवाना हुये। वहीं वाहन सवार अपने वाहनों की लाइटें जलाते हुये निकले और लाइटों में पीली पन्नी लगाने से कोहरे से



निजात पाने का कार्य कर रहे हैं। सर्दी का ऐसा सितम कि जरूरतमंद लोग ही घरों से निकले। प्रतिष्ठानों और दुकानों में लोग आग के सहारे बैठे रहे। शीत लहर चलने के कारण बाजारों और प्रमुख मार्गों पर भी सन्नाटा देखने को मिला। वहीं दुकानदार भी शाम के वक्त समय से पहले दुकानें बंद कर घर चले गये।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने युगांडा दौरे पर 'भारत विश्वमित्र' की बात दोहराई, कहा

# मदद के लिए हमेशा राजी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री जयशंकर ने युगांडा दौरे पर 'भारत विश्वमित्र' की बात दोहराई है। उन्होंने भारत की नीति का जिक्र करते हुए कहा कि जरूरतमंद देशों की मदद के लिए देश हमेशा तत्पर रहता है। उन्होंने कहा कि भारत ने जी20 की अध्यक्षता के दौरान दिखाया कि परिवर्तन संभव है। उन्होंने कहा कि विश्व व्यवस्था को बदलने के लिए व्यावहारिक कदमों की आवश्यकता है। बता दें कि पीएम मोदी ने 'वसुधैव कुटुंबकम' का जिक्र करते हुए कहा था कि बदले समय के साथ भारत की भूमिका 'विश्वमित्र' जैसी है। कंपाला में नम सम्मेलन में वक्तव्य से पहले विदेश मंत्री ने फलस्तीनी विदेश मंत्री रियाद अल मलिकी से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा, फलस्तीनी समकक्ष के साथ बातचीत के दौरान गाजा में चल रहे संघर्ष पर विस्तृत और व्यापक चर्चा हुई। इसके मानवीय और राजनीतिक आयामों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि इस्राइल और फलस्तीन मुद्दे का समाधान करने के लिए भारत दो राष्ट्र समाधान का समर्थन करता रहेगा। उन्होंने भारत के समर्थन का भरोसा दिलाते हुए संपर्क में बने रहने पर सहमति भी व्यक्त की। कंपाला में आयोजित नम शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, 2019 में बाकू में नम की आखिरी बैठक हुई थी। इसके बाद से दुनिया में गहरा बदलाव आया है। पूरी दुनि.या को कोरोना (कोविड-19) महामारी ने तबाह कर दिया है। इसके निशान को मिटाने में पीढ़ियां लग जाएंगी। इस्राइल और हमास का जिक्र किए बिना विदेश मंत्री ने कहा कि गाजा में बीते लगभग साढ़े तीन महीने से जारी टकराव का असर पूरी दुनिया में महसूस किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि विपरीत हालात में भी भारत मदद करने को हमेशा तत्पर रहने की नीति पर चल रहा है।

### विदेश मंत्री ने दुनिया के सामने तीन बड़ी चुनौतियों का जिक्र किया

इस्राइल हमास संघर्ष और यूक्रेन रूस संघर्ष का परोक्ष जिक्र करते हुए विदेश मंत्री ने कहा, दुनिया में कई ऐसे संघर्ष चल रहे हैं जिनके प्रभाव दूर-दूर तक महसूस किए जा रहे हैं। गाजा हमारी विशेष चिंता का केंद्र है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन तेजी से दुनियाभर के देशों को अपनी चपेट में ले रहा है। ऋण, मुद्रास्फीति और विकास जैसी तीन प्रमुख चुनौतियां भी विकास पर भारी पड़ रही हैं। गंभीर चिंताओं के मूल में दुनिया की वह प्रकृति है जिससे अधिकांश देश जूझ रहे हैं।

### वैश्वीकरण के युग में आर्थिक ताकतों का सिकुड़ना

करीब साढ़े सात दशक से पहले आजादी से पहले के दौर का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री ने दो टूक अंदाज में कहा, भले ही हमने उपनिवेशवाद का चोगा उतार फेंका हो, लेकिन हम असमानता और वर्चस्व के नए स्वरूपों के साथ संघर्ष कर रहे हैं। वैश्वीकरण के युग में आर्थिक ताकतें सिकुड़ती दिख रही हैं। ये ताकतें बाकी दुनिया के साथ बस बाजार या संसाधनों के रूप में बातचीत करती हैं। बकौल डॉ जयशंकर, हमारी छोटी से छोटी जरूरतें अक्सर सबसे दूर देशों में होने वाली घटनाओं और वहां रहने वाले लोगों से प्रेरित / प्रभावित होती हैं।

### विरासतों का परस्पर सम्मान जरूरी

विदेश मंत्री ने कहा, राजनीतिक रूप से सही होने और सार्वभौमिक होने की चुनौती हमारे सामने भी है। हमारी संस्कृति और हमारी परंपराओं को उचित स्थान नहीं दिया जाता। गुटनिरपेक्ष आंदोलन (ह्नरू) में शामिल 100 से अधिक देशों के समूह के रूप में, हमें इन चुनौतियों का एकजुट होकर जवाब देना चाहिए। बहुध्रुवीय दुनिया का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री डॉ जयशंकर ने कहा कि ऐसी दुनिया को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र में सुधार किया जाना महत्वपूर्ण है। अधिक क्षेत्रीय उत्पादन के साथ आर्थिक विकेंद्रीकरण भी ऐसे ही चुनिंदा सुधार हैं।

### जी20 की अध्यक्षता कर भारत ने दिखाया, बदलाव करना संभव है

कंपाला में भारत की संस्कृति और देश की विदेश नीति का जिक्र करते हुए डॉ जयशंकर ने कहा, हमें सांस्कृतिक पहलुओं का ध्यान रखते हुए नए सिरे से संतुलन बनाने पर जोर देना चाहिए। ऐसा होने पर सभी विरासतों का परस्पर सम्मान किया जा सकता है। जी-20 देशों में अफ्रीकी संघ को शामिल करने का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि जी20 की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी यूनियन को जी20 सदस्यता दिलाने का नेतृत्व करके, भारत ने दिखाया कि बदलाव करना संभव है।

# 'एक साथ चुनाव होने पर हर 15 साल में खरीदने होंगे 10000 करोड़ के ईवीएम'



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में अगर लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाते हैं, तो नई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की खरीद के लिए चुनाव आयोग (ईसी) को हर 15 साल में करीब दस हजार करोड़ रुपये की जरूरत होगी। देश में चुनाव कराने वाली शीर्ष संस्था ने सरकार को लिखे एक पत्र में यह बात कही।

### 'करीब 11.80 लाख मतदान केंद्र बनाने होंगे'

पत्र में आयोग ने कहा कि ईवीएम पंद्रह साल तक चलती है। एक साथ चुनाव कराए जाने पर ईवीएम के एक सेट का इस्तेमाल तीन दौरे के चुनाव कराने के लिए किया जा सकता है। इस साल आम चुनाव कराने के लिए देशभर में करीब 11.80 लाख मतदान केंद्र बनाने की जरूरत होगी।

### सीयू, बीयू और वीवद्वीपीएटी मशीनों की जरूरत होगी

एक साथ चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर ईवीएम के दो सेट (एक लोकसभा सीट के लिए और दूसरा विधानसभा क्षेत्र के लिए) की जरूरत होगी। आयोग ने पिछले अनुभवों के आधार पर सरकार को पत्र भेजा। इसमें कहा गया, मतदान के दौरान दोषपूर्ण इकाइयों को बदलने के लिए कंट्रोल यूनिट (सीयू), बैलेट यूनिट (बीयू) और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) मशीनों की आवश्यकता होती है। आयोग ने पिछले साल फरवरी में कानून मंत्रालय को पत्र लिखा था। इसमें उसने कहा था कि विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए एक साथ चुनाव कराने के लिए कम से कम 46,75,100 बैलेट यूनिट, 33,63,300 कंट्रोल यूनिट और 36,62,600 वीवीपीएटी मशीनों की आवश्यकता होगी।

### ईवीएम की खरीद में पिछले साल आई कितनी लागत?

पिछले साल के शुरुआत में ईवीएम की लागत करीब 7,900 रुपये प्रति बैलेट यूनिट, 9,800 रुपये प्रति कंट्रोल यूनिट और 16,000 रुपये प्रति वीवीपीएटी थी। चुनाव आयोग ने यह जानकारी कानून मंत्रालय की ओर से भेजे गए सवालों के जवाब में कही। आयोग ने अतिरिक्त मतदान और सुरक्षाकर्मियों, ईवीएम के लिए भंडारण सुविधाओं में वृद्धि और ज्यादा वाहनों की जरूरत पर भी जोर दिया।

### 'पांच अनुच्छेदों में संशोधन की होगी जरूरत'

आयोग ने यह भी कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का एक साथ पहला चुनाव 2029 में ही हो सकता है और इसके लिए संविधान के पांच अनुच्छेदों में संशोधन की जरूरत होगी। जिन अनुच्छेदों में संशोधन की जरूरत होगी, उनमें अनुच्छेद 83, 85, 172,174 और 356 शामिल हैं।

# मोदी ने तमिलनाडु के रामेश्वरम में डुबकी लगाई

## रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा की, रामायण पाठ में हिस्सा लिया, रंगनाथस्वामी मंदिर भी गए

*** रामेश्वरम के समुद्र में पवित्र डुबकी लगाने के बाद श्री अरुल्मिगु रामनाथस्वामी मंदिर में दर्शन-पूजन भी किया**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रामेश्वरम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु दौरे पर हैं। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले 11 दिवसीय विशेष अनुष्ठान में जुटे पीएम मोदी ने रामेश्वरम में कई नदियों के तीर्थ से लाए गए जल से स्नान किया। उन्होंने रामेश्वरम के समुद्र में पवित्र डुबकी लगाने के बाद श्री अरुल्मिगु रामनाथस्वामी मंदिर में दर्शन-पूजन भी किया। प्रधानमंत्री ने समुद्र में पवित्र स्नान के बाद गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के पवित्र और तीर्थ के जल से भी विशेष स्नान किया।

### रामनाथस्वामी ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने पहुंचे पीएम मोदी

स्नान के बाद प्रधानमंत्री रामेश्वरम के रामनाथस्वामी मंदिर में विशेष पूजा भी की। इस मंदिर में पूजे जाने वाले मुख्य देवता श्री रामनाथस्वामी हैं, जिन्हें भगवान शिव का एक रूप माना जाता है। श्रद्धालुओं की ऐसी मान्यता है कि इस मंदिर में जिस मुख्य शिवलिंग की पूजा होती है, इसकी स्थापना और पूजा खुद भगवान श्रीराम और माता सीता ने की थी। रामेश्वरम को 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक गिना जाता है। इसे हिंदू धर्म के चार धामों में से एक माना जाता है। इसके अलावा बद्रीनाथ, द्वारका और जगन्नाथ पुरी को भी चार धाम में गिना जाता है।



### प्रधानमंत्री को देख रामेश्वरम की जनता उत्साहित

इससे पहले रामेश्वरम पहुंचे पीएम मोदी ने रोड शो किया। प्रधानमंत्री के स्वागत में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग सड़कों के किनारे जमा हुए। पीएम का स्वागत-अभिनंदन करते हुए पार्टी समर्थकों ने जमकर फूल बरसाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक पीएम मोदी दोपहर करीब दो बजे रामेश्वरम पहुंचे। रामेश्वरम दौरे पर प्रधानमंत्री के इस रोड शो से पहले स्थानीय जनता खासा उत्साहित दिखी।

### पीएम के आगमन पर तिरुचिरापल्ली की जनता का उत्साह

तिरुचिरापल्ली में पहुंचे पीएम मोदी को अपने बीच पाकर स्थानीय जनता काफी खुश दिखी। पीएम मोदी ने हाथ जोड़कर जनता का अभिवादन स्वीकार किया। पीएम मोदी की एक झलक पाने को युवाओं के अलावा बुजुर्गों और महिलाओं में भी उत्साह का माहौल दिखा।

### रामेश्वरम में विशेष रामायण पाठ

पीएम मोदी ने रामेश्वरम के इस मंदिर में श्री रामायण पारायण कार्यक्रम में भी भाग लिया। इसमें आठ अलग-अलग पारंपरिक मंडलियों ने संस्कृत, अवधी, कश्मीरी, गुरुमुखी, असमिया, बंगाली, मैथिली और गुजराती भाषा की रामकथा का पाठ किया। पूरी रामकथा में लंकापति रावण के साथ युद्ध के बाद श्रीराम की अयोध्या वापसी के प्रसंग का वर्णन किया जा रहा है।

### क्यों खास है रंगनाथस्वामी मंदिर

त्रिची के श्रीरंगम में बना श्री रंगनाथस्वामी मंदिर, देश के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। माना जाता है कि रंगनाथस्वामी मंदिर का निर्माण विजयनगर काल (1336-1565) के दौरान किया गया था। इस मंदिर का उल्लेख पुराणों समेत कई प्राचीन ग्रंथों में मिलता है। यह अपनी स्थापत्य कला और गोपुरम के लिए मशहूर है। यहां पूजे जाने वाले मुख्य देवता श्री रंगनाथ स्वामी हैं, जो भगवान विष्णु का लेटा हुआ रूप हैं। तमिल कवि कंबन ने यहां पहली बार कम्ब रामायणम को सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत किया था।

### पीएम मोदी का 21 जनवरी का शेड्यूल

21 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी धनुषकोडि के कोदंडारामस्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। इसके बाद वे धनुषकोडी के पास अरिचल मुनाई भी जाएंगे, जिसके बारे में कहा जाता है कि यहीं पर राम सेतु का निर्माण हुआ था। यह मंदिर, श्री कोदंडाराम स्वामी को समर्पित है। कोदंडारामा नाम का अर्थ धनुषधारी राम है। ऐसा कहा जाता है कि यहीं पर विभीषण पहली बार श्री राम से मिले थे और उनसे शरण मांगी थी। कुछ किवदंतियां यह भी कहती हैं कि यही वह जगह है जहां श्री राम ने विभीषण का राज्याभिषेक किया था।

# दमिश्क में इमारत पर इस्राइल का मिसाइल हमला, ईरान से जुड़े नेताओं की चल रही थी बैठक, पांच की मौत



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। दमिश्क**

गाजा में हमास के साथ जंग के अलावा इस्राइल कई मोर्चों पर संघर्ष कर रहा है। एक ओर जहां हिजबुल्लाह लेबनान की ओर से उसके उत्तरी हिस्से को निशाना बना रहा है। वहीं दूसरी ओर, लाल सागर में हूती विद्रोहियों के व्यापारिक जहाजों पर हमले जारी हैं। इस बीच, इस्राइली बलों ने सीरिया में एक इमारत पर हमला किया है। इस इमारत में कथित तौर पर ईरान से जुड़े नेताओं की बैठक हो रही थी। हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत की खबर है।

### 'चार मंजिला आवासीय इमारत को बनाया निशाना'

सीरिया में मानवाधिकारों की निगरानी करने वाले एक समूह ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया, सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक इस्राइली मिसाइल से चार मंजिला इमारत को निशाना बनाया गया है। जिसमें पांच लोग मारे गए हैं। इमारत में ईरान से जुड़े नेताओं की बैठक चल रही थी। समूह ने सीरिया के अंदरूनी सूत्रों के हवाले से कहा कि जहां इमारत को निशाना बनाया गया है, वह उच्च सुरक्षा वाला इलाका है। यह ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड और ईरान समर्थक फलस्तीनी गुटों के नेताओं का गढ़ है। मानवाधिकार समूह के निदेशक रामी अब्देल ने बताया कि उन्होंने (इस्राइल) निश्चित रूप से ईरान समर्थित समूहों के वरिष्ठ नेताओं को निशाना बनाया है।

### पूरी तरह से नष्ट हुई इमारत

समाचार एजेंसी सना ने बताया कि इस्राइल ने दमिश्क के मजेह इलाके में आवासीय इमारत को निशाना बनाया है। मजेह क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय, दूतावास और रेस्तरां हैं। एसोसिएटेड प्रेस ने बताया कि इस्राइली मिसाइलों ने पूरी इमारत को नष्ट कर दिया और हमले में दस लोग या तो मारे गए या घायल हो गए। सीरिया में गृह युद्ध के दौरान एक दशक तक इस्राइल ने सैकड़ों बार हवाई हमले किए हैं। जिनमें ज्यादातर हमले ईरान समर्थित बलों को निशाना बनाकर किए गए थे।

### पिछले साल शुरू हुआ था इस्राइल-हमास युद्ध

इस्राइल और हमास के बीच बीते साल सात अक्तूबर युद्ध शुरू हुआ था। इस्राइली हमलों में 20 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। हमास ने पिछले साल अक्तूबर में एक साथ दक्षिण इस्राइल से हमले की शुरुआत की थी। आतंकवादी समूह ने एक साथ सैकड़ों मिसाइल दागी थीं। इन हमलों में 1200 से ज्यादा इस्राइली नागरिक मारे गए थे |जबकि, सैकड़ों लोगों को बंधक बना लिया गया था। इन बंधक बनाए गए लोगों में आधे से ज्यादा अभी भी हमास के कब्जे में हैं।

## सीट बंटवारे पर कांग्रेस-टीएमसी में रार, कुणाल ने लगाए आरोप तो अधीर बोले, मुझे फर्क नहीं पड़ता

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पश्चिम बंगाल में सभी 42 सीटों से चुनाव लड़ने की घोषणा की। टीएमसी के इस एलान के बाद बंगाल में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने प्रतिक्रिया दी है। अधीर रंजन ने कहा, मुझे इससे बिलकुल भी फर्क नहीं पड़ता है। हमारे नेता पहले ही इसपर बात कर चुके हैं। मैं यहां केवल चुनाव लड़ने और जीतने आया हूं। हमें केवल चुनाव लड़ना और जीतना आता है। कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर टीएमसी राज्य महासचिव कुणाल घोष ने कहा, कांग्रेस की राज्य इकाई यहां टीएमसी पर हमला कर रही है और भाजपा को ऑक्सीजन दे रही है। यह काम नहीं करने वाला है। हम सभी 42 सीटों पर लड़ने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस को जमीनी हकीकत के आधार पर सीट बंटवारे को लेकर बात करनी चाहिए।

# इतिहास बनाने को तैयार तीनों सेनाओं की महिला टुकड़ी, कैप्टन संध्या करेंगी नेतृत्व

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



गणतंत्र दिवस की परेड में पहली बार थलसेना, नौसेना और वायुसेना की एक महिला टुकड़ी कर्तव्यपथ पर कदमताल करत नजर आएगी। इस बार परेड महिलाओं पर केंद्रित होगी। जिसकी थीम विकसित भारत और भारत-लोकतंत्र मातृका होगी। जिसका आगाज सौ महिला कलाकार शंख, नगाड़ा और अन्य पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ करेंगी। इस महिला टुकड़ी का नेतृत्व छब्बीस वर्षीय कैप्टन संध्या करेंगी। एक अभ्यास सत्र के बाद बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, यह अवसर पाकर मैं खुद को भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। यह मेरे और साथ ही टीम के प्रत्येक सदस्य के लिए गर्व का क्षण है। महिला सैनिकों का दल दिसंबर की शुरुआत से दिल्ली में है। उससे पहले उन्होंने अपने-अपने स्थानों पर दो महीने तक अभ्यास किया। कैप्टन संध्या ने बताया, तीनों सेनाओं के अभ्यास और प्रक्रियाओं में अंतर है। इसके बावजूद इस दल ने एक लक्ष्य के साथ एक इकाई के रूप में प्रशिक्षण लिया। कैप्टन संध्या सा 2017 के गणतंत्र दिवस परेड में पहले एनसीसी कैडेट के रूप में भाग ले चुकी हैं। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य यह है कि हम हर कदम पर नारी शक्ति को अपना सर्वश्रेष्ठ दें। कैप्टन संध्या ने बताया कि नौसेना और वायुसेना से आने वाली महिला सैनिकों को शुरू में यह काम थोड़ा चुनौतीपूर्ण लगा, क्योंकि तीनों सेनाओं में अभ्यास और प्रक्रियाएं अलग-अलग हैं। उन्होंने बताया, पहला अंतर सलामी के साथ आता है। वायुसेना में नौसेना और थल सेना की तुलना में हाथ का कोण अलग होता है। इसी तरह तलवार का कोण भी अलग होता है। कैप्टन संध्या ने बताया, लेकिन हम सभी ने अच्छे से अभ्यास किया है और हम 23 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल के लिए तैयार हैं।

# लालू परिवार पर ईडी का शिकंजा, करीबी राजद विधायक को सीबीआई का समन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भोजपुर**

बिहार में इन दिनों मचे सियासी घमासान के बीच भोजपुर जिले के आरा से एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बेहद करीबी नेताओं में से एक आरजेडी के संदेश विधायक किरण देवी के आवास पर शनिवार को सीबीआई की टीम पहुंची। इस दौरान सीबीआई की टीम ने राजद विधायक किरण देवी और उनके पति पूर्व विधायक अरुण यादव के खिलाफ समन जारी कर नोटिस थमाया है।

### आवास पर विधायक और उनके पति नहीं मिले

सूत्रों के मुताबिक, माना जा रहा है कि बालू से कमाई अकूत संपत्ति के मामले में सीबीआई की पांच सदस्यीय टीम दिल्ली से आरा पहुंची है। जहां सीबीआई ने राजद विधायक किरण देवी और उनके परिवार से पूछताछ के सिलसिले में समन का यह नोटिस दिया है। हालांकि कहा यह भी जा रहा है कि जिस समय सीबीआई की टीम राजद विधायक किरण देवी के आरा स्थित अगिआंव बाजार आवास पर पहुंची, तब वहां न ही विधायक किरण देवी मौजूद थी और न ही उनके पति पूर्व विधायक अरुण यादव।

### लालू परिवार के बेहद करीबी हैं किरण और उनके पति

राजद विधायक किरण देवी और उनके पति अरुण कुमार यादव लालू प्रसाद यादव के परिवार के बेहद करीबी नेताओं में से एक हैं। हाल-फिलहाल में अरुण यादव के पिता के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए राजद प्रमुख लालू यादव और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी पहुंचे थे। बहरहाल, सीबीआई के द्वारा राजद विधायक किरण देवी के आवास पर समन लेकर पहुंचने के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है और लोग तरह-तरह की बातें भी कर रहे हैं।

### सीबीआई ने पहले भी की थी छापेमारी

गौरतलब है कि राजद विधायक किरण देवी के आवास पर सीबीआई की टीम दूसरी बार पहुंची है। इससे पहले 16 मई 2023 को राजद विधायक किरण देवी और उनके पति पूर्व विधायक अरुण यादव के आवास सहित कई ठिकानों पर सीबीआई छापेमारी करने के लिए पहुंची थी। राजद विधायक किरण देवी के पति बालू के एक बड़े कारोबारी मानें जाते हैं। उनका व्यवसाय आरा से लेकर पटना तक फैला हुआ है। विधायक किरण देवी के पति अरुण यादव संदेश विधानसभा से पूर्व विधायक रह चुके हैं। उन पर एक गंभीर मामला दर्ज हुआ था और उस दौरान अरुण यादव जेल भी गए थे। उस दरमियान अरुण यादव ने अपनी पत्नी किरण देवी को संदेश विधानसभा से बतौर राजद की टिकट पर चुनाव लड़वाया था और उस चुनाव में उनकी जीत हुई। फिलहाल किरण देवी संदेश विधानसभा से राजद की विधायक हैं, जबकि राजद के पूर्व विधायक अरुण यादव पर लगे गंभीर आरोप को न्यायालय ने क्लीन चिट दे दी है।

## 730 दिन में नक्सलियों को खत्म करने का प्लान 'हंटर'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

झारखंड और बिहार के नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित होने के बाद अब अगला नंबर छत्तीसगढ़ का है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का प्लान है कि अगले 730 दिन में नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म हो जाए। शाह के प्लान पर सुरक्षा बलों ने काम शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ की लगभग 40 कंपनियां पहुंच रही हैं। इस बड़े ऑपरेशन के बाद छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले हर इलाके तक सुरक्षा बलों की पहुंच होगी। पिछले दिनों में सुकमा के ऐसे इलाके, जिनकी पहचान नक्सलियों के बटालियन मुख्यालय के तौर पर होती रही है, वहां पर सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने कैंप स्थापित कर लिया है। सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने नया कैंप सुकमा बीजापुर जिले की सीमा पर दुलेड़ व मेटागुड़ा के बीच में स्थापित किया गया है। इस साल नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 44 नए सिक्योरिटी कैंप स्थापित होंगे।

# झील किनारे मनोरंजन केंद्र चलाने वाली फर्म का ठेका रद्द

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

गुजरात के वडोदरा नगर निकाय ने एक झील के किनारे मनोरंजन केंद्र का संचालन करने वाली फर्म का अनुबंध रद्द कर दिया है। बता दें कि यह वही झील है, जिसमें कुछ दिन पहले एक नाव पलट गई थी। इस हादसे में दो शिक्षक और 12 छात्रों की मौत हो गई थी। गुरुवार को हरनी क्षेत्र के मोटनाथ झील में शिक्षकों और छात्रों को पिकनिक पर ले जा रही नाव पलट गई। जांच में पता चला कि नाव में क्षमता से अधिक लोग सवार थे और पर्याप्त सुरक्षा जैकेट भी नहीं था। इस हादसे के बाद एक ठेकेदार के प्रबंधक को गिरफ्तार किया गया था। वडोदरा नगर निकाय (वीएमसी) ने झील किनारे मनोरंजन केंद्र चलाने वाली फर्म कोटिया प्रोजेक्ट का अनुबंध रद्द कर दिया है। नगर निकाय की स्थाई समिति की अध्यक्ष शीतल मिस्त्री ने कहा, इस मनोरंजन केंद्र को पीपीपी मॉडल के तहत विकसित किया गया था। इसके लिए फर्म वीएमसी को सलाना 3,01,111रुपये का भुगतान करता था। शर्तों के उल्लंघन के कारण नगर आयुक्त ने फर्म का अनुबंध रद्द कर दिया। परिसर को सील कर दिया गया है। लीज अवधि केवल 30 साल के लिए थी। मोटनाथ झील 55,164 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। कोटिया प्रोजेक्ट्स को 2017 में वडोदरा नगर निगम (वीएमसी) ने मनोरंजन केंद्र, हरनी लेक जोन के संचालन और रखरखाव का ठेका दिया था। प्रस्ताव में पैडल, मशीनीकृत नाव, 42 वर्ग मीटर का घाट, लाइफगार्ड और सुरक्षा जहाज रखना शामिल था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)